दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — लोकल टूरिज्म को बढ़ावा देने वाटर...
4 अभिव्यक्ति — क्या एनडीए में बिखराव होगा?...
9 मनोरंजन/खेल — नेपोटिज्म की वजह से फिल्म से बाहर कर दी...
11 व्यापार — वित्तीय कंपनियों में लिवाली से 500 अंक...

www.navpradesh.com
रायपुर, गुरुवार 2 जुलाई 2020, आषाण शुक्ल पक्ष-द्वादशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-142 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

पाकिस्तानी पीएम इमरान खान दुनिया के सबसे झूठे और मक्कार प्रधानमंत्री के रूप में नोबल पुरस्कार के हकदार बन गए हैं। उनका कड़ा मुकाबला चीनी राष्ट्रपति शी जीन पिंग से चल रहा है। दोनों ही बहुत बड़े वाले दोगले हैं। इमरान खान ने कराची स्टॉक एक्सचेंज में आतंकी हमले को भारत की साजिश करार दिया है। कहते है न कि चोरों को सारे चोर ही नजर आते है। उसी तरह कायरों को सब कायर नजर आते है। मियां इमरान से भारतीय शेर ऐसी कायराना हरकत नहीं करते, डंके की चोट पर बुरे के घर में घुस कर दुश्मन को चीर देते हैं।

ब्रह्मांड की उत्पत्ति के रहस्यों को सुलझाएगा छग के चंद्रा का शोध

दिया ब्लैक होल के तापमान के सही निर्धारण के सिद्धांत का प्रस्ताव, कपिल चंद्रा के एक शोध पत्र का प्रकाशन हुआ है यूएसए के जर्नल में

नीरज उईके

कोण्डागांव। दुनियाभर के वैज्ञानिक ब्रह्मांड की उत्पत्ति संबंधी रहस्सों को सुलझाने में लगे हुए हैं। अब इन रहस्यों को सुलझाने में छत्तीसगढ़ के एक पुलिस अधिकारी का किया शोध भी काम आएगा। ये शोध कोंडागांव जिले में बतौर एसडीओपी अपनी सेवा दे चुके कपिल चंद्रा ने किया है। उनके शोध पत्र का प्रकाशन यूएसए यानी अमेरिका के जर्नल में किया गया है। अपने शोध में कपिल चंद्रा ने बताया है कि अब तक ब्लैक होल के तापमान का गलत अनुमान किया जा रहा था। क्योंकि ये अनुमान कुछ अपूर्ण अवधारणाओं पर आधारित था। अतः सैद्धांतिक रूप से इसमें सुधार का प्रस्ताव किया गया है, जिससे सही तापमान का अनुमान लगाना सम्भव होगा। कपिल चंद्रा का बीते दिनों कोंडागांव से रायपुर तबादला हो चुका है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कपिल की रिसर्च का ऐसे होगा लाभ

यह रिसर्च इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह प्रयोगशाला में ब्लैक होल निर्माण करने में सहयोग करेगा व साथ ही ब्रह्मांड के निर्माण सम्बन्धी गूढ़ रहस्यों को भी सुलझाएगा। कपिल चंद्रा अपने कुशल शासकीय कार्य संचालन के साथ ही ब्रह्मांड विज्ञान के क्षेत्र में भी लगातार शोध करते रहे हैं।

जापान से मिला था आमंत्रण, लॉकडाउन के कारण नहीं जा पाए

छत्तीसगढ़ के कपिल चंद्रा को जापान की यूनिवर्सिटी ऑफ टोक्यो से भी ब्रह्मांड विज्ञान पर आयोजित तीन दिवसीय वर्कशॉप में स्पीच देने के लिए बुलाया गया था। यूनिवर्सिटी में 'न्यू डायरेक्शंस इन कॉस्मोलॉजी' विषय पर आयोजित कार्यशाला 24 से 27 मार्च के बीच आयोजित की गई थी। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मंत्री सिंहदेव के बयान के बाद गर्माई सियासत के बीच सीएम का फैसला

सरकार का पक्ष सिर्फ मंत्री चौबे और अकबर ही रखेंगे

■ राज्य शासन के यही दो मंत्री होंगे अधिकृत प्रवक्ता

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। सूबे की सियासत को बेहतर ढंग से संचालित करने की कोशिश में लगे सूबा-ऐ-सदर भूपेश बघेल ने बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने राज्य सरकार की तरफ से सभी सियासी फैसलों पर बोलने के लिए दो मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी है। सीएम बघेल के निर्देश पर वरिष्ठ मंत्री रविंद्र चौबे और मंत्री मोहम्मद अकबर ही अधिकृत बयान देंगे। यानी अब ये दोनों ही सरकार के अधिकृत प्रवक्ता होंगे। यह फरमान कैबिनेट में नंबर दो की हैसियत वाले स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के अतिउत्साह में विपक्ष को चुनौती के रूप में दिए गए इस्तीफे वाले बयान के बाद सरकार की तरफ से जारी हुआ है। वैसे बिना किसी ऐलान के कैबिनेट की बैठक या मंत्री मंडल में लिए गए फैसलों पर मीडिया को बयान उक्त दोनों मंत्री (मो. अकबर व चौबे) ही देते थे। ऐसे में ■ शेष पृष्ठ 8 पर



टीवी डिबेट में सिंहदेव ने दी थी चुनौती

मंगलवार को एक निजी चैनल में धान बोनस व जनघोषणा पत्र के वायदे पर नेताप्रतिपक्ष ने मंत्री सिंहदेव को इतना जोश दिला दिया था कि वे चौंकाने वाला बयान दे गए। दरअसल बहस के दौरान नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने मंत्री सिंहदेव के बयान पर कहा था कि सरकार ने किसानों को धान का बोनस भी अब तक नहीं दिया। इस चार किश्तों में बांट दिया। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सीएम के फैसले के मायने

अचानक ही राज्य सरकार के दो मंत्रियों को अधिकृत करने के फैसले पर बातें होने लगी हैं। जबकि विशेषज्ञों की मानें तो मुख्यमंत्री बघेल की तरफ से दो मंत्रियों को सरकार का अधिकृत प्रवक्ता नियुक्ति करने के पीछे का उद्देश्य यही है कि सरकार की तरफ से दी जाने वाली जानकारियों में विविधता ना रहे और जनता के बीच किसी भी विषय पर स्पष्ट जानकारी पहुंचे।

रमन बोले सियासी नौटंकी का यही हश्र है

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने सिंहदेव द्वारा इस्तीफे की चुनौती वाले बयान को भुनाते हुए सरकार पर निशाना साधा था। वे इसे कांग्रेस में चल रहा असंतोष बताने से भी नहीं चूके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की दगाबाजी, वादाखिलाफी और सियासी नौटंकियों का तो एक-न-एक दिन यही हश्र होना था। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार जिन मुद्दों पर प्रदेश सरकार की आलोचना कर रही है, सिंहदेव के इस्तीफे की पेशकश से उस पर मुहर लग रही है। उन्होंने यह भी कहा था जिनमें नैतिकता है वे बोल रहे हैं।

सीएम के पक्ष में उतरे सिंहदेव, अर्नब को घेरा

इस्तीफे की चुनौती को लेकर उपजे सियासी ड्रामे के बीच मंत्री सिंहदेव मुख्यमंत्री का पक्ष लेते भी नजर आए और पत्रकार अर्नब गोस्वामी की निंदा की। सिंहदेव ने ट्वीट में लिखा- 'मेरी नजर अर्नब गोस्वामी की उस क्लिप पर गई है, जिसमें अर्नब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बारे में अनुचित बाते कह रहे हैं। यह छद्म पत्रकार शालीनता व शिष्टता के सभी भावों को खो चुका है। श्री भूपेश बघेल एक व्यक्ति ही नहीं ■ शेष पृष्ठ 8 पर

एलएसी पर चीन के 20 हजार से ज्यादा सैनिक

शिनजियांग में तीसरे डिविजन से भारत सतर्क, बढ़ाई चौकसी

नई दिल्ली/ए.। चीन की सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने पूर्वी लद्दाख सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर करीब 20 से ज्यादा सैनिकों की तैनाती की है। हालांकि भारत उनमें से 10 से 12 हजार चीनी सैनिकों की गतिविधियों पर करीबी नजर रख हुए है। इन 10-12 हजार चीनी सैनिकों ने बीजिंग ने तेज गति वाले वाहन और हथियारों के साथ शिनजियांग में महत्वपूर्ण ठिकानों पर लगा रखा है। यह सैनिक भारतीय मोर्चे पर 48 घंटे के अंदर पहुंचने में सक्षम है। शीर्ष सरकारी सूत्रों ने बताया कि चीनी सेना ने पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर सैनिकों के दो डिविजन (करीब 20 हजार) को तैनात कर रखा है। इसके अलावा, अन्य डिविजन (10 हजार सैनिक) को उसने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

हथियारों में भी कमी नहीं

सूत्रों ने बताया कि एक तरफ जहां भारत और चीन कूटनीतिक और सैन्य स्तर पर पिछले छह हफ्ते से बात करते आ रहे हैं तो वहीं मोर्चे पर चीन की तरफ से न ही सैनिकों की संख्या में कोई कटौती की गई है और न हथियारों में। सूत्रों ने बताया कि चीन अमूमन अपने दो डिविजन को तिब्बत क्षेत्र में लगाकर रखता है लेकिन इस समय उसने दो अतिरिक्त डिविजन को लगा दिया है।

भारत ने की ये तैयारी

सूत्रों ने बताया कि भारत ने भी ठिकानों पर चौकसी कड़ी कर दी है और पूर्वी लद्दाख सेक्टर में कम से कम दो डिजविन को बढ़ा दिया है। इसमें एक रिजर्व माउंटेन डिविजन है, जो हर साल पूर्वी लद्दाख इलाके में युद्धाभ्यास (वॉरगेम) करते हैं। डीबीओ सेक्टर के करीब तैनात बख्तरबंद ब्रिगेड के अलावा वायु सेना द्वारा टैंक और बीएमपी -2 लड़ाकू वाहनों को भी वायु सेना की तरफसे ले जाया गया है।

मंगलवार भारत और चीन के बीच कॉर्प्स कमांडर-स्तर की तीसरे दौर की बैठक 12 घंटे तक चली और रात के 11 बजे खत्म हुई। न्यूज एजेंसी एएनआई को भारतीय सेना के सूत्रों को यह जानकारी मिली है। बैठक में भारत ने फिंगर 4 से फिंगर 8 तक के क्षेत्र से चीन को तत्काल पीछे हटने को कहा है। हालांकि सेना की तरफसे इस के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

अच्छी खबर

महारानी विक्टोरिया के ताज की तर्ज पर नजर आएगी महाकौशल कला वीथिका

रायपुर। राजधानी के घड़ी चौक के समीप मौजूद लगभग 150 साल पुरानी महाकौशल कला वीथिका गैलरी की इमारत को रायपुर स्मार्ट सिटी लि. संजो रहा है। 28 लाख रुपये की लागत से कायाकल्प हो रही इस इमारत का काम माह भर पूर्ण होगा। शहर की धरोहर को संवारने महापौर श्री एजाज ढेबर की पहल पर गत जून माह से इमारत के सौंदर्यीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया है। रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के प्रबंध संचालक सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में इस पुरानी इमारत का कायाकल्प कर पेंटिंग और लाइटिंग के जरिए आकर्षक बनाया जा रहा है। प्राचीन इमारत की आवश्यक मरम्मत भी की जा रही है। स्मार्ट सिटी के जी.एम. तकनीकी एस.के. सुंदरानी ने इस संबंध में बताया की यहां कलाकारों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोरोना अपडेट

देश	टोटल केस	मौत
भारत	6,03,990	17,822
अमेरिका	2,745,716	130,356
ब्राजील	1,426,913	60,194
ब्रिटेन	313,483	43,906
इटली	240,760	34,788
फ्रांस	164,801	29,843
स्पेन	296,351	28,355
मैक्सिको	226,089	27,769
ईरान	230,211	10,958
बेल्जियम	61,509	9,754

शेयर बाजार

सेंसेक्स- 35414.45
निफ्टी- 10430.05
गोल्ड- 48545 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 49800 (1 कि ग्रा.)

कोरोना : पीएचक्यू के 9 कर्मी समेत रायपुर में 31 नए मरीज

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। रायपुर जिले में बुधवार को एक बार फिर डबल डिजिट में कोरोना संक्रमित मिले हैं। रायपुर जिले में कुल 31 नए मरीज मिले हैं। इनमें पुलिस हेडक्वार्टर के 9 पुलिसकर्मी ही शामिल हैं। जिसके चलते अब डीजीपी अवस्थी समेत तीन अफसरों को क्वारंटाइन होना होगा। संक्रमित मिले पुलिस कर्मियों में 8 पुलिस मुख्यालय के नक्सल शाखा के कर्मचारी हैं। इनमें पुलिस मुख्यालय की एक एडीजी के दो ड्राइवर हैं। वहीं पुलिस हाउसिंग बोर्ड के 6 कर्मचारी हैं। जबकि एक एसआईबी का कर्मचारी है। पुलिस कर्मियों के पॉजिटिव पाए जाने से महकमे में हड़कंप है। अब डीजीपी दुर्गेश ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ **डीजीपी समेत तीन पुलिस अफसरों को होना होगा क्वारंटाइन**

कुल 81 नए मरीज, 53 डिस्चार्ज, 1 की मौत

प्रदेश में बुधवार को कोरोना के कुल 81 नए मामले सामने आए हैं। इनमें रायपुर के 31 के अलावा, राजनांदगांव के 18, दंतेवाड़ा के 8, बालोद के 5, कवर्धा, कोरिया के 4-4, बिलासपुर-कांकेर के 3-3, बलौदाबाजार के 2 तथा नारायणपुर, बीजापुर तथा मुंगेली के 1-1 मरीज हैं। प्रदेश में अब कोरोना के एक्टिव केस बढ़कर 623 हो गए है। जबकि मंगलवार की देर रात को एम्स में एक कोरोना संक्रमित की मौत भी हो गई।

केंद्र ने प्रियंका को सरकारी आवास खाली करने को कहा

नई दिल्ली/ए.। केंद्र सरकार ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को एक महीने के भीतर दिल्ली स्थित लोधी एस्टेट वाले सरकारी आवास को खाली करने का आदेश दिया है। इससे पहले बीते वर्ष सरकार ने गांधी परिवार से स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) की सुरक्षा वापस ले ली थी। आवास खाली कराए जाने के पीछे इसी को वजह बताया गया है। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सुरक्षा कवर को रद्द करने के परिणामस्वरूप, प्रियंका गांधी सरकारी आवास की हकदार नहीं हैं। प्रियंका गांधी से एक अगस्त से पहले आवास को खाली करने के लिए कहा गया है। जारी आदेश के अनुसार, 'एसपीजी सुरक्षा वापस लेने और जेड प्लस सुरक्षा प्रदान किए जाने के आधार पर, आपके लिए किसी भी सरकारी आवास के आवंटन का प्रावधान नहीं है। ऐसे में टाइप 6 बी हाउस नंबर 35, लोधी एस्टेट का आवंटन रद्द किया जाता है।' अगर वह अगले महीने में आवास खाली नहीं करती हैं तो फिर उन्हें नियमों के मुताबिक किराया अथवा क्षतिपूर्ति का भुगतान करना होगा।

सोपोर में आतंकी हमला, जवान शहीद, एक नागरिक की मौत

श्रीनगर/ए. जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के सोपोर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के गश्ती दल पर बुधवार को आतंकवादी हमले में एक जवान शहीद हो गया और एक नागरिक की मौत हो गयी तथा तीन अन्य सुरक्षा कर्मी घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बारामूला में सोपोर के मॉडल टाउन में सीआरपीएफ के एक गश्ती दल पर आतंकवादियों ने गोलीबारी की, जिसमें चार जवान और एक नागरिक घायल हो गया। घायलों को तुरंत एक अस्पताल में ले जाया गया, जहां एक जवान और एक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जान पर खेल जवानों ने बचाया मासूम को

इस घटना से जुड़ी एक ऐसी तस्वीर सामने आई जिसने सभी को रुला दिया। जो नागरिक हमले में मारा गया, वह अपने तीन साल के नाती के साथ दूध खरीदने निकला था। इसी दौरान हुए आतंकी हमले में उसकी मौत हो गई। अबोध बच्चे को ये भी नहीं पता था कि उसके नाना की जान चली गई है। बच्चा अपने नाना के शव के ऊपर काफी देर तक बैठा रहा। इसी दौरान जवानों की नजर उस बच्चे पर पड़ी। आनन-फानन में जवानों ने बच्चे ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

सख्ती › गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत केंद्रीय गृह मंत्रालय ने की कार्रवाई

वाधवा सिंह समेत 9 लोग देश में आतंकी घोषित

नई दिल्ली/ए.। गृह मंत्रालय ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल के नेता वाधवा सिंह समेत 9 लोगों को आतंकवादी घोषित कर दिया। मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी एक बयान के मुताबिक, पाकिस्तान के एक आतंकवादी संगठन के चीफ लखबीर सिंह को भी आतंकियों की लिस्ट में डाला गया है। इन 9 लोगों को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए ऐक्ट, 1967) के तहत आतंकवादी घोषित किया गया है। पिछले साल सितंबर में इसे लागू कर केंद्र सरकार ने चार लोगों को आतंकवादी घोषित किया था जिसमें मौलाना मसूद अजहर, हाफिज सईद, जकी-उर-रहमान लखवी और दाऊद इब्राहिम शामिल थे।

इसलिए किया आतंकी घोषित

बयान के मुताबिक, सभी 9 लोग सीमा पार और विदेशी धरती से आतंकवाद से जुड़ी अलग-अलग गतिविधियों में शामिल थे। देश में अस्थिरता के उनके नापाक प्रयासों में पंजाब में उग्रवाद बढ़ाने और खालिस्तान आंदोलन में शामिल होने जैसे कृत्य शामिल थे।

इन 9 को किया आतंकवादी डिक्लियर

1. **वाधवा सिंह बब्बर:** पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन 'बब्बर खालसा इंटरनैशनल' का नेता
2. **लखबीर सिंह:** पाक स्थित एक प्रमुख आतंकवादी संगठन का ही चीफ
3. **रणजीत सिंह:** पाक के आतंकवादी संगठन 'खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स' का प्रमुख नेता
4. **परमजीत सिंह:** पाक के आतंकवादी संगठन 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' का प्रमुख
5. **भूपिंदर सिंह भिंडा:** जर्मनी के आतंकवादी संगठन 'खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स' का प्रमुख सदस्य
6. **गुरमीत सिंह बग्गा:** जर्मनी के आतंकवादी संगठन 'खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स' का प्रमुख सदस्य
7. **गुरपतवंत सिंह पन्नून:** अमेरिका के एक गैरकानूनी असोसिएशन का प्रमुख सदस्य
8. **हरदीप सिंह निज्जर:** कनाडा में 'खालिस्तान टाइगर फोर्स' का प्रमुख
9. **परमजीत सिंह:** ब्रिटेन में 'बब्बर खालसा इंटरनैशनल' का चीफ

मंत्रिमंडल का विस्तार आज होगा : शिवराज

भोपाल/ (वार्ता)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार गुरुवार को होगा। चौहान ने यहां एक कार्यक्रम के बाद मीडिया के सवालों के संक्षिप्त जवाब में कहा कि आज राज्यपाल की शपथ होगी और कल यानी गुरुवार को मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। इसी से संबंधित एक सवाल के जवाब में श्री चौहान ने कहा 'मंथन से अमृत ही निकलता और विष तो शिव पी जाते हैं।' दरअसल मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर पिछले पांच छह दिनों से कवायद चल रही है और मुख्यमंत्री चौहान स्वयं भी दिल्ली में सभी वरिष्ठ भाजपा नेताओं से मिलकर आए हैं। मंत्रिमंडल विस्तार में जहां कुछ समय पहले भाजपा में आए ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थकों का ध्यान रखा जा रहा है, वहीं माना जा रहा है कि इस बार नए चेहरों को भी काफी तवज्जो मिलेगी।

जम्मू-कश्मीर में कुछ स्थलों का फायदा उठा रहे आतंकी, एक महीने में दूसरी वारदात

नई दिल्ली ए.। जम्मू कश्मीर में आतंकी अब हमले के लिए कुछ स्थलों का सहारा ले रहे हैं। एक महीने में दूसरी बार ऐसी घटना देखने को मिली है जहां स्थलों से छिपकर आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर हमला बोला है। आज भी आतंकियों ने सोपोर में मस्जिद का सहारा लेकर सीआरपीएफ पार्टी फायरिंग की। इस फायरिंग में एक जवान और एक नागरिक की मौत हो गई है।

स्थलों में छिपे आतंकियों के फायरिंग में तीन जवान घायल भी हुए हैं। जम्मू कश्मीर के आईजी विजय कुमार ने बताया कि जिस नागरिक की मौत हुई है वो गाड़ी में अपने बच्चे को लेकर जा रहे थे, घबराहट में वो अपने गाड़ी से निकलकर बच्चे को लेकर भागने लगे इसी दौरान उन्हें भी गोली लग गई और उनकी मूत्यु हो गई। 2019 में (जनवरी-जून) में लगभग 129 नए युवा मिलिट्री में शामिल हुए हैं। इस साल 6 महीने में 67 ज्वाइन

किया। इस 67 में से 24 मुठभेड़ में मारे गए,12 गिरफ्तार हो गए और बाकी फील्ड में हैं। विजय कुमार ने कहा कि पिछले एक महीने में दो ऐसी घटना घटी है जिसमें आतंकवादियों ने हमारे स्थलों का गलत फायदा उठाया है। मैं स्थल कमेटी से अनुरोध करता हूं कि आतंकवादियों को धार्मिक स्थलों का उपयोग न करने दें। दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास बुधवार को घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए एक पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि राजौरी के केरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा से 400 मीटर अंदर आ चुके एक समूह को सैनिकों ने सुबह करीब पांच बजकर 55 मिनट पर रोका, जिसके बाद वहां गोलीबारी शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया। उसके पास से एक ए.के 47 और दो मैगजीन बरामद हुई है।

पटना हाई कोर्ट ने बिहार में 94000 शिक्षकों की बहाली पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार से मांगा जवाब

पटना ए.। बिहार में 94000 प्राथमिक शिक्षकों की बहाली प्रक्रिया के

नियमों में बदलाव को चुनौती देने वाली याचिका की सुनावाई के दौरान हाईकोर्ट ने शिक्षक बहाली पर फिलहाल रोक लगा दी है। कोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब तलब करते हुए मामले पर अगली सुनवाई की तारीख 4 सितबंर तय की। पटना हाई कोर्ट ने प्रारम्भिक शिक्षक बहाली प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए सरकार को 4 सितंबर तक जवाबी हलफनामा दायर कर स्थिति स्पष्ट करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति डॉ अनिल कुमार उपाध्याय की एकलपीठ ने नीरज कुमार सहित 71 सीटीईटी परीक्षा पास उम्मीदवारों की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई की।

अमेरिका ने दिया चीन को बड़ा झटका

एफसीसी ने 5-0 से मतदान कर चीन की प्रौद्योगिकी कंपनी हुआवे और जेडटीई को बताया राष्ट्रीय खतरा

वाशिंगटन/नयी दिल्ली, (वार्ता)। भारत की चीन पर डिजिटल स्ट्राइक के बाद अमेरिका ने भी बड़ी कार्रवाई करते हुए चीन की कंपनियों हुआवे और जेडटीई को राष्ट्रीय खतरा बताया है और कहा है कि देश की कंपनियों को इन दोनों कंपनियों के उपकरण हटाने होंगे। कोरोना वायरस की महामारी को विश्व भर में फैलाने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन पर लगातार हमलावर हैं और इसी कड़ी में उन्होंने दोनों कंपनियों पर कार्रवाई की है।

यूएस फेडरल कम्युनिकेशन कमीशन (एफसीसी) ने मंगलवार को 5-0 से मतदान कर चीन की प्रौद्योगिकी कंपनी हुआवे और जेडटीई को राष्ट्रीय खतरा बताया है। यही नहीं ट्रंप सरकार ने अमेरिकी कंपनियों को उपकरण खरीदने के लिए मिलने वाले 8.3 अरब डॉलर के फंड को भी रोक दिया है। एफसीसी ने एक बयान में स्पष्ट शब्दों में कहा है कि दूरसंचार कंपनियों को अपने बुनियादी सुविधा ढांचे से इन दोनों चीनी कंपनियों के उपकरणों को हटाना होगा। बयान में कहा गया है कि अमेरिका, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी को अमेरिकी सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं करने देगा।

यूएस में भी उठने लगी टिकटॉक पर प्रतिबंध की मांग

वाशिंगटन। भारत में टिकटॉक समेत 59 चीनी ऐप पर प्रतिबंध की चर्चा अमेरिका में भी हो रही है और कुछ सांसद इसका समर्थन कर रहे हैं। इन सासंदों ने अमेरिकी सरकार से इस पर विचार करने की अपील की है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि छोटे छोटे वीडियो शेयर करने वाले ऐप किसी भी देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। भारत ने सोमवार को टिकटॉक, यूसी ब्राउजर समेत 59 चीनी ऐप को यह कहते हुए प्रतिबंधित कर दिया कि यह देश की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता के लिए नुकासनदेह हैं। यह प्रतिबंध लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत के, चीनी सैनिकों के साथ चल रहे गतिरोध के बीच लगाया गया है। इन प्रतिबंधित ऐप की सूची में वीचैट और बिगो लाइव भी शामिल हैं। रिपब्लिकन पार्टी के सीनेटर जॉन कॉर्निन ने द वाशिंगटन पोस्ट में छपी एक खबर को टैग करते हुए अपने ट्वीट में कहा, खूनी झड़प के बाद भारत ने टिकटॉक और दर्जनों चीनी ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया।

चीन को हांगकांग की स्वतंत्रता समाप्त नहीं करने देंगे : अमेरिका

वाशिंगटन (वार्ता)। *अमेरिका ने हांगकांग में लागू किए गए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का कड़ा विरोध करते हुए कहा है कि वह चुपचाप नहीं बैठेगा और किसी भी परिस्थिति में चीन को हांगकांग पर मनमाना कानून लागू कर उसकी स्वतंत्रता का हनन नहीं करने देगा। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा हांगकांग पर मनमाना एवं कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू करने के फैसले से हांगकांग की स्वायत्तता और स्वतंत्रता समाप्त हो जायेगी। इससे चीन की उपलब्धि भी नष्ट हो जायेगी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी वक्तव्य के मुताबिक हांगकांग ने दुनिया को दिखाया है कि स्वतंत्र चीनी लोग बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। हांगकांग दुनिया में एक सफल अर्थव्यवस्था होने के साथ ही विभिन्नताओं वाला समाज होने जैसी मिसाल भी पेश करता है। इससे पहले अमेरिका ने हांगकांग को रक्षा उपकरणों तथा संवेदनशील प्रौद्योगिकी के निर्यात पर रोक लगाने की घोषणा की है।*

अमेरिका ने चार टीकों को क्लीनिकल ट्रायल की दी मंजूरी

वाशिंगटन (स्पूतनिक)। अमेरिका ने कोरोना वायरस (कोविड-19) का टीका विकसित करने के कार्य में जुटी हुई चार टीमों को टीके के क्लीनिकल ट्रायल की मंजूरी प्रदान कर दी है। अमेरिका के खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग के प्रमुख स्टीफन हान ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्री हान ने कहा, टीका विकसित करने के कार्य में जुटी हुई चार टीमों को टीके के क्लीनिकल ट्रायल की मंजूरी प्रदान की गयी है। छह अन्य टीमें भी टीके के क्लीनिकल ट्रायल की मंजूरी मिलने की प्रतीक्षा कर रही हैं। उनके काम की समीक्षा करने के बाद ही कोई फैसला लिया जायेगा।

कोविड-19 के कारण अब कोई चुनावी रैली नहीं करेंगे बिडेन

वाशिंगटन (स्पूतनिक)। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के संभावित उम्मीदवार जो बिडेन ने कहा है कि वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) के मद्देनजर डॉक्टरों की सलाह के बाद अब वह चुनाव प्रचार के लिए कोई रैली नहीं करेंगे। श्री बिडेन ने मंगलवार को डेलावेयर प्रांत में एक कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की। उन्होंने कहा, कोविड-19 को लेकर मैं डॉक्टरों के आदेशों का पालन करने जा रहा हूं, यह केवल मेरे लिए ही नहीं बल्कि देश के लिए भी बेहतर होगा। इसका मतलब मैं अब चुनाव प्रचार के लिए कोई रैली नहीं करूंगा।

यूएस में प्रति दिन आ सकते हैं कोरोना संक्रमण के एक लाख नये मामले: फाउची

वाशिंगटन (वार्ता)। *अमेरिका के महामारी विशेषज्ञ डॉ एंथनी फाउची ने कहा है कि यदि मास्क पहनने तथा सोशल डिस्टेंसिंग जैसे अन्य नियमों का सख्ती से पालन नहीं किया गया तो अमेरिका में प्रति दिन कोरोना संक्रमण के एक लाख नये मामले सामने आ सकते हैं। अमेरिका के एलर्जी एवं संक्रामक रोगों के राष्ट्रीय संस्थान के प्रमुख डॉ फाउची ने मंगलवार को कहा, इस समय हमारे देश में प्रति दिन कोरोना वायरस संक्रमण के 40 हजार नये मामले सामने आ रहे हैं। मुझे कोई आश्चर्य नहीं होगा यदि यह संख्या एक लाख प्रति दिन तक पहुंच जाए। इसको लेकर मैं काफी चिंतित हूं।*

थाने में महिला से अश्लील हरकत करने वाला इंस्पेक्टर फरार

देवरिया ए.। उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में फरियादी महिला से अश्लील हरकत करने का आरोपी इंस्पेक्टर फरार हो गया है। भटनी थाने पर जमीनी विवाद की फरियाद लेकर पहुंची महिला से अश्लील हरकत करने वाले के खिलाफमुकदमा दर्ज होने के बाद से वह फरार हो गया। एसपी ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया है। पुलिस अब उसकी गिरफ्तारी में जुट गई है। देवरिया के भटनी थाने के एसओ भीष्म पाल सिंह यादव ने महिला के सामने ही अपने पैंट की जिप खोलकर हस्तमैथुन करने लगा था। घटना का वीडियो वायरल हुआ तो हड़कंप मच गया। महकमे की किरकिरी होते देख पीड़िता की तहरीर पर आरोपी थानेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया। भटनी थाना क्षेत्र के अमवां तिवारी गांव निवासी एक युवती अपनी मां के साथ जमीनी विवाद की फरियाद लेकर बीते 25 जून को थाने पर गई थी। पीड़िता के मुताबिक जब वह थानेदार भीष्म पाल सिंह यादव के चेंबर में पहुंची तो थानेदार के कहने पर कुर्सी पर बैठ गई। भूमि विवाद के संबंध में बात करते-करते एसओ अपने पैंट की जिप खोलकर प्राइवेट पार्ट निकाला और अश्लील इशारे करने लगा। पीड़िता के मुताबिक उसने इसका वीडियो बना लिया।

एसपी ने रखा 25 हजार का इनाम

घटना पर एसपी सख्त, लिया ऐक्शन

थानेदार द्वारा अश्लील हरकत का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। विभाग की किरकिरी होते देख एसपी डॉक्टर श्रीपति मिश्र के निर्देश पर पीड़िता की तहरीर पर इंस्पेक्टर भीष्म पाल सिंह के खिलाफभटनी थाने में धारा में 354(क)/509/166 के तहत मुकदमा दर्ज हो गया। मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी इंस्पेक्टर फरार हो गया है। एसपी डॉ श्रीपति मिश्र ने आरोपी इंस्पेक्टर भीष्म पाल सिंह यादव की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार का इनाम घोषित किया है।

सीएए के खिलाफहिंसक प्रदर्शन, रिकवरी में दुकान हो गई कुर्क

लखनऊ ए.। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और एनआरसी के खिलाफलखनऊ में हिंसक प्रदर्शनों के मामले में कार्रवाई तेज हो गई है। लखनऊ में ऐसे ही एक मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। यहां एक दुकान को कुर्क किया गया है। इससे पहले योगी सरकार ने आरोपियों के सार्वजनिक पोस्टर भी लगाए थे। 19 दिसंबर 2019 को लखनऊ में नागरिकता संशोधन कानून और एनआरसी के विरोध में हुए हिंसक प्रदर्शन हुए थे। रिकवरी के सिलसिले में तहसील सदर की ओर से बड़ी कार्रवाई सामने आई है। तहसीलदार शम्भू शरण ने बताया कि हत्र्ष्टऔर ष्ट के के खिलाफप्रदर्शन में हुई हिंसा के मामले में अपर जिलाधिकारी ट्रांस गोमती के कोर्ट से रिकवरी सर्टिफिक्रेट जारी हुआ था। इसी सिलसिले में तहसील सदर की टीम ने पक्का पुल के पास एनवाई फैशन सेंटर को सील किया है। सीलिंग की कार्रवाई के पहले बकाएदार धर्मवीर सिंह पुत्र कृपाल सिंह को नोटिस देकर बकाया धनराशि चुकाने के लिए समय दिया गया।

तेहरान : क्लीनिक में भीषण धमाका, 19 लोगों की मौत

तेहरान ए.। ईरान की राजधानी तेहरान से विस्फोट की खबर आ रही है। न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक उत्तरी तेहरान के एक क्लीनिक में हुए धमाके में 19 लोग मारे गए हैं। स्टेट टेलीविज़न ने बताया कि सीना अतहर के स्वास्थ्य केंद्र में विस्फोट से आसपास की इमारतों को नुकसान पहुंचा।

तेहरान के अग्निशमन विभाग के प्रवक्ता जलाल मालेकी ने भी न्यूज एजेंसी को बताया कि दमकलकर्मियों ने छह और लोगों को बरामद किया जिनकी लगभग दो घंटे बाद धमाके से मौत हो गई थी। मृतकों में से पंद्रह महिलाएं थीं। मालेकी ने एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि क्लिनिक के तहखाने में रखे गैस कनस्तरों में आग लगने के कारण विस्फोट हुआ। उन्होंने कहा कि पीड़ितों में से कुछ ऑपरेशन

रूम में ऊपरी मंजिलों में थे। कुछ मरीज़ों के ऑपरेशन किए जा रहे थे और कुछ उनके साथ वाले थे। आपको बता दें कि विस्फोट की यह घटना ईरान की राजधानी में एक सैन्य परिसर के पास विस्फोट के चार दिन बाद हुई है।

कोरोना के बाद चीन में सामने आया फ्लू का एक नया वायरस, ले सकता है महामारी का रूप

बीजिंग ए.। चीन का कहना है कि वह अपने देश के सूअरों में वैज्ञानिकों द्वारा पहचाने गए नए फ्लू को फैलने से रोकने के लिए हर संभव इंतजाम कर रहा है क्योंकि यह फ्लू महामारी का रूप ले सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी चीन को कड़ी निगरानी रखने और कोविड-19 की तरह महामारी का रूप लेने की क्षमता रखने वाली इस फ्लू को रोकने को कहा है।

जॉन हॉप्किंस विश्वविद्यालय के अनुसार, चीन पहला देश है जहां दिसंबर, 2019 में कोविड-19 का पहला मामला सामने आया था जो धीरे-धीरे पूरी दुनिया में फैल गया और अभी तक इस कोरोना वायरस से 10,424,992 लोग संक्रमित हुए हैं वहीं 509,706 लोग इस संक्रमण से मरे हैं। चीन में इससे अभी तक 83,531 लोग संक्रमित हुए हैं और 4,634 लोग की संक्रमण से मौत हुई

है। आधिकारिक मीडिया में मंगलवार (30 जून) को आई खबर के अनुसार, चीन के अनुसंधानकर्ता पहले ही चेतावनी जारी कर चुके हैं कि कोविड-19 महामारी के बाद सूअरों से फैलने वाला एक इंफ्लूएंजा भी महामारी का रूप ले सकता है। सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स की खबर के अनुसार, चीन के कृषि विश्वविद्यालय, चीनी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केन्द्र और अन्य प्रतिष्ठानों के वैज्ञानिकों की ओर से यह चेतावनी आई है।

इन वैज्ञानिकों ने पाया है कि जीनोटाइप 4 (जी4) सूअरों में संक्रामक है और इसके मनुष्यों में फैलने का भी डर है क्योंकि जी4 मनुष्यों की कोशिकाओं के साथ मिलने की क्षमता रखता है।

कर्नाटक: चरवाहे को कोरोना , 47 बकरियां क्वारंटीन

यह अनोखा मामला बेंगलुरु से लगभग 127 किलोमीटर दूर तुमकुरू जिले के गोडकेरे गांव का है

दो गांववाले भी कोरोना पॉजिटिव, 4 बकरियों की संदिग्ध मौत के बाद वहां गांववाले दहशत में आ गए

बेंगलुरु ए.। कर्नाटक में एक चरवाहे के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद उसकी 47 बकरियों को क्वारंटीन किया गया है। यह नायाब मामला बेंगलुरु से लगभग 127 किलोमीटर दूर तुमकुरू जिले के गोडकेरे गांव का है।

जिले के पशुपालन विभाग में एक अधिकारी ने बताया कि गौरलहट्टी तालुका में लगभग 300 घर हैं। यहां की आबादी लगभग 1000 है। यहां पर चरवाहे को मिलाकर दो गांववाले कोरोना पॉजिटिव मिल चुके हैं। इसी के साथ ही चार बकरियों की संदिग्ध मौत के बाद गांववाले दहशत में आ गए। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ बकरियों को सांस की समस्या है।

मंगलवार को जिला पशु अधिकारी गांव पहुंचे और बकरियों को गांव के बाहर क्वारंटीन करवाया। बकरियों के स्वाब की सैंपलिंग की गई। अधिकारी ने कहा कि पशुओं से एकत्र किए गए नमूनों को पशु स्वास्थ्य और एवं पशु चिकित्सा संस्थान भोपाल में भेजा गया। वहीं पशुपालन विभाग के सचिव पी मनीवन्नन ने बताया कि उनकी संज्ञान में मामला है। मृत बकरियों का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। बकरियों से सैंपल इंस्टिट्यूट ऑफ ऐनिमल हेलथ ऐंड वेटेनरी बायलॉजिकल्स (IAHVB) बेंगलुरु भेजे गए हैं।

'इंसानों से जानवरों में नहीं फैलता वायरस'

IAHVB के निदेशक डॉ. एसएम बायरेगौड़ा ने बताया कि अभी तक ऐसा कोई केस सामने नहीं आया है कि इंसानों से जानवरों में कोरोना वायरस फैला हो। फिलहाल सैंपल भोपाल भेजे गए हैं क्योंकि हमारे पास जांच किट नहीं है। UAS के GKVK में प्रफेसर डॉ. बीएल चिदानंद ने बताया कि कोरोना वायरस जैसे जूनोटिक वायरस सामान्यता जानवरों से इंसानों में फैलते हैं न कि इंसानों से जानवरों में।

सपा नेता ने खून से लिखा सीएम को खत, मिली मदद

आजमगढ़ ए.। समाजवादी पार्टी के मुखिया और आजमगढ़ जिले के सांसद अखिलेश यादव को उनके ही पार्टी के कार्यकर्ता लालजी यादव ने अपने खून से खत लिखकर बहन के इलाज के लिए मदद मांगी है। एसपी मुखिया के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ से इलाज के लिए गुहार लगाई। सीएम के सूचना सलाहकार शलभमणि त्रिपाठी ने नेता लालजी यादव से बात करके बहन का इलाज कराने के लिए जांच रिपोर्ट मांगने के साथ डॉक्टरों को भी इस प्रकरण से अवगत कराने की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी गई। समाजवादी युवजन सभा से जुड़े लालजी के बहन की किडनी खराब हो गई। इसके इलाज के लिए केजीएमयू और एसजीपीजीआई जा चुके हैं। वहां से इनकार के बाद इलाज के लिए समाजवादी पार्टी सांसद को पत्र लिखने के बाद अब सीएम योगी आदित्यनाथ को भी खत लिखा है। सोशल मीडिया पर इस खत के वायरल होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सूचना सलाहकार शलभमणि त्रिपाठी ने ट्विटर पर इलाज कराए जाने का विश्वास दिलाया है। उन्होंने लालजी यादव से फोन पर बात करके इलाज में मदद का विश्वास भी दिलाया।

न्यूज गैलरी

कंपनी में काम करते मजदूर झुलसा, इलाज के दौरान मौत

रायपुर। कंपनी में काम करते समय मजदूर के उपर गर्म मेटल गिरने से ईलाज के दौरान मौत हो गई। कंपनी प्रबंधक व सुपरवाईजर के खिलाफ मजूदरों से काम लेते समय सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान नही रख लापरवाही पूर्वक काम कराने के मामले में रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री रियल ईस्पात रावाभाठा खमतराई स्थित कंपनी में काम करते समय बीरगांव उरला निवासी श्रवण कुमार पाण्डे 33 वर्ष पिता सुभाष चंद्र पाण्डे के उपर गर्म मेटल गिर जाने से वह बुरी तरह झुलस गया। ईलाज के लिये उसे कालड़ा अस्पताल में भर्ती किया गया था 25 जून 2020 को उसकी मौत हो जाने पर पुलिस ने कंपनी प्रबंधक व सुपरवाईजर के खिलाफ बिना सुरक्षा व्यवस्था मजूदरों से काम कराने के जुर्म में अपराध दर्ज कर उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 304 ए 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

शादी का प्रलोभन देकर किया दुष्कर्म,गर्भ ठहरने पर किया शादी से इंकार

रायपुर। शादी का प्रलोभन देकर युवती को रायपुर घुमाने के बहाने होटल में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया व गर्भ ठहर जाने पर शादी से इंकार कर दिया। घटना की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज की गई है। भिलाई जिला दुर्ग निवासी युवती 22 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थिया का दोस्ती सुमित जायसवाल से होने के बाद आरोपी ने 1 जनवरी 2020 से 2 जनवरी 2020 के मध्य शादी का प्रलोभन देकर रायपुर घुमाने के बहाने ट्रांसपोर्ट नगर रावाभाठा स्थित होटल में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376,366 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

सूने मकान से 1 लाख 90 हजार की चोरी

रायपुर। सूने मकान का ताला तोड़कर सोने,चांदी के जेवरात सहित नगदी 10 हजार रुपये कुल करीब 1 लाख 90 हजार की चोरी होने की रिपोर्ट गुढ़यारी थाने में दर्ज की गई है। सुकवारी बच्चन चौक गुढ़ियारी निवासी रोहनलाल जंघेल 46 वर्ष पिता टेमूराम जंघेल ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी अपने मकान में ताला लगाकर परिवार समेत 9 जून से 18 जून 2020 के मध्य बाहर गया हुआ था जब वापस आया तो मकान में लगा ताला टूटा हुआ था व कमरे के समान इधर-उधर बिखरा पड़ा था किसी आलमारी खोलकर बैग में रखे सोने,चांदी के जेवरात सहित नगदी 10 हजार रुपये कुल करीब 1 लाख 90 हजार रुपये की चोरी कर लिया है।

लोकल टूरिज्म को बढ़ावा देने वाटर स्पोर्टस सहित विभिन्न सुविधाओं के लिए बनाएं कार्ययोजना : पर्यटन मंत्री साहू

नव प्रदेश संवाददाता

- माडमसिल्ली में वाटर स्पोर्टस और माना-तूता में बढ़ाएं पर्यटक सुविधाएं
- होटल प्रबंधन संस्थान में इसी सत्र से शुरू होगा पाठ्यक्रम
- पर्यटन मण्डल के संचालक मण्डल की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

रायपुर। छत्तीसगढ़ में लोकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के प्रमुख बांधों और वाटर बॉडी में वाटर स्पोर्ट, कैफेटेरिया सहित विभिन्न सुविधाएं विकसित की जाएगी। स्थानीय युवाओं को पर्यटन से जोड़ने के लिए भी इस सत्र से नवा रायपुर स्थित होटल मेनेजमेंट संस्थान में पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया गया। पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल के संचालक मंडल की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने बैठक में कहा कि कोरोना संकट काल में राज्य के पर्यटन स्थलों में स्थानीय पर्यटकों को आकर्षित करने की रणनित बनायी जाए। पर्यटन स्थलों में बेहतर सुविधाएं विकसित की जाए। उन्होंने कहा कि पहले चरण में धमतरी जिले के माडम सिल्ली बांध में वाटर टूरिज्म के लिए शीघ्र कार्ययोजना तैयार की जाए।

बैठक में श्री साहू ने रायपुर स्थित जोहार छत्तीसगढ़ होटल में साज सज्जा कर इसे नया रूपरूप देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस होटल के परिसर में कामर्शियल दृष्टिकोण से पर्यटन भवन का निर्माण किया जाए ताकि इसका बहुउद्देशीय उपयोग हो सके। उन्होंने अधिकारियों को इस सबंध में जल्द प्रस्तार तैयार करने भी कहा। श्री साहू ने राजधानी के निकट स्थित माना-तूता में पर्यटक सुविधाओं के विकास के लिए योजना बनाने के निर्देश दिए।

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के संचालक मंडल की बैठक में पर्यटन विकास से संबंधित कार्यों को त्वरित गति से संपन्न करने के लिए प्रदेश के सभी पर्यटन क्षेत्रों को दो या तीन जोन में विभाजित करने के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान पर्यटन से संबंधित विभिन्न हॉटल, मोटल, रिसॉर्ट के संचालन, पर्यटन की पोस्ट कोविड तैयारियों, पर्यटन के प्रचार प्रसार, वॉटर टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म, राम वन पाथ गमन के विकास कार्य सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

बैठक में पर्यटन विभाग के सचिव अन्बलगन पी., प्रबंध संचालक इफ्फत आरा, महाप्रबंधक सुनील अवस्थी सहित वाणिज्य, वित्त, परिवहन, वन, संस्कृति, रेलवे, एयरपोर्ट अर्थारिटी, इंडियन एयरलाइंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

जो व्यक्ति-संस्था कल्याणकारी कार्य करते है उसे पीढ़ियां याद रखती है : राज्यपाल

- राज्यपाल ने अग्रवाल समाज के द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय महामंत्री अशोक अग्रवाल के नेतृत्व में अग्रवाल समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। राज्यपाल ने कहा कि जो सकारात्मक सोच रखता है वह अच्छा कार्य करता है। जो व्यक्ति-संस्था कल्याणकारी कार्य करती है उसे ही पीढ़ियां याद रखती है। अग्रवाल समाज द्वारा देश सहित प्रदेश में वर्षो से अनेकों अच्छे कार्य किए जाते रहे है, जिससे कई लोग लांभान्वित हुए है। इसके लिए मैं अग्रवाल समाज को धन्यवाद देती हूं। इस अवसर पर राज्यपाल ने समाज की प्रमुख विभूतियों की चित्र वाली नेमप्लेट युक्त पोस्टर का विमोचन किया। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे नेम प्लेट से बच्चों को राष्ट्र के महापुरूषों की जानकारी मिलेगी और उन्हें देश प्रेम की प्रेरणा मिलेगी।

अग्रवाल ने बताया कि समाज के द्वारा छत्तीसगढ़ में समाज सेवा के अनेक कार्य किए जा रहे है। लॉकडाउन के दौरान उनके द्वारा करीब 36 हजार लोगों को सूखा राशन और मास्क का वितरण किया गया। समाज द्वारा निर्धन लोगों को मोहल्ला क्लिनिक के माध्यम से निःशुल्क चिकित्सा सहायता दी जाती है। साथ ही न्यूनतम दरों पर सभी चिकित्सकीय परीक्षण उपलब्ध कराएं जा रहे है। उन्होंने बताया कि समाज के द्वारा निर्धन विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के लिए स्कूल व छात्रावास भी संचालित किए जा रहे है। अग्रवाल समाज के द्वारा राज्यपाल सुश्री उइके को शॉल-श्रीफल, महाराजा अग्रसेन का दुपट्टा व माला पहनाकर आभार व्यक्त किया।

चटख धूप और उमस ने किया शहरवासियों को बेहाल

नव प्रदेश संवाददाता

इस वर्ष जून माह में होने वाली झमाझम बारिश हुई कम

रायपुर। राजधानी में इन दिनों मौसम में नियमित रूप से बारिश न होने के कारण बारिश थमते ही उमस और चिपचिपी गर्मी से लोग बेहाल हो गए हैं। वहीं मौसम विभाग ने आने वाले 48 घंटों के लिए राज्य के लिए यलो अलर्ट जारी करते हुए राज्य में एक-दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई है।

राजधानी में नियमित रूप से बारिश न होने के कारण इन दिनों वातावरण में उमस व्याप्त हो गया है। वातावरण में व्याप्त नमी और चिलचिलापी धूप निकल जाने के कारण दिन में चिपचिपी गर्मी और उमस से लोग बेहाल हो गए हैं। राजधानी में अब तक हुई झमाझम बारिश से हालांकि तापमान में गिरावट आई है, लेकिन यह काफी नहीं है। जून माह में होने वाली झमाझम बारिश इस वर्ष कम है। अब तक शहर के अधिकांश तालाब और पोखर मानसूनी बारिश से लबालब हो जाते थे। लेकिन खंडवर्षा की स्थिति बनने तथा पर्याप्त बारिश न होने के कारण इस वर्ष यह स्थिति नगण्य है। हालांकि मौसम विभाग का कहना है कि मानसून राज्य में पूरी तरह से सक्रिय है और राज्य के अन्य इलाकों में अच्छी बारिश हो रही है। रायपुर राज्य के मध्य भाग के अंतर्गत आता है। प्रदेश के मध्य भाग में अच्छी बारिश के लिए तगड़ा सिस्टम बनना जरूरी है। अभी तक मानसूनी के आगमन और राज्य के निकट बने सिस्टम की वजह से शहर में बारिश रिकार्ड की गई है। निकट भविष्य में तगड़ा सिस्टम बनते ही बारिश की गतिविधियों में समानता आने की उम्मीद है। बहरहाल शहर में अब तक पर्याप्त बारिश न होने के कारण उमस का वातावरण बना हुआ है। दूसरी ओर मौसम विभाग ने आने वाले दो दिनों के लिए राज्य में यलो अलर्ट जारी करते हुए एक-दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई है।

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के बयान पर कांग्रेस का पलटवार

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के बयान पर कांग्रेस ने तीखा जवाब दिया। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार की ओर उंगली उठाने से पहले पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को अपने बैंक खाता में आए न्याय योजना की पहली किस्त की राशि का आकलन करना चाहिए। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से 5700 करोड़ रुपए किसानों को धान की अंतर राशि चार किस्तों में मिलेगी। प्रदेश के किसानों के खाते में 1500 करोड़ की पहली किस्त जमा हुई है। लोकसभा चुनाव में मोदी के द्वारा जनता से की गई वादा को चुनावी जुमला बताने वाले भाजपा और डॉ रमन सिंह को स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव के बयान को पढ़ना चाहिए। रमन सिंह और भाजपा के नेताओं ने तो निरंतर प्रदेश और देश की जनता को गुमराह करने का काम किया है। 2013 के विधानसभा चुनाव में रमन सिंह ने सरकार बनने पर किसानों को धान के कीमत 2100 क्विंटल और 300 बोनस प्रति

क्विंटल देने का वादा किया था। ठीक वैसे ही लोकसभा चुनाव के दौरान भी मोदी-भाजपा ने दो करोड़ युवाओं को प्रतिवर्ष रोजगार, 15 लाख रुपए जनता के खाते में आएंगे, महंगाई कम होगी अच्छे दिन आएंगे, पेट्रोल-डीजल 30-35 लीटर में मिलेगा, रसोई गैस के दाम कम होंगे, बेटियां सुरक्षित होगी, पाकिस्तान को करारा जवाब देंगे, भारत की ओर आंख दिखाने वाले दुश्मनी को ईट का जवाब पत्थर से देंगे, आतंकवाद खत्म होगा सहित अनेक लोक लुभावने वादा मोदी ने लच्छेदार भाषणों के माध्यम से जनता से किया था। मोदी ने नोटबंदी के दौरान 50 दिन जनता से मांगे थे 50 दिनों में अगर नोटबंदी फेल होती है तो किसी भी चैराहा में आकर जनता के द्वारा दिए हुए सजा को भुगतने का वादा किया था।

कोरोना और बेरोजगारी झेल रहे देश पर महंगाई की मार बर्दाश्त से बाहर : मोहन मरकाम

- पेट्रोल-डीजल के दामों को लेकर पूरे देश में गहरी नाराजगी
- छत्तीसगढ़ में ब्लाक स्तर पर मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन जारी

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। पूरे देश में पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामो के विरोध में मोदी सरकार की आर्थिक लूट पर तंज कसते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में जिला कांग्रेस के प्रदर्शन के बाद ब्लाको में पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों के खिलाफ कांग्रेस का धरना प्रदर्शन जारी है जो 4 जुलाई तक चलेगा। पेट्रोल-डीजल के महंगे दामों की मार गरीब आदमी और मध्यम वर्ग झेल रहा है। डीजल का उपयोग सिंचाई पंपों में और ट्रेक्टर से खेतों की जुताई में होता है। डीजल महंगा होने के कारण खेती की लागत बढ़ गयी है। किसान के धान का दाम केन्द्र सरकार बढ़ाती नहीं और महंगाई बढ़ाती जा रही है। डीजल महंगा होने से परिवहन की लागत बढ़ गयी है। किसान अनाज सब्जी हर वस्तु के दाम बढ़े है। आम उपभोक्ता महंगाई से त्रस्त है। गृहणियों के घर का बजट बिगड़ गया है। आज से रसोई गैस सिलेंडर भी महंगे हो गये।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि आज देश का हर एक व्यक्ति कोरोना की महामारी से लड़ रहा है। साथ-साथ बेरोजगारी से लड़ रहा है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमईआई) यह दावा करती है कि अप्रैल के तीसरे हफ्ते में देश में बेरोजगारी दर 26.2 प्रतिशत पहुंच गई है। आकलन है कि अब तक देश में 14 करोड़ लोग अपना काम गंवा चुके हैं। देश के युवाओं को 2 करोड़ रोजगार हर साल के अनुसार 6 साल में 12 करोड़ रोजगार मिलने थे। लेकिन हुआ ठीक उल्टा बेरोजगारी 45 साल में सर्वाधिक 27 प्रतिशत तक पहुंच गयी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि 130 करोड़ भारतीय कोरोना से जंग लड़ रहे हैं। रोजी-रोटी की मार झेल रहे हैं। आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और संकट के इस समय में भी जनविरोधी केंद्र की भाजपा सरकार देशवासियों की खून पसीने की कमाई डीजल-पेट्रोल का दमा बढ़ाकर लूटने में लगी है। आज कच्चे तेल की कीमतें पूरी दुनिया में अपने न्यूनतम स्तर पर हैं। उनका लाभ 130 करोड़ देशवासियों को देने की बजाए मोदी सरकार पेट्रोल और डीज़ल पर निर्दयी तरीके से टैक्स लगाकर मुनाफाखोरी कर रही है।

तकनीक रायपुर स्मार्ट सिटी लि. करेगा सीवरेज ट्रीटमेंट से बचे पानी का सिंचाई में उपयोग

ड्रिप इरिगेशन सिस्टम से होगी रोड डिवाइडर व उद्यानों के पौधों की सिंचाई

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। रायपुर स्मार्ट सिटी लि. रोड डिवाइडर्स और उद्यानों में लगे पेड़-पौधों की सिंचाई के लिए ड्रिप इरिगेशन सिस्टम लेकर आ रहा है। इस सिस्टम की मदद से अब डिवाइडर्स और उद्यानों में लगे पौधों की सिंचाई की जाएगी। महापौर श्री एजाज ढेबर की पहल और कमिश्नर श्री सौरभ कुमार के निर्देश पर इस ड्रिप इरिगेशन सिस्टम का उपयोग सिंचाई के स्मार्ट मॉडल के तौर पर तेलीबांधा से लेकर कलेक्ट्रेट चौक तक किया जाएगा। लगभग 2 किलोमीटर के इस क्षेत्र में मौजूद डिवाइडर्स और तीन उद्यानों को इस सिस्टम से जोड़ा जाएगा।

तेलीबांधा तालाब से संचालित होगा सिस्टम

रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के महाप्रबंधक तकनीकी श्री एस.के. सुंदरानी ने बताया कि यह सिस्टम तेलीबांधा तालाब से संचालित होगा। तेलीबांधा तालाब के सीवरेज ट्रीटमेंट से निकलने वाले एक्सेस पानी को इस सिस्टम से कनेक्ट कर श्याम नगर चौक, आनंद नगर चौक, भगत सिंह चौक, गौरव पथ मार्ग से होते हुए कलेक्ट्रेट चौक तक डिवाइडर और गौरव वाटिका, सूर्य नमस्कार उद्यान व गांधी उद्यान में लगे पौधों में पानी पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 43 लाख रुपये की लागत से लगभग 6 माह में यह सिस्टम बनकर तैयार होगा। इसके लिए कार्य एजेंसी तय कर दी गई है। कार्य एजेंसी द्वारा जुलाई माह से यह कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

पौधों की जड़ों तक सीधे पहुँचेगा पानी

श्री सुंदरानी ने बताया कि यह सिस्टम डिवाइडर्स और उद्यानों में लगे पौधों की सिंचाई के लिए काफी अहम होगा, क्योंकि इसकी मदद से पौधों की जड़ों तक सीधे पानी पहुँचाया जा सकेगा। अब तक टैंकरों की मदद से की जाने वाली सिंचाई बंद होगी, जिससे टैंकरों से सिंचाई के वक्त जो पानी सड़क पर अनावश्यक बहता था, उसे भी बचाया जा सकेगा। श्री सुंदरानी ने कहा कि परीक्षण उपरांत आने वाले दिनों में शहर के अन्य डिवाइडर्स और उद्यानों तक इसका विस्तार किया जाएगा।

खुशी नाकतोड़े ने 12वीं में हासिल किए 90.2% अंक

कुनबी समाज महासंघ ने नगद राशि भेंट कर किया सम्मान

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के नतीजों में भारत माता विद्यालय टाटीबंध की मेधावी छात्रा कुमारी खुशी नाकतोड़े ने वाणिज्य संकाय में 90.2 फीसदी अंक हासिल किए हैं। खुशी की इस उपलब्धि पर कुनबी समाज महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेतराम नाकतोड़े ने कोटा स्थित कुनबी समाज कार्यालय, रायपुर में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में खुशी नाकतोड़े को समाज का गौरव बढ़ाने के लिए 1000 रुपए की नगद राशि देकर सम्मानित किया। इस दौरान खुशी को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। खुशी नाकतोड़े नवा रायपुर में पदस्थ नायब तहसीलदार जागेश्वर नाकतोड़े की सुपुत्री है। खुशी नाकतोड़े ने इससे पूर्व भी पांचवी, आठवीं और दसवीं बोर्ड परीक्षा में 90 फीसदी से अधिक अंक हासिल कर परिवार व समाज का गौरव बढ़ाया है।

कार्यक्रम में समाज की महिला प्रतिनिधि ममता नाकतोड़े, नवीन, दिव्या, पूर्वी एवं मास्टर प्रतीक नाकतोड़े भी उपस्थित थे। इस अवसर पर खुशी के पिता नायब तहसीलदार जागेश्वर नाक तोड़े को भी सम्मानित किया गया। खुशी आगे चलकर आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं।

संपादकीय

अनलॉक-2 में सतर्कता जरूरी

कोरोना वायरय के संक्रमण का पूरी दुनिया में खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है, भारत में भी कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है किन्तु आर्थिक गतिविधियां भी जारी रखना जरूरी है। यही वजह है कि सरकार ने अनेक राज्यों में लॉकडाउन हटाकर आर्थिक गतिविधियों को चलाने की अनुमति दी है। अनलॉक-1 में मिली छूट का लोगों ने अनुचित लाभ उठाया और यह मान लिया कि कोरोना सं जंग जीती जा चुकी है, यही वजह है कि अनलॉक-1 में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में तेजी से वृद्धी दर्ज की गई है। अब अनलॉक-2 में भी यदि सतर्कता नहीं बरती गई तो कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के नाम संबोधन में इस बात का जिक्र भी किया है और कहा है कि अनलॉक-1 में लोगों ने सतर्कता बरतना लगभग छोड़ दिया है। न तो लोग मास्क लगाना जरूरी समझ रहे है और न ही दो गज दूरी का ख्याल रख रहे है। यह गंभीर चिंता की बात है, उन्होनें लोगों से आग्रह किया है कि वे अनलॉक-2 के दौरान सतर्कता बरतें और सुरक्षित रहें। दरअसल इस बारे में सरकारी नियम और कायदों में ढील देने की वजह से ही लोग सतर्कता बरतना छोड़ रहे है। सरकार अब सिर्फ लोगों को समझाईश ही दे सकती है। कड़ाई करना बंद किया जा चुका है ऐसी स्थिति में कोरोना वायरस के संक्रमण के फैलने का खतरा बढ़ रहा है। यदि यही स्थिति रही तो बरसात के मौसम में कोरोना वायरस का कहर और टूटेगा। केन्द्र सरकार ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए गरीबों को राहत देने के लिए प्रधानमंत्री खाद्य सुरक्षा योजना का विस्तार किया है, अब देश के लगभग 80 करोड़ जरूरतमंद गरीबों को नवंबर माह तक प्रतिमाह पांच किलो चावल अथवा गेहूं और एक किलों चना निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। इसी से स्पष्ट है कि कोरोना काल लंबा चलेगा और इस दौरान लोग सतर्कता बरत कर ही जान लेवा कोरोना वायरस के संक्रमण से खुद को बचा पाएंगे। अनलॉक-2 में भी अनलॉक-1 की तरह की पाबंदियां बरकरार रखी गई है, स्कूल, कालेज, सिनेमा, स्विमिंग पूल और जिम आदि 31 जुलाई तक बंद रखे गए है। इसी तरह अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों और रेल सेवा पर भी रोक बरकरार रखी गई है। जाहिर है स्थिति अभी भी काबू से बाहर है इस लिए नागरिकों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे अनलॉक-2 में भी अतिरिक्त सावधानी बरतें, अनलॉक-1 की तरह गलतियां न करें अन्यथा वे कोरोना वायरय से संक्रमित हो सकते है। इस बारे में सरकार को भी कड़े दिशा निर्देश जारी करने चाहिए।

क्या एनडीए में बिखराव होगा?

उपेन्द्र प्रसाद

> नेतृत्व की समस्या हल होने के बाद अब एनडीए के घटकों के सामने सबसे बड़ी चुनौती सीटों के बंटवारे की है। वहां सीटों के बंटवारे में नीतीश का पलड़ा हमेशा भारी रहा है। 2015 के चुनाव में भाजपा और जदयू अलग अलग थे, लेकिन 2010 का चुनाव दोनों ने साथ मिलकर लड़ा था। तब 243 सीटों में 141 सीटों पर जदयू के उम्मीदवार थे, जबकि 102 सीटों पर भाजपा के। लेकिन वह 10 साल पुरानी बात है। पिछले लोकसभा चुनाव में प्रदेश की कुल 40 सीटों में से 17-17 सीटों पर दोनों के उम्मीदवार थे और शेष 6 सीटों पर रामविलास पासवान की लोकजनशक्ति पार्टी के उम्मीदवार थे। अब असली समस्या गठबंधन के फॉर्मूले का इजाद करने की है। वह फॉर्मूला तभी फॉर्मूला माना जाएगा, जब तीनों पक्ष उसे स्वीकार करे। भारतीय जनता पार्टी और लोकजनशक्ति पार्टी लोकसभा के फॉर्मूले के आधार पर सीटों का बंटवारा चाहती हैं, लेकिन इसके लिए नीतीश हरगिज तैयार नहीं होंगे, क्योंकि उस फॉर्मूले को स्वीकार करने का मतलब है चुनाव के बाद अपने मुख्यमंत्री पद को खतरे में डाल देना।

बिहार में चुनाव नजदीक आने के साथ ही चुनावी सरगर्मी भी बढ़ गई है। वहां भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए सत्ता में है, हालांकि प्रदेश स्तर पर एनडीए का नेतृत्व जदयू के अध्यक्ष नीतीश कुमार कर रहे हैं। वे अभी मुख्यमंत्री तो हैं ही, उन्हें निर्विवाद रूप से चुनाव के दौरान अगले मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित भी कर दिया गया है। मतलब कि उनके नेतृत्व में ही एनडीए वहां चुनाव लड़ेगा, इसे लेकर शक और संदेह की कोई गुंजायश नहीं रही। हालांकि कुछ महीने पर भाजपा के अन्दर एक ऐसा वर्ग भी था, जिसे लगता था कि पार्टी के अकेले दम पर चुनाव लड़ना चाहिए, क्योंकि प्रदेश में नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के चेहरे पर भाजपा चुनाव जीत सकती है।

लेकिन मोदी और शाह की जोड़ी का इस बात का अहसास है कि मोदी का जादू लोकसभा के चुनाव में काम कर रहा है, राज्यों के विधानसभाओ के चुनावों में नहीं। पिछले दो- तीन सालों के दौरान जिन जिन राज्यों में विधानसभा के चुनाव हुए हैं, वहां मोदी द्वारा भीषण प्रचार के बावजूद भाजपा को अपेक्षित सफलता नहीं मिली। मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनाव के बाद उसकी सरकारें तो चली ही गई थीं, गुजरात में भी पार्टी की जीत बहुत मामूली थी, लेकिन लोकसभा चुनाव में पार्टी को जबर्दस्त सफलता मिली और उसमें मोदी का जादू मतदाताओं पर खूब चला था।

लोकसभा चुनाव के बाद हुए विधानसभा चुनावों में भी नरेन्द्र मोदी अपनी पार्टी को जिता नहीं सके। महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली में तो उनकी पार्टी की सरकार चली ही गई और हरियाणा में बहुत मुश्किल से गठबंधन की सरकार का नेतृत्व भाजपा को करना पड़ा। इन सारी परिस्थितियों के विश्लेषण और अध्ययन के बाद खुद नरेन्द्र मोदी ने यह फैसला किया होगा कि बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी को अकेले उतरना ठीक नहीं होगा और नीतीश के नेतृत्व में ही वहां चुनाव लड़ने में समझदारी है।

नेतृत्व की समस्या हल होने के बाद अब एनडीए के घटकों के सामने सबसे बड़ी चुनौती सीटों के बंटवारे की है। वहां सीटों के बंटवारे में नीतीश का पलड़ा हमेशा भारी रहा है। 2015 के चुनाव में भाजपा और जदयू अलग अलग थे, लेकिन 2010 का चुनाव दोनों ने साथ मिलकर लड़ा था। तब 243 सीटों में 141 सीटों पर जदयू के उम्मीदवार थे, जबकि 102 सीटों पर भाजपा के। लेकिन वह 10 साल पुरानी बात है। पिछले लोकसभा चुनाव में प्रदेश की कुल 40 सीटों में से 17-17 सीटों पर दोनों के उम्मीदवार थे और शेष 6 सीटों पर रामविलास पासवान की लोकजनशक्ति पार्टी के उम्मीदवार थे। अब असली समस्या गठबंधन के फॉर्मूले का इजाद करने की है। वह फॉर्मूला तभी फॉर्मूला माना जाएगा, जब तीनों पक्ष उसे स्वीकार करे। भारतीय जनता पार्टी और लोकजनशक्ति पार्टी लोकसभा के फॉर्मूले के आधार पर सीटों का बंटवारा चाहती हैं, लेकिन इसके लिए नीतीश हरगिज तैयार नहीं होंगे, क्योंकि उस फॉर्मूले को स्वीकार करने का मतलब है चुनाव के बाद अपने मुख्यमंत्री पद को खतरे में डाल देना। यदि लोकसभा वाला फॉर्मूला अपनाया गया, तो 42 सीटों पर लोजपा के उम्मीदवार होंगे, जबकि जदयू के 101 और भाजपा के 100। यदि चुनाव के बाद भाजपा के ज्यादा उम्मीदवार जीतकर विधायक बन गए, तो वह अपनी पार्टी के नेता को मुख्यमंत्री बनाने का दावा पेश कर सकती है और लोजपा को भी उसके दावे का समर्थन होगा। और यदि नीतीश कुमार ने भाजपा के दावे को मानने से इनकार किया, तो भाजपा तोड़फोड़ कर भी अपनी पार्टी की सरकार बना सकती है। कम संख्या में विधायक लाने के बाद भी भाजपा अनेक राज्यों में इस तरह के तोड़ फोड़ से सरकारें बनाती रही हैं और चुनाव के पहले किए गए वायदे को भी मानने से इनका करती रही है। यह नीतीश कुमार को पता है। वे महाराष्ट्र में देख चुके हैं कि विधानसभा चुनाव के पहले अमित शाह ने वायदा किया था कि चुनाव जीतने के बाद भाजपा और शिवसेना के मुख्यमंत्री ढाई ढाई साल के लिए होंगे, लेकिन चुनावी नतीजे निकलने के बाद उसने अपने चुनाव पूर्व वायदे को निभाने से साफइनकार कर दिया और कह दिया कि उनकी पार्टी के पास ज्यादा सीटें हैं, इसलिए मुख्यमंत्री भी उसी का होगा और पूरे पांच साल के लिए होगा।

अब यदि बिहार में भी ज्यादा सीटें लाकर उसी तरह पलट जाती है, तो फिर नीतीश कुमार की स्थिति बेहद कमजोर हो जाएगी। यही कारण है कि नीतीश कुमार ज्यादा से ज्यादा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारना चाहेंगे। वह ऐसा चाह भी रहे हैं और इसके कारण सीट के फॉर्मूले को लेकर गतिरोध बना हुआ है। भारतीय जनता पार्टी नीतीश पर दबाव बनाने के लिए रामविलास पासवान का इस्तेमाल कर रही है। पासवान का पुत्र धमकी दे रहे हैं कि उनकी पार्टी को यदि 40 या 42 सीटें नहीं मिलीं, तो वह अकेले चुनाव लड़ेंगे। जहां तक नीतीश कुमार की बात है, तो यह उनको सूट करेगा कि पासवान अकेले चुनाव लड़ लें और 2010 के फॉर्मूले के आधार पर जदयू और भाजपा का गठबंधन हो जाए, क्योंकि नीतीश को पता है कि रामविलास पासवान का प्रदेश में कहीं जनाधार नहीं है। उनकी जाति की आबादी प्रदेश की कुल आबादी का 5 फीसदी है और उसके 30 से 40 फीसदी लोग उन्हें सपोर्ट करते हैं। यानी यदि पासवान अकेले चुनाव लड़े तो उनका कोई उम्मीदवार नहीं जीतेगा और अधिकांश उम्मीदवारों की जमानतें तक जब्त हो जाएंगी। पर भारतीय जनता पार्टी किसी भी तरह रामविलास पासवान की पार्टी को एनडीए मे रोकना चाहेगी और खुद रामविलास भी ज्यादा से ज्यादा सीटें हासिल कर गठबंधन में ही रहना पसंद करेंगे। इसलिए एनडीए में बिखराव की संभावना नही के बराबर है। भारतीय जनता पार्टी नीतीश कुमार को छोड़ने की हिम्मत नहीं कर सकती और रामविलास पासवान वहीं करेंगे, जो भाजपा उनको करने के लिए कहेगी, क्योंकि एनडीए से पासवान के बाहर होने का मतलब है केन्द्र की सरकार से उनका बाहर जाना और केन्द्र की सरकार से बाहर जाने की वे सोच भी नहीं सकते। (संवाद)

विचार

चीनी 'एप्स' पर प्रतिबंध का अर्थ

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

सरकार ने घोषणा की है कि उसने चीन के 59 मोबाइल एप्लीकेशंस (मंचों) पर प्रतिबंध लगा दिया है। उसका कहना है कि इन चीनी मोबाइल मंचों का इस्तेमाल चीनी सरकार और चीनी कंपनियां जासूसी के लिए करती होंगी। इनका इस्तेमाल करनेवाले लोगों की समस्त गोपनीय जानकारियां चीनी सरकार के पास चली जाती होंगी। इतना ही नहीं, इन मंचों से चीनी कंपनियां हर साल अरबों रु. भी कमाकर चीन ले जाती हैं। सरकार ने इन पर प्रतिबंध लगा दिया, यह अच्छा किया। टिक टोक जैसे मंचों से अश्लील और अभद्र सामग्री इतनी बेशर्मी से प्रसारित की जा रही थी कि सरकार को इस पर पहले ही प्रतिबंध लगा देना चाहिए था। मुझे आश्चर्य है कि भारतीय संस्कृति की पुरोधा यह भाजपा सरकार इन चीनी प्रचार-मंचों को अब तक सहन क्यों करती रही ? जो लोग इस चीनी 'एप्स' को देखते हैं, उन्होंने मुझे बताया कि हमारे नौजवानों को गुमराह करने में इनकी पूरी कोशिश होती है। बांग्लादेश और इंडोनेशिया- जैसे कई देशों ने इन चीनी मोबाइल मंचों पर काफी पहले से प्रतिबंध लगा रखा है। असली बात तो यह है कि चीन की तथाकथित साम्यवादी सरकारों के पास आज न तो कोई विचारधारा बची है और न ही उन्हें अपनी प्राचीन संस्कृति पर गर्व है। चीन अब अमेरिका की नकल पर शुद्ध उपभोक्तावादी राष्ट्र बन गया है। पैसा ही उसका भगवान हैं। डालरानंद ही ब्रह्मानंद है। बाकी विचारधारा, सिद्धांत, आदर्श, परंपरा और नैतिकता- जैसी चीजें चीन के लिए सब मिथ्या है। चीनी चीज़ों से भारत में भी चीन की इन्ही प्रवृत्तियों को बढ़ावा मिल रहा है। जरुरी यह है कि इन पर तो रोक लगे ही, चीन की ऐसी चीज़ों पर भी एकदम या धीरे-धीरे प्रतिबंध लगना चाहिए, जो गैर-जरुरी हैं, जैसे खिलौने, कपड़े, जूते, सजावट का सामान और रोजमर्रा के इस्तेमाल की कई छोटी-मोटी चीजें। इससे भारत में आत्म-निर्भरता बढ़ेगी और विदेशी मुद्रा भी बचेगी। लेकिन जैसा कि केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी ने कहा है, आंख मींचकर सभी चीनी चीज़ों का हम बहिष्कार करेंगे तो हमारे सैकड़ों कल-कारखाने ठप्प हो जाएंगे और लाखों लोगों को बेरोजगार होना पड़ेगा। इन मोबाइल एप्लीकेशंस के बंद होने का बड़ा राजनयिक फायदा भारत सरकार को इस वक्त यह भी हो सकता है कि चीन पर जबर्दस्त दबाव पड़ जाए। चीनी सरकार को यह संदेश पहुंच सकता है कि यदि उसने गलवान घाटी के बारे में भारत के साथ विवाद बढ़ाया तो फिर यह तो अभी शुरुआत है। बाद में 5 लाख करोड़ रु. का भारत-चीनी व्यापार भी खतरे में पड़ सकता है।

भाजपा को मिला एक सुनहरा अवसर

जोस के मणि गुट यूडीएफसे बाहर

पी श्रीकुमारन

> जोस के लिए भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल होना है। एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में भाजपा के राज्य प्रमुख के सुरेंद्रन ने कहा है कि भाजपा के दरवाजे जोस गुट के लिए खुले हैं, बशर्ते वे नरेंद्र मोदी सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों का समर्थन करें। सुरेंद्रन की खुली पेशकश ने अटकलें तेज कर दी हैं कि जोस गुट एनडीए में शामिल होने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो राज्य में सहयोगियों की तलाश कर रहा है। निश्चित रूप से, भाजपा जोस गुट से हाथ मिलाने के लिए उत्सुक होगी, क्योंकि इसके कारण पार्टी और राजग की पहुंच ईसाई मतदाताओं के एक वर्ग तक हो जाएगी। प्रदेश में जोस के मणि का ईसाइयों के एक तबके पर प्रभाव है। खासकर मध्य केरल तो केसी (एम) का गढ़ है।

केरल कांग्रेस (मणि) में चल रही गुटबाजी के बीच जोस के मणि के नेतृत्व वाले गुट को कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट से निकाल दिए जाने के बाद यूडीएफका संकट और भी गहरा हो गया है। निष्कासन का कदम इसलिए उठाना पड़ा, क्योंकि जोस गुट ने कोट्टायम जिला पंचायत अध्यक्ष के पद इस्तीफा देने के कांग्रेस के निर्देश का पालन करने से इनकार कर दिया था। यह पी जे जोसेफके नेतृत्व वाले गुट द्वारा केरल कांग्रेस ;मणि) के आंतरिक संकट को हल करने के लिए निर्धारित की गई एक शर्त थी। निर्देश की खुली अवहेलना के बाद कांग्रेस नेतृत्व के पास जोस गुट को यूडीएफसे बाहर निकालने के अलावा कोई विकल्प नहीं रह गया था।

जोस के मणि ने तुरंत जोसेफ गुट को उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए यूडीएफ नेतृत्व पर दबाव डालने के लिए दोषी ठहराया। मणि ने आरोप लगाया कि जोसेफ गुट ने उसकी पीठ में चाकू मारा है। उनकी पार्टी केरल कांग्रेस (मणि) पिछले 30 साल से यूडीएफका हिस्सा थी। जोस के मणि ने अफसोस जताते हुए कहा कि उन्हें और उनके समर्थकों को निष्कासित करके, कांग्रेस नेताओं ने वास्तव में केरल कांग्रेस (मणि) के संस्थापक स्वर्गीय के एम मणि का अपमान किया है जो यूडीएफके संस्थापकों में भी एक थे। दो गुटों के बीच विवाद की हड्डी कोट्टायम जिला पंचायत अध्यक्ष का पद था। यूडीएफ नेतृत्व का कहना है कि छह महीने के बाद जोसेफ गुट से संबंधित नेता को पद सौंपने का समझौता हुआ था। लेकिन जोस ने ऐसे किसी भी समझौते की बात से इनकार किया है।

अब जब जोस गुट यूडीएफसे बाहर हो गया है, जोसेफ गुट कोट्टायम जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए तैयार है। इस प्रस्ताव को कांग्रेस का समर्थन मिलेगा। यह देखना बाकी है कि माकपा इस मुद्दे पर क्या रुख अपनाएगी। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने जोस को निष्कासित करने के निर्णय को पूर्ण समर्थन दिया है। लीग ने संकट हल करने का एक प्रयास किया था। लेकिन यह जोस मणि के कड़े विरोध के सामने असफल रहा। जोस के सामने क्या विकल्प हैं? वह वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) में शामिल नहीं हो सकते क्योंकि सीपीआई के राज्य सचिव कनम राजेंद्रन ने कहा है कि उनके गुट का स्वागत नहीं है। हालांकि सीपीआई (एम) के नेताओं के पास

जोस के लिए नरम दिल हैं, लेकिन सीपीएम के नेता जोस को अपने मोर्चे में लेकर सीपीआई को नाराज नहीं करना चाहेंगे।

दूसरा विकल्प जोस के लिए भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल होना है। एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में भाजपा के राज्य प्रमुख के सुरेंद्रन ने कहा है कि भाजपा के दरवाजे जोस गुट के लिए खुले हैं, बशर्ते वे नरेंद्र मोदी सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों का समर्थन करें। सुरेंद्रन की खुली पेशकश ने अटकलें तेज कर दी हैं कि जोस गुट एनडीए में शामिल होने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो राज्य में सहयोगियों की तलाश कर रहा है। निश्चित रूप से, भाजपा जोस गुट से हाथ मिलाने के लिए उत्सुक होगी, क्योंकि इसके कारण पार्टी और राजग की पहुंच ईसाई मतदाताओं के एक वर्ग तक हो जाएगी। प्रदेश में जोस के मणि का ईसाइयों के एक तबके पर प्रभाव है। खासकर मध्य केरल तो केसी (एम) का गढ़ है। आने वाले दिनों में राजनीतिक समीकरणों में बदलाव देखा जा सकता है। अगर जोस गुट राजग में शामिल हो जाता है, जो यह भाजपा के लिए बोनस होगा। इसका अर्थ होगा यूडीएफ के लिए एक झटका, जो पहले से ही समस्याओं के ढेर से ग्रस्त है। यह संकट किस दिशा में आगे बढ़ेगा, यह लाख टके का सवाल है।

मातृका विवेक साहित्यिक मंचए दिल्ली की 101 कवियों की ऑनलाइन काव्य गोष्ठी संपन्न मातृका विवेक साहित्यिक मंचए दिल्ली जो हिंदी भाषा और संस्कृति के उत्थान हेतु निरंतर प्रयत्नशील है। समूह की अध्यक्ष सुश्री प्रीति हर्ष तथा उपाध्यक्ष एडवोकेट आरती तिवारी ष्सनतष् ने 101 कवि रचनाकारों की भव्य ऑनलाइन काव्य गोष्ठी 28ण्06ण्2020 को आयोजित कियाए जो सफलतापूर्वक संपन्न हुई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉण् गुलाब चंद पटेल जी तथा अन्य गणमान्य विशिष्ट अतिथि डॉण् राजीव श्रीवास्तव जीए श्री हरि प्रसाद शुक्लष्अवधष् जीए श्री भाग्येंद्र पटेल जीएडॉण्शुभदीप भट्टाचार्य जी एडॉण् अरुण उपाध्याय जीए डॉण् विनीत अग्निहोत्री जी एडॉ मंजु अग्निहोत्री जीए श्री ओम प्रकाश तिवारी जीए श्री उमेश कुमार पाण्डेय जीए डॉण् अन्नपूर्णा दीदी श्रीवास्तव जीए डॉण् राजीव पुंडीर जीए डॉए रञ्जन विशद जीए डॉण् राजीव राज जी एश्री अमित शुक्ला ष्अजस्रष्जी एडॉण् के संजीव जी के पावन सानिध्य में काव्य यात्रा पूर्ण हुई।इस काव्य यात्रा में सम्मिलित सभी सम्मानित सदस्य विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत होते हुए भी हिंदी के सम्मान में मातृका विवेक साहित्यिक मंच पर उपस्थित हुए तथा सभी रचनाकारों को प्रोत्साहित किया जिसके लिए मातृका विवेक साहित्यिक मंच एदिल्ली सभी का हार्दिक आभार व्यक्त करता है। देश भर से सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को उनके प्रशंसनीय प्रस्तुति हेतु 'मातृका सारथी' सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आदरणीय शैलेष वाणिया ष्शैलष् जी तथा सह.संचालन आदरणीय निलेश राठोड ष्नीलष् जी ने किया। एक से बढ़कर एक काव्य पठन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बहुत ही सफल आयोजन संपन्न हुआ।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सारे पर्दे उठा दीजिये

सारे पर्दे उठा दीजिये राज दिल का बता दीजिये चाँद बदली में कबतक रहे रुख से जुल्फें हटा दीजिये जब नज़र से नज़र मिल गई हां में हां भी मिला दीजिये सारे शिकवे गिले भूलकर प्यार के गुल खिला दीजिये लुत्फ़ आने लगा है मुझे फिर से धोका जरा दीजिये अश्क हर दिल में जिंदा रहे नफ़रतों को मिटा दीजिये अम्न लाएंगे हम आप तो साज़िशों को हवा दीजिये

– संजय कुमार गिरि

सुनोगे तो हंसते

सुनोगे तो हँसते दुःख लगेंगे बटोरोगे तो दाद और ताली पलटोगे तो. याद खाली खाली वो सब जो लिख देते हो तुम कविता के नाम पर सिलसिलेवार शुक्र है ....कविता के अपने सुख हैं और सीमाएं भी। कविवर सब हो सकते हैं वर्णमाला कल्पना वाली तो बस कविता के गले मे पड़ेगी।

– कल्पना पाण्डेय

ख़ास पाती | झूठ और आन की मुहब्बत

झूठ और आन की मुहब्बत है, आजकल शान की मुहब्बत है, ताज तुझको नही मैं दे सकता, वो तो सुल्तान की मुहब्बत है, लिख दे खुरपी से इश्क़ मिट्टी पर, ये तो दहकान की मुहब्बत है, खून सरहद पे सर्फ़ कर दे जो, वो ही इंसान की मुहब्बत है, जो तेरा इंतज़ार करती है, एक नादान की मुहब्बत है। सबको दिल में पनाह देता है, हिंद गुलदान की मुहब्बत है। घर तो खुद फ्लैट के हवाले है, अब न दालान की मुहब्बत है। चीन की देर तक नहीं चलती, महँगी जापान की मुहब्बत है, दिल में बादल के सिर्फ़ भारत है, गीता, कुरआन की मुहब्बत है। – विवेक 'बादल' बाज़पुरी

इन चरणों में मस्तक धर के सौ

इन चरणों में मस्तक धर के सौ सौ बार नमन मेरा इनसे ही आबाद रहा है अपना वतन चमन मेरा। गर्व से हम ये कहते हैं यह वीरों वाली धरती है इनके ही दम कदम से है भारत देश वतन मेरा। अपने लहू से सींच रहे हैं हिंदुस्तान की क्यारी को जान गवा कर कहते हैं हो गया सफल जनम मेरा। जी करता है उन रहों पर चुनकर फूल बिछा दूं मैं ऐ भारत के वीर सपूतों जिस पथ पड़े कदम तेरा। दुश्मन की औकात क्या जानिब जर्रा जर्रा थर्राता है जब सिंह गरज कर कहते हैं है धरती और गगन मेरा।

– पावनी दिक्षीत जानिब

काश ऐसी बारिश आये जिसमें

काश ऐसी बारिश आये जिसमें , अहम डूब जाए , मतभेद के किले ढह जाएं , घमंड चूर चूर हो जाए , गुस्से के पहाड़ पिघल जाए , नफरत हमेशा के लिए , दफ़्न हो जाये , और हम सब , मैं से हम हो जाएं।

– विजया मिश्रा

बहुत सी नज़रों में तो ख़ार

बहुत सी नज़रों में तो ख़ार हूँ मैं मुझे दिल में बसा लो प्यार हूँ मैं अमानत ग़ैर की है तू यक़ीनन तुझे बतलाऊँ क्या लाचार हूँ मैं तुझे लगता है खुश हूँ ज़िन्दगी में ग़मों की इंतेहा के पार हूँ मैं गुलों की खुशबुओं का ज़िक्र कैसा लगे खुद को कि जैसे ख़ार हूँ मैं सभी के सामने तो मुस्कुराऊं मरीज़े हिज़्र हूँ बीमार हूँ मैं। – मित्र ग़ाज़ियाबादी

मुझ पर इस तरह हँसता क्यूँ

मुझ पर इस तरह हँसता क्यूँ है, देखकर आइना जलता क्यूँ है। मैं जो थी वही हूँ और रहूँगी वही, मुझसे अंनजान सा बनता क्यूँ है। मालूम है टपक जायेगा आँसू बनकर, ख्वाब सा आँख में पलता क्यूँ है । यकीन है न पहुँचेगा मंलिज पर कभी , चाँद तू रात दिन चलता क्यूँ है । – गीता कैथल

लेकिन ईर्ष्या के साथ दिलजला

लेकिन ईर्ष्या के साथ दिलजला होना ऐक दुर्गुण है अगर ईर्ष्या कम्पटीशन मे बदलती है तो आदमी तरक्की करता है और अगर ईर्ष्या जलन में बदलती है तो आदमी के तिरस्कार का कारण बनकर रोगी बना देती है जहाँ केवल पतन होता है। – तीर्थ बडोनी

सनम खुश जानकर तुमको, खुशी

सनम खुश जानकर तुमको, खुशी मैं भी मना लेती। तुम्हें छूकर गुजरते जो ......गमों को मैं चुरा लेती । जिसे चाहा मिले तुमको ......दुआ मेरी यही रब से , तुम्हारी आँख के आँसू युँ पलकों पर सजा लेती।।

– मोहिनी गुप्ता

QUIZ TIME

1) 2019 में जारी गुड गर्वेन्स इण्डेक्स में किस राज्य को बड़े राज्यों की श्रेणी में शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ? (तमिलनाडु / केरल)

2) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में रोहतांग दर्रे के नीचे बनी रणनीतिक महत्व की सुरंग का नाम क्या कर दिया है?

3) भारत के पूर्वोत्तर राज्य असम में मनाया जाने वाला त्यौहार 'माघ बिहू' को अन्य किस नाम से जाना जाता है?

4) किस राज्य सरकार ने स्कूलों को संविधान की सम्प्रभुता के नाम से संविधान की प्रस्तावना पढ़ना अनिवार्य कर दिया है?

(क) आन्ध्र प्रदेश (ख) गुजरात (ग) उत्तरप्रदेश (घ) मध्यप्रदेश

5) दुनिया के सबसे बड़े मौजूदा परिवार के सदस्य का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) तमिलनाडु (2) अटल सुरंग (3) भोगाली बिहू (4) मध्यप्रदेश (5) जियोना चना

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1698 - थॉमस सावेरी ने भाप इंजन का पेटेंट कराया। 1757 - बंगाल के अंतिम नवाब सिराजुद्दौला की उनकी शरण में रह रहे एक व्यक्ति मोहम्मद बेग ने निर्ममतापूर्ण हत्या की। 1777 - अमेरिका के वोरमोंट शहर में दास प्रथा समाप्त ?हुई। 1781 - मैसूर के सुल्तान हैदर अली और अंग्रेज सेना में पोर्टो नोवो (अब परांगीपेट्टई) का युद्ध हुआ। 1843 - होमियोपैथी का अविष्कार करने वाले क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुएल हैनिमैन का फ्रांस के पेरिस में निधन हुआ। 1862 - कलकत्ता उच्च न्यायालय का उद्घाटन हुआ। 1897 - इतालवी वैज्ञानिक गुगलेल्मो मारकोनी को लंदन में रेडियो का पेटेंट मिला। 1916 - भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग की स्थापना हुई।

न्यूज गैलरी

खर्रा पंचायत सचिव निलंबित

दुर्ग। मोहन बघेल ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत खर्रा जनपद पंचायत पाटन द्वारा उच्च कार्यालय द्वारा जारी आदेशों की अवहेलना किये जाने तथा शासन के महत्वाकांक्षी योजना एवं गौठान के क्रियान्वयन में घोर लापरवाही बरते जाने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 के नियम 4 (1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर किया गया है। निलम्बन अवधि में इनका मुख्यालय जनपद पंचायत पाटन निर्धारित किया जाता है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। ग्राम पंचायत खर्रा में सचिवीय दायित्व निर्वहन हेतु विष्णु प्रसाद सिंन्हा ग्रापं सचिव पदस्थ किया गया है।

सहा. चिकित्सा अधिकारी की सेवा समाप्ति के निर्देश

दुर्ग। सहायक चिकित्सा अधिकारी पुष्पलता खुटेश्वर की सेवा समाप्ति के निर्देश कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने दिये हैं। श्रीमती खुटेश्वर एक वर्ष से अधिक समय से सेवा से अनुपस्थित थी। इन्हें शो काज नोटिस जारी किया गया था। नियमानुसार पूरी प्रक्रिया के पश्चात इनकी सेवा समाप्ति के निर्देश दिए गये। श्रीमती खुटेश्वर जुनवानी में पदस्थ थीं।

घनी बस्ती में शराब दुकान का विरोध

भाजपा पार्षदों ने सौंपा ज्ञापन, उग्र आंदोलन की चेतावनी

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। धमधा रोड के घनी बस्ती में शराब दुकान खोले जाने की खबर फैलते ही अफ्रा.तफ्री का माहौल बन गया। वार्ड 17 के पार्षद देवनारायण चंद्रकार के नेतृत्व में वार्ड वासियों का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया ।

जिला आबकारी अधिकारी नोहर सिंह ठाकुर को ज्ञापन सौपकर विस्तार से चर्चा की गई जिस पर नोहर सिंह ठाकुर ने आश्वस्त किया कि जिस स्थान पर शराब दुकान खोले जाने का विरोध है वंहा शराब दुकान खोले जाने के पूर्व जनभावनाओं को ध्यान में रख कर निर्णय लिया जाएगा। पार्षद देवनारायण चंद्रकार और भाजयुमो अध्यक्ष तेखन सिन्हा ने दो टूक कहा कि अगर प्रशासन जन भावनाओं के विपरीत जिस जगह पर विरोध किया जा रहा है वहां पर शराब दुकान खोला जाता है तो उग्र आंदोलन भी किया जाएगा ।

क्षेत्र में पूर्व में भी उसी स्थान पर शराब दुकान खोला गया था जिसे स्थानीय लोगों के द्वारा विरोध करने के पश्चात उसे स्थानांतरित किया गया था अभी पुनः प्रशासन के द्वारा उसी स्थान पर शराब दुकान खोले जाने की तैयारी है स्थानीय लोगों के द्वारा यह भी कहा जा रहा है कि तितुरडीह स्थित शराब दुकान को स्थानांतरित किया जाएगा। सक्षम अधिकारियों से भी इस विषय पर भी चर्चा हुई अधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि उस स्थान पर शराब दुकान नहीं खोला जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष लूकेश बघेल, गुलाब वर्मा, सुरेश दीक्षित, भरत यादव, राजू पेंटर, बलदाऊ राजपूत, महेंद्र सागरवंशी, दशरथ साहू, फ्लेन्द्र यादव, यश देवांगन, नीलेश सिन्हा, विकास सोनी, कोमल यादव, मिलन यादव सहित क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

6 को पौधारोपण महाअभियान

कलेक्टर भूरे के अभिनव पहल की हो रही है सराहना

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पेड़ों के हमारे जीवन में घटती जगह की चिंता दिखाती है। अपने घरों को हमने कांक्रीट में बदल दिया है और इस तरह सारे शहर कांक्रीट के जंगल में बदल रहे हैं। पौधारोपण का अभियान बहुत कुछ शासकीय स्तर पर हो रहा है अथवा उन लोगों द्वारा किया जा रहा है जो पर्यावरण प्रेमी हैं। यह अभियान इससे भी आगे जाए। इस व्यापक उद्देश्य से जिला प्रशासन ने छह जुलाई को पौधरोपण महाभियान का आह्वान जिले के नागरिकों से किया है। प्रकृति को सहेजने की इस लड़ाई में जब तक आम आदमी की व्यापक भागीदारी नहीं होगी तब तक हरियाली के विस्तृत दायरे की कल्पना करना भी कठिन है। घरों में जब

पौधे पहुंचेंगे और हर नागरिक इसे बचाने और सहेजने की शपथ लेगा तो निश्चित ही आने वाली पीढ़ी को ग्रीन दुर्ग का तोहफा मिलेगा। पौधारोपण को लेकर पिछले साल भी वन विभाग ने एक पहल की थी जिसमें पौधों के इच्छुक नागरिकों को घर पहुंचाकर पौधे दिये गए थे। इस बार भी यह कार्य किया गया है। फिर भी कोई कार्य मिशन के रूप में और उत्सव के रूप में होता है तो इसके और भी बड़े और शुभ परिणाम सामने आते हैं। छह जुलाई को ऐसे ही परिणाम आने की संभावना है। घरों के लिए फलदार पौधे वितरित किये जाने की योजना है। कहीं आम के पौधे दिये जाएंगे। कहीं अमरूद के पौधे और कहीं जामुन के पौधे। कलेक्टर डॉ. सर्वेश भूरे इस महाभियान की शुरुवात 6 जुलाई से करने जा रहे हैं। उनके इस अभिनव पहल की सराहना की जा रही हैं।

मंदिर में महाप्रभु जगन्नाथ की वापसी

सादगी के साथ रथयात्रा की रस्म अदायगी

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। जगन्नाथ समिति के तत्वाधान में सेक्टर.4 बोरिया मार्केट स्थित जगन्नाथ मंदिर से महाप्रभु श्री जगन्नाथ स्वामी के वापसी रथयात्रा की रस्म अदायगी की गई। इस वर्ष रथ सेक्टर.4 के श्री जगन्नाथ मंदिर में स्थित सभागार में निर्मित गुण्डिचा मंडप में ही महाप्रभु विराजमान हुए। श्री जगन्नाथ भक्तों को कोरोना प्रकोप से बचाने के लिए नगर भ्रमण पर नहीं निकले। कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए श्री जगन्नाथ मंदिर द्वारा बहुडा रथयात्रा की सिर्फ रस्म अदायगी की गयी। रथ को मंदिर परिसर से बाहर नहीं निकाला गया और न ही शहर भ्रमण कराया गया। सिर्फ मंदिर परिसर में ही पुजारियों व सेवकों के सीमित उपस्थिति में रथयात्रा विधान पूर्ण किया गया।

इस वर्ष मंदिर से संलग्न सभागार में ही गुण्डिचा मंडप बनाया गया था जहां प्रभु 9 दिन तक विराजमान रहे। 1 जुलाई की प्रातः 5 बजे महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी का बाहुडा;वापसीद्ध रथयात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष विरेन्द्र सतपथी एवं महासचिव सत्यवान नायक सहित समिति के पदाधिकारी बसंत प्रधान, डी त्रिनाथ, अनाम नाहक, वृंदावन स्वांई, भीम स्वांई, त्रिनाथ साहू, सुशांत सतपथी, बीसी बिस्वाल, कालू बेहरा, सुदर्शन शांति, बीसी केशन साहू, कवि बिस्वाल, रमेश नायक, सीमांचल बेहरा, संतोष दलाई, शंकर दलाई, एस डाकुआ, कैलाश पात्रो, रवि स्वांई, रंजन महापात्र विशेष रुप में उपस्थित थे।

परियोजना अधिकारी को दी गई विदाई

दुर्ग। सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत चंद्रशेखर शर्मा सेवानिवृत होने पर आज जिला पंचायत सभाकक्ष में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए शालिनी यादव जिपं अध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी को अपनी भूमिका की पहचान होनी चाहिए। जिस काम के लिए शासन ने दायित्व सौंपा है उस काम के प्रति पूरी निष्ठा पूर्ण किया गया। विदाई समारोह में जिपं के अधिकारी कर्मचारीगण भारी संख्या में मौजूद थे।

निगम ने की दण्डात्मक कार्यवाही

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई 3। नगर पालिक निगम चरौदा क्षेत्रातंर्गत गौरवपथ रोड भिलाई 03, सिरसा चौक एवं पुरैना चौक में ऐसे व्यवसायी जो प्रतिबंधित प्लास्टिक, कैरी बेग का उपयोग करते पाये गये उन पर दण्डात्मक कार्यवाही कर कैरीबेग 2 किग्रा, जब्त कर 29 सौ जुर्माना राशि वसूला गया। आयुक्त कीर्तिमान सिंह राठौर एवं अश्वनी चंद्राकर सहा. स्वास्थ्य अधिकारी ने व्यवसायियों से अपील की है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक, डिस्पोजल, कैरी बेग का उपयोग ना करें। प्लास्टिक के जगह जुट या कपड़े का बैग का उपयोग करें। टीम में बीनू वर्मा निरीक्षक, रामगोपाल चंद्राकर, कौशल तिवारी, चंद्रिका प्रसाद साहू, अरूण कुंजाम आदि उपस्थित थे।

खोले पंख उत्कर्ष ई चिल्ड्रन कैंप शुरु

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय एवं राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के शिक्षा प्रभाग द्वारा 5 दिवसीय खोले पंख उत्कर्ष ऑनलाइन ई चिल्ड्रन कैंप का आयोजन प्रातः 9 एवं संध्या 6 बजे 40 मीनट का सेशन यूट्यूब चैनल ब्रह्माकुमारीज भिलाई पर शुरू हो गया है। पहले दिन का टॉपिक मेरी खुशी का रिमोट था। जिसे भिलाई सेवा केन्द्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा ने अपनी शुभभावनाओं से प्रारम्भ किया। उन्होने बताया कि इस कैंप द्वारा शहर, गाँव, छतीसगढ़, भारत सहित देश विदेश के हजारों बच्चे लाभ प्राप्त कर रहे है। कैंप का उद्देश्य जीवन में आने वाली परिस्थितयों में मन को स्टेबल रख नामुमकिन को मुमकिन करना है। बच्चों को स्प्रिच्वल वैक्यूबलरी एवं क्विज से 5 सवाल होमवर्क के रूप में दिए। जिसे बच्चे टेलीग्राम ग्रुप में सबमिट कर रहे है। बच्चो को कहा कि भोजन करते समय टीवी न देखे। बच्चो को विशेष सोने के पूर्व और सुबह उठने पर मेडीटेशन करने के लिये मेडीटेशन कॉमेंट्री द्वारा अभ्यास कराया गया।

गांजा तस्करी का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। दो गॉजा तस्कर को पुलिस ने धरदबोचा। घटना के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली की दो युवक एक गाडी में गॉजा लेकर चंदनडीह की तरफ से कैवल्यधाम परसदा रेल्वे क्रासिंग से होकर कुम्हारी की तरफ वाहन क्रं. सीजी 04 एम 6454 (टाटा एसी) से अवैध रूप से मादक पदार्थ गॉजा को बिक्री करने जा रहे हैं। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना प्रभारी आशीष यादव अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहूंचे एवं परसदा रोड रेल्वे क्रासिंग के पास ही उक्त वाहन को रोककर आरोपी अली अहमद एवं तेजराम की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी अली अहमद के कब्जे से अवैध गॉजा बिक्री रकम 10 हजार 300 सौ एवं आरोपी तेजराम उर्फ बिट्टू सेन के कब्जे से कंडकटर सीट के नीचे सफेद थैला मे गॉजा करीब 1.6 किलो कीमत 16 हजार बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपियों पर धारा बी-ख नारकोटिक एक्ट के तहत विवेचना मे लिया गया। इस कार्य में थाना प्रभारी आशीष यादव के अतिरिक्त उनी.मीलूराम कंवर, प्रधान आरक्षक अशोक सा्, आरक्षक वसीम खान एवं आरक्षक वीरेन्द्र यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

शहर में जारी आवारा पशु मुक्त अभियान

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं की धरपकड़ की जा रही है। साथ ही निगम अमला पशुपालकों से रोका छेका संकल्प अभियान के तहत 714 पशु मालिकों से संकल्प पत्र भर चुके हैं ताकि क्षेत्र को आवारा पशुओं से मुक्त किया जा सके। शासन के निर्देश के परिपालन में निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने निगम के अधिकारी, कर्मचारियों का दल इस कार्य के लिए गठन किया है। संकल्प अभियान के तहत पशु मालिकों को अपने मवेशी की सुरक्षा स्वंय करे, चारा, पानी की समुचित व्यवस्था निगम क्षेत्र में संकल्प पत्र भराया। निगम आयुक्त ने आदेश जारी कर रोका छेका संकल्प अभियान को आगामी आदेश तक जारी रखने निर्देशित किया। आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए गठित दल के प्रभारी जोन 02 के एआरओ संजय वर्मा व जोन 4 के बालकृष्ण नायडू ने बताया कि अभियान के तहत सड़क पर घूमने वाले आवारा मवेशियों को अमले द्वारा धरपकड़ की कार्यवाही की जा रही है। 19 जून से की जा रही कार्यवाही में निगम का अमला सड़क पर घुमने वालें 211 पशुओं को अब तक पकड़ चुके हैं।

नगर निगम.. सुगंधित पौधों से महकेगा बघेरा, फलदार वृक्षों से छाएगी हरियाली

महापौर ने किया आनंद सरोवर में वृक्षारोपण

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आज महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा निगम सीमा अंतर्गत बघेरा के ब्रम्हकुमारी आश्रम आनंद सरोवर में आयुक्त इंद्रजीत बर्मन, सभापति राजेश यादव, पर्यावरण प्रभारी सत्यवती वर्मा, ब्रम्हकुमारी राजयोगिनी दुर्ग जोन इंचार्ज के साथ सुगंधित पौधे लगाकर वृक्षारोपण किया। इस मौके पर आनंद सरोवर द्वारा निगम के उद्यान निरीक्षक अनिल सिंह को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में एमआईसी प्रभारी अब्दुल गनी, मनदीप सिंह भाटिया, जमुना साहू, जिलाध्यक्ष गया पटेल, पार्षद विजयेन्द्र भारद्वाज, श्रद्धा सोनी, निर्मला साहू, कुमारी राकेश भारती, उद्यान निरीक्षक अनिल सिंह, रत्ना नारमदेव, निखिल चिखचरिया, प्रियंका एवं अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर महापौर बाकलीवाल ने कहा शहर को सुन्दर और हरा.भरा करने पर्यावरण प्रभारी सत्यवती वर्मा द्वारा निरंतर प्रयास किया जा हैं। उनके नेतृत्व में निगम द्वारा जगह.जगह वृक्षारोपण कार्य किया गया। आनंद सरोवर में फलदार और छायादार पौधा रोपा गया। निश्चित रुप से बघेरा के इस सरोवर में वृक्षारोपण होने से आश्रम के लोगों और आने वालों को इसका लाभ मिलेगा। वार्ड पार्षद भारती की मांग पर यहॉ वृक्षारोपण की योजना बनायी गयी। उन्होनें शहर के आम नागरिकों से भी अपील कर कहा हम सभी मिलकर शहर को सौदर्यीकृत करने एक पौधा अवश्य लगायें। उन्होनें ब्रम्हकुमारी आश्रम के बहनों से कहा वृक्षारोपण के बाद उसमें खाद, पानी सिंचित कर उसकी देख.रेख अवश्य करें। कार्यक्रम के दौरान ब्रम्हकुमारी रीटा, कामिनी, दामिनी, सीता, उर्मिला, रेणुका, सारिका, देवकी, मिथीलेश एवं रंजना आदि उपस्थित थे।

निधन

पासपती सिंह

भिलाई। सेक्टर 1 सड़क 2 मकान नंबर 18.बी निवासी श्रीमती पासपती सिंह का 1 जुलाई को दोपहर 1 बजे सेक्टर 9 चिकित्सालय के आईसीयू में निधन हो गया। वे 74 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे पत्रकार अरविंद सिंह की माँ, अश्वनी सिंह की दादी, राजीव सिंह, नवनीत सिंह की सास थीं।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र यादव पिता श्री शिवचरण यादव निवासी डिपरापारा दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 686/3 का टु. रकबा 0.018 हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार श्री आर.के. जैन पिता स्व. ज्ञानचंद जैन से दिनांक 04.03.2004 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 11.07.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक संजय कुमार साहू आ. राजकुमार साहू साकिन खपरी द्वारा ग्राम खपरी प.ह.न. 26 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 394, 502/2, 530/2, 544/2, 544/4, 768, 811/2 रकबा कुल 1.880 हे. भूमि को पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण करने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि वादभूमि के नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 08.07.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण संतोष लाल पिता स्व. भुलउराम व अन्य 1 निवासी ग्राम कुथरेल तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम भानपुरी प.ह.न 38 स्थित भूमि खसरा नंबर 95 रकबा 0.330 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदकगण व उसके माता श्रीमती ढेलिया बाई के संयुक्त हक व हिस्सा में मौजा भानपुरी प.ह.न. 30 स्थित भूमि खसरा नं. 95 रकबा 0.330 हे. दर्ज है। श्रीमती ढेलिया बाई पति स्व. भुलउराम की मृत्यु दिनांक 04.06.2019 को हो चुकी है। आवेदकगण की माता ढेलिया बाई के मृत्यु पश्चात राजस्व अभिलेख से नाम विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 15.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202006100401019

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती किरण गुप्ता पति रज्जन गुप्ता निवासी पंचशील नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 273/111, 274/108 रकबा 0.011 हें/ 1262 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑनलाईन पं. 202006100400948

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री नरेश कुमार देवांगन आ. बुटारी देवांगन निवासी जामुल तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम जामुल प.ह.न. 18 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 977/47 रकबा 0.015 हें/ 1638 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202006100401067

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका पुहपी बाई पति संत कुमार साहू निवासी सुभाष चौक बोरसी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 126/8 रकबा 0.0810 हें/ 8694 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

मैं अपने पक्षकार आशीष कुमार पाटनी आ. श्री नरेन्द्र कुमार पाटनी निवासी मैथिलपारा हटरी बाजार दुर्ग (छ.ग.) द्वारा प्रदत्त अधिकार व निर्देश के हर आम एवं खास को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता डॉ. सतीश चन्द्र मिश्रा आ. स्व. डॉ. जगदीश चन्द्र मिश्रा निवासी सी.एच.पी.एल. होम ड्रीम 616, 5 वीं मंजिल स्मृति नगर जुनवानी दुर्ग-भिलाई की मैथिल पारा दुर्ग नजूल प्लाट क्रमांक 45 अ प्लाट नं. 33, 34 प.ह.न. 16/24 दुर्ग 646 दुर्ग 53 वर्गमीटर भूमि को खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना दे दिया है। जिसकी रजिस्ट्री 7 दिवस के बाद होना है।

उक्त सौदे में किसी भी व्यक्ति, बैंक, शासकीय एवं अर्धशासकीय, निकाय या संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो मय दस्तावेज सहित प्रकाशन पश्चात 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में आकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि बीतने के बाद आपत्ति को अमान्य माना जावेगा।

अतः सो सूचना जाने।

दिनांक 01.07.20

श्री ताराचंद शर्मा, अधिवक्ता 102 ए, ऋषभ प्राइड, ऋषभ नगर दुर्ग (छ.ग.), मो. 9329389015

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक मानसिंह आ. शंकर साकिन रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1122 रकबा 0.620 हे. जो उसके स्व. मंगलबती ध.प. शंकर के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 17.07.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

(धारा 178 प्रारुप)

रा.प्र.क्र./अ-27/वर्ष 2019-20

क्योंकि मौजा थनौद तहसील व जिला दुर्ग के सहभूमि स्वामी संतोष कुमार सिन्हा आ. सालिक राम सिन्हा साकिन थनौद तहसील व जिला दुर्ग ने निम्नकित अनुसूची में निर्दिष्ट खाते के अपने भाग के विभाजन के लिए आवेदन किया है एवं क्योंकि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित हुआ है एवं सुनवाई का दिनांक 27.07.2020 स्थान तहासील कार्यालय दुर्ग पर दिन 11:00 बजे नियत किया गया है। उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एद्त द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा हाजिर हो एवं अपनी आश्रेपों यदि कोई हो तो पेश करें

उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नही कर पाने की स्थिति में किसी आक्षेप पर विचार नही किया जावेगा।

खाते का विवरण

खसरा नं. 147/2, 233, 315, 873/2, 979, 980/1, 990, 1118/2, 1118/4, 1983, 2232, रकबा 0.12, 0.41, 0.40, 0.30, 0.17, 0.19, 0.14, 0.15, 0.07, 0.13, 0.45 हे.

आज दिनांक .10.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग

//आम सूचना//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती भूमिका आहुजा पति श्री मोहित आहुजा, निवासी औद्योगिक क्षेत्र भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग में स्थित भवन क्रं. एल.आई.जी.-11/275 औद्योगिक क्षेत्र भिलाई जिला दुर्ग में आंबटित है। आबंटी श्रीमती भूमिका आहुजा द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग से दिनांक 08.12.2014 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 05.10.2018 को निष्पादन पश्चात उक्त भवन को बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 05.11.2018 को श्रीमती वंदना जाना पति श्री प्रवीर जाना के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्रीमती वंदना जाना के द्वारा पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मंडल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः नवीन क्रेता श्रीमती वंदना जाना के नाम हस्तान्तरण/नामांतरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसानों, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वृत्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो ,इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते है। म्याद/ अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एंव नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 01.07.2020 को जारी किया गया हैं।

सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र- दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./67 ब/121/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम असोगा प.ह.न. 54 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक टेकराम आ. बिरझराम निवासी ग्राम असोगा द्वारा ग्राम असोगा प.ह.न. 54 तह. पाटन स्थित अपने नाम पर दर्ज भूमि स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 284 रकबा 0.25 हे. का प्राप्त मूल ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक टेकराम आ. बिरझराम निवासी ग्राम असोगा द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदक को द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 14.07.2020 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.06.2020 को जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, पाटन दुर्ग (छ.ग.)

बेमेतरा जिला में लगातार बिजली कटौती के खिलाफ अंकुर समाज सेवी संस्था ने खोला मोर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

बेमेतरा/साजा। जिला में लगातार अघोषित बिजली कटौती के विरोध में अंकुर समाज सेवी संस्था के प्रदेश संयोजक एवं जिला पंचायत सभापति राहुल योगराज टिकरिहा के नेतृत्व में लगभग 10 बिजली वितरण केंद्रों का एक साथ घेराव किया गया। बेमेतरा जिले में अघोषित रूप से लगातार बिजली की कटौती की जा रही है। कृषि कार्य में सिंचाई के लिए प्रदान की जा रही अटल ज्योति कनेक्शन दिनों दिन बंद पाई जाती है। प्रदेश में सरप्लस बिजली होने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति फैल है। जिससे किसानों में हाहाकार मचा हुआ है। वहीं घरेलू लाइन दिन में 15 से 20 बार बन्द चालू होता है। जिसके विरोध में बेमेतरा जिला के सभी बिजली वितरण केंद्र बेरला, रांका, भिंभौरी, अमोरा, सरदा, देवरबीजा, आनंदगाँव, नेवनारा, बारगांव और मटका का घेराव कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम पर ज्ञापन डीई, एई और जेई को सौपा गया.

जिला पंचायत सभापति एवं प्रदेश संयोजक राहुल योगराज टिकरिहा ने बताया कि बेमेतरा जिला में लगातार अघोषित रूप से बिजली कटौती को लेकर ग्रामीणों एवं नागरिकों में आक्रोश था। जिसकी शिकायत लगातार बिजली विभाग से की जा रही थी। फिर भी विभाग द्वारा संज्ञान नहीं लिया जा रहा था। जिसके विरोध में आज प्रदर्शन किया गया। बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा बिजली कटौती नहीं होने का आश्वासन दिया गया।

इस अवसर पर महेंद्र वर्मा, अशोक तिवारी, सूरज वर्मा, राजू राजपूत, नीतू कोठारी, अमर साहू, त्रिलोचन वर्मा, चंदन टिकरिहा, मनोज वर्मा, भूपेश टिकरिहा, पम्मू तिवारी, साकेत साहू, मनीष देवांगन, सीब्बू वर्मा, राकेश पाल, चतुर साहू, नरेंद्र साहू, किशन निषाद, प्रमिला कमल साहू, रोशन टिकरिहा, केदार साहू, पेखन साहू, रोहन टिकरिहा, नारद यादव, राजेन्द्र साहू, राजेन्द्र यादव, नितिन पांडेय, वेद कुमार निर्मलकर, राजेश सिन्हा, प्रकाश वर्मा, दुर्गेश वर्मा, प्रियांशु परगनिहा, सनी देवांगन, बलराम यादव, साकेत राजपूत, दुष्यंत साहू, भुरू महराज, भगवती साहू, जयराम साहू, पवन साहू, गणेश साहू, कुबेर साहू, भूषण साहू, गोलू साहू, रमेश साहू, नरेंद्र साहू, धर्मेंद्र साहू, किशन साहू, प्रकाश साहू, श्रीराम साहू, राम सहाय साहू, हुलास पाल, चंद्रिका प्रसाद साहू, कमलेश साहू, परदेशी यादव, छोटू साहू जी, मोनू रजक, रमन बघेल, गणेश साहू, मुन्ना साहू, मनीष साहू, महेश साहू, प्रकाश साहू, कामदेव साहू, ओमकार साहू, राजेन्द्र निषाद, नरेश देवांगन, हीरा साहू, ताकेश्वर निर्मलकर, शुभम साहू, विष्णु साहू, टिकेश्वर निषाद, युगांतर देवांगन, कुश कश्यप, कमल परगनिहा, मानु पटेल, अरविंद साहू, ओम प्रकाश यादव, मुकेश साहू, मनीष साहू, सुरेश देवांगन, रोमन पांडेय देवराज साहू, नरसिंग साहू, हेमकुमार साहू, विजय साहू सहित अंकुर समाज सेवी संस्था के सदस्य और भारी संख्या में किसान व ग्रामीण उपस्थित थे।

ग्रामीण मोर्चों पर विफल है बिजली विभाग

बेमेतरा जिला में अघोषित बिजली कटौती बंद करने के लिए 10 बिजली वितरण केंद्र में मुख्यमंत्री जी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। बिजली विभाग द्वारा अघोषित बिजली कटौती बंद करने का आश्वासन दिया गया है। अगर अब भी कटौती में सुधार नहीं होता है तो संस्था द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा और इस प्रदर्शन के जिम्मेदार बिजली विभाग होगी।

न्यूज गैलरी

पेट्रोल, डीजल की कीमतों, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के कल धरना प्रदर्शन

मैनपुर। पेट्रोल डीजल की कीमतों में हो रही बेतहाशा वृद्धि को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के तत्वावधान में कल धरना प्रदर्शन ब्लॉक मुख्यालय मैनपुर में रखा गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।साथ ही सभी कार्यकर्ताओं से अपील भी किया है कि सामाजिक दूरी (सोसल डिस्टेंस) व प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देश/नियमो का पालन भी करना है।

पंचुराम साहू लिपिक के सेवानिवृत्ति होने पर मैनपुर दी गई विदाई

मैनपुर। विकासखण्ड शिक्षा कार्यलय मैनपुर में 23 वर्षो से लिपिक पद पर सेवा दे रहे पंचुराम साहू के आज सेवानिवृत्ति होने पर शिक्षा कार्यलय के अधिकारी कर्मचारियों ने उन्हे साल,श्रीफल उपहार भेंट कर सा सम्मान विदाई दी गई, इस दौरान विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी आर.आर.सिंह ने कहा पंचुराम साहू पिछले 23 वर्षो से मैनपुर बीईओ कार्यलय में पदस्थ रहे और पुरे निष्ठा के साथ विभागीय कार्यो को उन्होने पुरा किया साथ ही सभी के साथ उनका परिवारिक संबध रहा। सेवानिवृत्ति हो रहे पंचुराम साहू ने कहा मैनपुर क्षेत्र के लोगों से उन्हे परिवार जैसा स्नेह मिला यहा के लोग हमेंशा उनके सुख दुख में शामिल हुए और आज सेवानिवृत्ति होने पर जो उन्हे सम्मान दिया गया है उनके लिए उन्होने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया इस दौरान बीईओं आर.आर सिंह. बी.आर.सी.सी ए.आर.टांडिया, परमानंद पटेल, गोपिद पटेल, शेख ईमामुद्दीन, सतीश साहू, पुरूषोत्तम नायक, फगेश्वर पटेल, बलराम यादव, राजकुमारी वैष्णु, इन्द्र कुमार, आकिश खान, टीकम पटेल, वेदान्त बाम्बोडे, घनश्याम, रामलाल सोरी, संतोष पटेल, नरोत्तम साहू, दिलीप साहू, खेमराज साहू, लिलेश पटेल, गन्नु नांग, दुलेन्द्र नागेश, केशव राठौर आदि उपस्थित थे ।

विधायक आशीष छाबड़ा ने किया भोईनाभाठा में विकास कार्य का भूमिपूजन

बेमेतरा/साजा। बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने मोहभठ्ठा रोड़ बेमेतरा स्थित गार्डन में चल रहे सौदर्यीकरण कार्य का अवलोकन किया तथा उपस्थित अधिकारियो को गार्डन के बाहर एवं भीतर गार्डन चेयर लगाने तथा गार्डन में लगे हुए पौधों को डिजाईन में कटिंग कराने का निर्देश दिया। विधायक आशीष छाबड़ा भोईनाभाठा पहुचकर 06 लाख की लागत से बनने वाले चबूतरा निर्माण कार्य का भूमि पूजन एवं 03 लाख की लागत से बनने वाली सीमेंट क्रांकीट सड़क का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा,मंगत साहू पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका बेमेतरा, मनोज शर्मा पार्षद, राम ठाकुर पार्षद, मुखूयनगर पालिका अधिकारी होरीसिंह ठाकुर, प्रतीक वैष्णव, चन्द्रप्रकाश गायकवाड़ अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति बाबामोहतरा, मनोज गायकवाड़, दिलीप कुमार साहू, श्रीमती ममता बाई पाटिल सरपँच उपस्थित रहे।

जिले के 1296 शासकीय स्कूलों के 3385 शिक्षक ऑनलाईन कक्षा संचालन में प्रशिक्षित

बेमेतरा/साजा। शासन द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम ÷पढ़ई तुंहर दुआर÷ के अंतर्गत सीजी स्कूल डॉट इन वेब पोर्टल में बेमेतरा जिले के सभी शिक्षकों का पंजीयन किया जा चुका है तथा सभी स्कूलों में वर्चुअल क्लास का भी गठन किया जा चुका है साथ ही लगभग 59 हजार पालकों का मोबाईल वेब पोर्टल से जोड़ा जा चुका है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री सीएस ध्रुव ने बताया कि कोविड-19 के दुष्प्रभाव से बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अभी शालाएं भौतिक रूप से प्रारंभ नहीं हुई है लेकिन बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में निरंतरता बनी रहे इसलिए शिक्षा विभाग तैयारी कर चुका है। चुंकि जिले के 1296 शासकीय स्कूलों के 3385 शिक्षक ऑनलाईन कक्षा संचालन में प्रशिक्षित हो चुके हैं। इसलिए 01 जुलाई से सभी संस्था प्रमुखों को नियमित रूप से ऑनलाईन क्लास लेने के लिए निर्देशित कर दिया गया है। ऑनलाईन क्लास के लिए शिक्षकों को पालकों तथा विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए सुविधाजनक समय-सारणी बनाने के लिए कहा गया है ताकि विद्यार्थियों को सभी विषयों का लाभ मिल सके। ऐसे विषय विशेषज्ञों का चयन भी किया जा चुका है जो विद्यार्थियों के शंकाओं का समाधान करेंगे। विद्यार्थी अपने विद्यालय के शिक्षकों द्वारा संचालित ऑनलाईन कक्षाओं और वेब पोर्टल के माध्यम से अपना अध्ययन निरंतर जारी रख सकते हैं।

पानी को लेकर हुआ विवाद

आरोपी ने महिला सहित दो लोगों पर किया जानलेवा हमला

■ घायलों का जिला चिकित्सालय में चल रहा इलाज

लवन। कहते है जल ही जीवन है, जल है तो कल हैं। लेकिन लवन के वार्ड 13 स्थित संतोषी मंदिर के पास एक व्यक्ति ने अपने पड़ोस में रहने वाले तीन लोगों पर पानी भरने की विवाद को लेकर रॉड एवं चाकू से जानलेवा हमला किया है। शराब के नशे में चूर 46 वर्षीय व्यक्ति पहले एक महिला पर रॉड से ताबड़तोड़ हमला किये जिससे महिला बुरी तरह घायल हो गई है। वही महिला को बचाने गए उसके परिवार के दो अन्य सदस्य को प्राण घातक हमला किया उक्त चाकूबाजी की घटना को देखते हुए घायल व्यक्तियो को आसपास के लोगों की मदद से परिवार वाले लवन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाये जहाँ घायल हुए तीनो का प्राथमिक उपचार के पश्चात जिला चिकित्सालय भेज दिया गया । वही चाकूबाजी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लेकर 1जुलाई दिन बुधवार को जेल दाखिल किया गया।

लवन चौकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती मंगलवार की रात्रि 8 बजे लवन वार्ड 13 संतोषी मंदिर के पास का सरकारी नल में पानी भरने की बात को लेकर महिलाओं में वाद विवाद हो रहा था। तभी नरोत्तम धीवर झगड़ा विवाद को लेकर नल को तोड़ दूंगा कहते हुए आया और पानी भरने की बात को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। आरोपी व्यक्ति नरोत्तम धीवर पिता दाऊलाल धीवर उम्र 46 वर्ष ने रॉड से दया बाई धीवर को रॉड से हमला किये जिससे महिला को हथेली, सिर व अन्य जगहों पर चोंट लगे है। वही महिला का बीच बचाव करने गए पुरुषोत्तम धीवर पिता हिरालाल धीवर उम्र 56 साल, व त्रिलोकी धीवर को चाकू से हत्या करने की नियत से प्राण घातक चोंट पहुँचाया। जिससे पुरुषोत्तम धीवर को सीना व त्रिलोकी धीवर को भी काफी चोंट लगा है। जिसका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है पीड़ित प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर आरोपी से पूछताछ किया गया जहाँ लवन पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा का सबूत पाये जाने पर आरोपी नरोत्तम धीवर के खिलाफ धारा 307 के अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल कर दिया है। उक्त करवाई में थाना प्रभारी डी बी उइके, चौकी प्रभारी पुरुषोत्तम कुर्रे एएसआई कमल किशोर श्रवण नेताम प्रधान आरक्षक संत कुमार बिंझवार, मन्नू लाल ध्रुव सहित अन्य आरक्षकों का योगदान रहा।

बिना मास्क के निकलने वाले लोगों का कटा चालान

गंडई। कोरोना से बचाव के लिए सोशल डिस्टेंस का पालन करना और मास्क लगाना अनिवार्य किया गया है। इसके बावजूद कुछ लोग नगर में बिना मास्क के ही घूम रहे हैं। ऐसे लोगों पर कल बुधवार को नगर पंचायत ने कार्रवाई की और चालान काटे गए, जो बिना मास्क के घूम रहे थे। बिना मास्क लगाए दुकान का संचालन करने वाले दुकानदारों पर यह कार्रवाई जरूरी है। नायब तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने नागरिकों व दुकानदारों से स्वयं व दूसरों की रक्षा के लिए मास्क लगाना जरूरी बताया। नगरपालिका अधिकारी अजय सिह राजपूत ने बताया समझाइश के बाद भी लोग मास्क नहीं लगा रहे हैं। जबकि मास्क लगाने से स्वयं भी सुरक्षित रहे और दूसरे को भी जागरूक करना जरूरी है। नप ने बिना मास्क के घूमने वालों पर कल बुधवार को कार्रवाई की है। बुधवार को नगर के मुख्य चौक पर कार्रवाई की हिदायत दी अभी 100 रु. का चालान काटा है। दूसरी बार भी बिना मास्क के मिले तो ज्यादा का चलान काटा जाएगा।

उप वन मंडल कार्यालय गंडई और साल्हेवारा का लोकार्पण

गंडई पंडरिया। दुर्ग वृत की चीफ सी सी एफ मुख्य वन संरक्षक शालिनी रैना एवं वनांचल के जिला पंचायत सदस्य ममता राजेश पाल ने उप वन मंडल गंडई व उप वन मंडल साल्हेवारा में फीता काटकर शुभारंभ किया। ज्ञात हो कि गंडई वन विभाग के ऑफिस 23 लाख एवम साल्हेवारा वन विभाग का ऑफिस 20 लाख की लागत से बना हुआ है। साथ ही सरई बीज भंडारण का निरीक्षण कर वन मंडल कार्यालय परिसर मे वृक्षारोपण भी किया गया।

जिला पंचायत सदस्य ममता राजेश पाल ने सभी सर्किल में जर्जर हो चुके बिट गार्ड रूम के जर्जर भवन की हालत से भी रैना मेन को अवगत कराया जिसे गंभीरता से श्री मति रैना मैडम ने जल्द ही बिटगार्ड रूम निर्माण का आश्वासन दिया है। श्री मति पाल ने महिला सशक्तिकरण पर भी प्रमुखता से बात रखी और कहा बहुत से ग्राम पंचायतों में राजस्व की भूमि नही होने से महिला समूह राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हो रहे है।

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए श्री मति रैना मैडम ने खैरागढ़ वन मंडल जिला फॉरेस्ट ऑफीसर को आवर्ती चराई योजना के तहत समाधान जल्द करने को कहा गया।लोकार्पण में प्रमुख रूप से मुख्य वन संरक्षक के अतिरिक्त वन मंडल अधिकारी खैरागढ़ रामावतार दुबे, उप वन मंडलाधिकारी अधिकारी श्री खूंटे खैरागढ़, श्री मिश्रा गंडई रेंजर एन एच ठाकुर डिप्टी रेंजर नीलकंठ यादव व अन्य फॉरेस्ट कर्मचारी .रोहित सिह पुलस्त्य ,देवलाल पुलस्त्य, राधा मोहन दास वैष्णव, घूरेलाल नागवंशी, शेर सिंह मंडावी, मनहरण साहू ,शुभम शर्मा, भारत सोनी, तहमीद खान कादरी ,परमात्मादास मानिकपुरी, भानु यादव,गौकरण, ढालेश्वर देवांगन, रिंकू पाण्डे, गफ्फार खान, लक्षमन विश्वकर्मा,व अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खरोरा के निकट बुड़गाहन में मिला 2 कोरोना पॉजिटिव

खरोरा। क्षेत्र के ग्राम बुड़गाहन में भी आज शाम 2 कोरोना पॉजिटिव केश की पुष्टि डॉ आशीष सिन्हा तिल्दा (बी एम ओ) ने की है जानकारी से प्राप्त हुआ की जो पॉजिटिव केश मिले है वे दोनों ही उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ से आये हुए थे दोनों ग्राम बुड़गाहन में 24 तारिक को पहुंचे थे। एक कोरोना मरीज 22 वर्ष का है तो दूसरा कोरोना मरीज 55 वर्ष का बताया जा रहा है। ग्राम के सरपंच रामसनेही वर्मा के द्वारा बताया गया को वे जब से आये है तब से उन्हें क्वेरेंटाइन सेंटर में सुरक्षित रखा गया था किसी भी ग्राम वासियो को डरने की जरूरत नही है।

जिलाध्यक्ष ने दी लॉकडाउन शादी की शुभकामनाएं प्रशासन को धन्यवाद

खरोरा। ग्राम पंचायत टांडा रायपुर जिला में शादी संम्पन्न हुवा चि. उमेन्द्र कुमार साहू का शादी सौ.का सुनीता(उमेश्वरी) साहू ग्राम पड़रभट्ठा बेमेतरा में संपन्न हुई जिसमे बीस लोगों की अनुमति प्रदान जिला प्रशासन व ब्लॉक स्तर से प्राप्त हुवा जिसमे सोसियल डिस्टेंस मास्क के साथ साथ दिन में तीन से चार बार सेनेटाइजरिंग किया गया साथ ही बेमेतरा प्रशासन की पुलिस पेट्रोलिग की कुछ जवान भी उपस्थित हुवे व वहां के जन प्रतिनिधियों ने भी इस शादी को सराहा और मजदूर संघ के रायपुर जिला जिलाध्यक्ष श्री खिलेश साहू जी ने श्री उमेन्द्र जी और सुनीता उमेश्वरी जी को नए गृहस्थ उज्जवल जीवन व अच्छी जोड़ी की शुभकामनायें दी इस प्रकार की कम जनसँख्या बिना सोर शराब बैंड बाजे की सादी का स्वागत किया जिसमे दिन भर बारिस के चलते भी पूरी रीती रिवाजो से शादी संपन्न के साथ साथ खाने पीने की बेवस्था भी काफी अच्छी रही यह काम कम जनसँख्या की सिमित संख्या की वजह से सफल हुवा दुल्हे राजा के पिता श्री सेवाराम साहू जी चाचा श्री शोभाराम साहू जी दुल्हन के पिता श्री दिलीप साहू जी ने भी इस लॉक डाउन कोरोना नामक बिमारी के चलते शासन की अनुमति के लिए धन्यवाद ब्यक्त किया।

RAIPUR SMART CITY LIMITED

CIN-U74999CT2016SGC007534

Chhatrapati Shivajee Maharaj outdoor stadium,
Near Vivekanand Sarovar, Raipur (C.G.) 492001

PNONE NO. 0771-4055574 FAX 0771-4055576 Website: smartcityraipur.cgstate.gov.in

क्रमांक : 290/RSCL/2020 रायपुर, दिनांक 30/06/2020

रूचि की अभिव्यक्ति

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा ठेकेदारों/संस्थानों/फर्मों/ इच्छुक व्यक्तियों के माध्यम से सीलबंद लिफाफे में आयटम रेट में दो लिफाफा पद्धति से दिनांक 07.07.2020 को अपरान्ह 5.00 बजे तक स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा व्यक्तिगत रूप से जमा किए जाने के माध्यम से आमंत्रित है। निविदा दिनांक 08.07.2020 को प्रातः 11.00 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी।

क्र.	कार्य का नाम	अमानती राशि	कार्यावधि
1.	रायपुर शहर अंतर्गत कोविड-19 हेतु कॉल सेंटर सर्विस के संबंध में	1,00,000/-	06 माह

रूचि की अभिव्यक्ति के संबंध में विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें वेबसाईट www.nagarnigamraipur.nic.in से अथवा कार्यालयीन दिवस एवं समयावधि में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

महाप्रबंधक (तकनीकी)
रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.

(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) (Successor Company of CSEB)

OFFICE OF THE SUPERTENDING ENGINEER (CIRCLE)

MAHASAMUND E mail ID- SEOnM.mahasamund@cseb.gov.in, Ph No. 07723-223833, Fax No. 07723-223870

No/SE/MSD/2020-21/E-bid No.0002/760 Mahasamund Dt. 01.07.2020

NOTICE FOR E-PROCUREMENT

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible class electrical contracors registered in O/o CE0ST:RE) CSPCL, Gudhiyari, Raipur for the following work :

Tender No/time & date of submission of bid	Date of Opening of bid	Name of work	Tender value in Rupees (Excl GST)	Eligible Contractor	Completion period
TR.No. 0002-up to 16.00 on 24.07.20 *RFx*- 8100018040	24.07.20 at 16.10	Estt., For shifting of 11 KV line at village Laharakot under Sankara Dc of (O&M) Dn. Pithora	602283.63	Class III B & above	45 Days
TR. No. 0003-up to 16.00 on 24.07.20 *RFx*- 8100018045	24.07.20 at 16.10	Estt. For Additional 33/11KV Imlibhatha (Tumadabari) S/s for Double Supply from Patewa Feeder Under Mahasamund Zone	572853.00	Class B & above	45 Days

There will be Training for bidders on every Wednesday from 3.00 pm to 5.00 pm at EITC, CSPDCL, Daganiya campus, In front of Seva Bhawan.

2. Corrigendum/Cancellation/ Time exetension, if any will be displayed on above website and notice Board of this office only.

" Save energy for bensfit of self and Nation"

SUPERINTENDING ENGINEER
(CIRCLE) CSPDCL, MAHASAMUND

कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्रमांक- 09 रायपुर

:: प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना ::

क्र. 03/न.पा.नि./जोन क्र. 09/2020 रायपुर, दिनांक 21/06/2020

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से कार्य क्र. 01 से 04 एवं श्रम आयुक्त कार्यालय ईपीएफ कार्यालय एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत ठेकेदारों से कार्य क्र. 05 हेतु सीलबंद निविदाएं एस.ओ.आर./ नॉन एस.ओ.आर./कलेक्टर दर पर लाभांश प्रतिशत दर के आधार दो लिफाफा पद्धति में दिनांक 21/07/2020 तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्र. 09 में कार्यालयीन दिवस में आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए दिनांक 13/07/2020 शाम 4.00 बजे तक आवेदन के साथ निर्धारित राशि जमा कर प्राप्त किए जाएंगे। प्राप्त निविदाएं दिनांक 22/07/2020 को पूर्वान्ह 11.30 बजे तक उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी।

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित व्यय (रुपए में)	अमानती राशि (रुपए में)	निविदा प्रपत्र मूल्य	निविदा प्रपत्र प्रारूप	समयावधि	ठेकेदार श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	जोन क्रमांक-09 अंतर्गत जोन कार्यालय हेतु आंतरिक विकास (बाऊंड्रीवाल, टॉयलेट, कमरे का पार्टीशन, फ्लोरिंग, बिजली एवं सेनेटरी) कार्य। (PWD BUILDING S.O.R. 01.01.2015)	1114000.00	12000.00	750.00	A	02 माह	ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
2	जोन क्रमांक-09 अंतर्गत जोन कार्यालय हेतु बाह्य विकास कार्य। (PWD BUILDING S.O.R. 01.01.2015)	1328000.00	14000.00	750.00	A	03 माह	ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
3	जोन क्रमांक- 09 अंतर्गत नगर निवेश विभाग हेतु प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कलेक्टर दर (परिवर्तनशील) पर 10 अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराए जाने का कार्य। (NON S.O.R.)	1297000.00	13000.00	750.00	B	12 माह	श्रम आयुक्त कार्यालय ई.पी.एफ. कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत
4	जोन क्रमांक- 09 अंतर्गत लोक कर्म एवं जल विभाग हेतु प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कलेक्टर दर (परिवर्तनशील) पर 15 अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराए जाने का कार्य। (NON S.O.R.)	1945980.00	20000.00	750.00	B	12 माह	श्रम आयुक्त कार्यालय ई.पी.एफ. कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत
5	जोन क्रमांक- 09 अंतर्गत प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कलेक्टर दर (परिवर्तनशील) पर 06 अकुशल सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराए जाने का कार्य। (NON S.O.R.)	778392.00	8000.00	750.00	B	12 माह	श्रम आयुक्त कार्यालय ई.पी.एफ. कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत
6	जोन क्रमांक- 01 अंतर्गत प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कलेक्टर दर (परिवर्तनशील) पर 04 उच्च कुशल श्रमिक (कम्प्यूटर ऑपरेटर) उपलब्ध कराए जाने का कार्य। (NON S.O.R.)	641184.00	6500.00	750.00	B	12 माह	श्रम आयुक्त कार्यालय ई.पी.एफ. कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत
7	जोन क्रमांक- 09 अंतर्गत जोन कार्यालय में एल्युमिनियम पार्टीशन करने का कार्य। (PWD BUILDING S.O.R. 01.01.2015)	450000.00	4500.00	750.00	A	01 माह	ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर

1 कार्य से संबंधित जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक-09 से प्राप्त की जा
2 निविदा में उल्लेखित उपरोक्त दिनांक में शासकीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्यालयीन दिवस कार्यवाही

पेयजल, सड़कबत्ती, सफाई समस्या निराकरण संपर्क निदान- 1100

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-09
नगर पालिक निगम, रायपुर

वन मंत्री के जनदर्शन में लगी फरियादियों की लाइन, भूले सोशल डिस्टेंसिंग

■ **पत्रकारों ने रखी जमीन आवंटन की मांग**

कवर्धा। लॉकडाउन के बाद अनलॉकडाउन में वन मंत्री एवं कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर के द्वारा लोगों से रूबरू होने व उनकी समस्याओं को दूर करने एक दिवसी कवर्धा प्रवास के दौरान जन दर्शन का आयोजन रखा गया , आयोजन कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में था मंत्री के पहुंचते ही लोगों की भीड़ जमा होनी शुरू हो गई और देखते ही देखते समस्याओं का अंबार लगने लगा लोग अपनी समस्याओं को दूर करने लंबी कतारों में लगे रहे कई लोग तो सोशल डिस्टेंसिंग को ही भूल गए थे बस उन्हें अपनी समस्याओं को दूर करने मंत्री से मिलने की जल्द बाजी थी देर सवेरे मंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को आवेदकों ने रखा ज्ञात हो कि प्रदेश के वन,परिवहन, आवास एवं पर्यावरण, विधि एवं विधायी विभाग के मंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर आज बुधवार को जिला कार्यालय के सभा कक्ष में जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित कर कबीरधाम जिले वासियों से भेंट मुलाकात की। उन्होंने जनदर्शन में शामिल आवेदकों से वन-टू-वन रूबरू होकर उनके समस्याओं, मांग के संबन्ध में अवगत हुए। श्री अकबर ने मौके पर ही संबधित विभाग के अधिकारियों को आवेदनों पर

कार्यवाही करने करने के निर्देश दिए।

पत्रकारों ने रखी जमीन आवंटन की मांग

पत्रकारों के द्वारा लंबे समय से जमीन आवंटन मांग की जा रही है वही आज वन मंत्री के एक दिवसीय प्रवास के दौरान जन दर्शन में पत्रकारों ने भूखंड क्रमांक 53 लालपुर कला में स्थित खाली जमीन की मांग वन मंत्री के समक्ष रखते हुए उनसे चर्चा की वन मंत्री के द्वारा गृह निर्माण मंडल के अधिकारियों से आवास के संबंध में चर्चा किया गया वही पत्रकारों के द्वारा भूमि आवंटन तथा आवास के विषय मे चर्चा की गई

पीएम आवास, पेयजल की मांग

जनदर्शन कार्यक्रम में कबीरधाम जिले के कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया तथा सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के ग्रामीणजन तथा जनप्रतिधि शामिल हुए। आवेदकों ने ग्राम पंचायतों में गौठान निमार्ण की मांग की गई। इसके अलावा ग्रामीणों ने सीसी सड़क, नए ट्रांसफार्मर, इलाज के आर्थिक सहायता, पीएम आवास, पेयजल के लिए हैण्डपम्प की मांग, की गई। जनदर्शन कार्यक्रम में नि:शक्त जन भी आवेदन कर बैटरी चलित ट्रायसिकल की मांग की।

जनदर्शन कार्यक्रम में उपस्थित

जनदर्शन कार्यक्रम में, कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा, कवर्धा पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, पुलिस अधीक्षक, डीएफओ, जिला पंचायत सीईओ एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे। मंत्री श्री अकबर कबीरधाम जिले में कोविड-19 कोरोना वायरस से रोकथाम तथा नियन्त्रण के बाद अनलॉक बाद पहली बार जनदर्शन आयोजित कर जनता से रूबरू हुए।

■ न्यूज गैलरी

पोषण बाड़ियों के लिए दिए जाते हैं फलों के पौधे और सब्जियों के बीज

राजनांदगांव। राज्य सरकार पोषण बाड़ी विकास योजना के अंतर्गत जिले को 3 हजार 898 बाड़ी का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। ग्रामीण किसान परिवारों की बसाहट के आस-पास बाड़ियों में फल, साग-सब्जी की खेती को बढ़ावा देने के लिए पोषण बाड़ी योजना शुरू की गई है। योजना के माध्यम से फलों और साग-सब्जियों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। मौसम के आधार पर किसानों को शत प्रतिशत अनुदान पर खरीफ, रबी एवं जायद मौसम में अधिकतम एक हजार रूपए तक के फलों और साग-सब्जियों के पौधे उपलब्ध कराए जाते हैं। इनमें आम, नीबू, अमरूद, पपीता, केला, करौंदा और कटहल के पौधे दिए जाते हैं। किसानों को योजना के तहत सब्जी-भाजियों के बीज और कंद उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिले में एक हजार 597 किसान परिवारों को पोषण बाड़ी विकास योजना से लाभान्वित किया गया है।

कोरोना को मात देकर घर लौटे विधायक

राजनांदगांव। कोरोना वायरस को मात देकर डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू मंगलवार को अपने गृह ग्राम आलीवार लौट आए। उन्हें एक सप्ताह तक होम आइसोलेशन में रहने की सलाह दी गई है। उनकी सकुशल वापसी पर ग्रामीणों तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ताली बजाकर स्वागत किया। उनकी धर्मपत्नि जयश्री साहू ने आरती उतारकर अगवानी की। उल्लेखनीय है कि विधायक श्री साहू को गत 22 जून को कोरोना टेस्ट में पॉजीटिव पाया गया था। इसी दिन उन्होंने की प्रश्नोत्तर संदर्भ समिति की बैठक में शिरकत की थी। कोरोना पॉजीटिव आने के बाद विधायक श्री साहू का इलाज एम्स रायपुर में चल रहा था। स्वस्थ होने के बाद मंगलवार को छुट्टी दे दी गई जिसके बाद वह गृह ग्राम आलीवारा पहुंचे, उनके पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा ग्रामवासियों ने ताली बजाकर अभिनंदन किया। विधायक की धर्मपत्नि जयश्री साहू ने प्रवेश द्वार पर आरती उतारी। बताया जाता है कि विधायक श्री साहू लगभग सात दिनों तक होम आइसोलेशन में रहेगें। ब्लाक इंका अध्यक्ष बलीराम साहू, जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव, जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, नपं अध्यक्ष हीरा निषाद, उपाध्यक्ष ललित लोढा, रवि शुक्ला, सोनूराम साहू, चेतन साहू, दीपक देवांगन, जपं उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, प्रियंक जैन, किशोर बोहरा, संजय संचेती, अजय जैन, अनिल कसेर, अशोक मालेकर, संजय मुटकुरे आदि ने स्वस्थ्य होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरूद्ध भाजपा ने की एफआईआर दर्ज करने की मांग

राजनांदगाँव। 29 जून को कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा पेट्रोल एवं डीजल मूल्य वृद्धि के विरोध में किए गए धरने प्रदर्शन को मुद्दा बनाते हुए जिला भाजपा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर करोना प्रोटोकॉल के तहत राजनीतिक सभा के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा कि करोना संक्रमण काल में इस तरह का विरोध प्रदर्शन करना शासन के नियमों के विपरीत कृत्य है, इससे करोना संक्रमण फैलने का डर है। विदित हो कि बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने न केवल सभा की बल्कि रैली के माध्यम से चौक पर पहुंचकर प्रधानमंत्री मोदी का पुतला भी फूंका। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने शासन से कड़े शब्दों में मांग की है कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाए और करोना संक्रमण के फैलने के प्रयासों के तहत धारा लगाई जाए और शासन ने इस विषय पर एफआईआर दर्ज नहीं की तो भाजपा आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

मुख्यमंत्री कोरोना के लिए गंभीर, संक्रमण से मिली प्रदेश को राहत : कुतबुद्दीन सोलंकी

राजनांदगांव। मध्यप्रदेश खनिज निगम के भूतपूर्व अध्यक्ष कुतबुद्दीन सोलंकी ने बताया कि कोरोना वायरस कोविड-19 को आम जनता गंभीरता से लें। सोलंकी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व दिल्ली एम्स के निर्देशक डा. गुलेरिया ने बताया कि आने वाले जून और जुलाई माह में कोरोना के मरीजों की संख्या अधिक बढ़ेगी और वर्तमान में हम देख रहे है कि भारत में प्रतिदिन कोरोना संक्रमण की संख्या लगभग 566840 है तथा कुल संख्या 86,08,654 है। सोलंकी ने बताया कि कोरोना सबसे ज्यादा विदेश में प्रभावित देश पहले अमेरिका, ब्राजील, रूस, स्पेन, ईटली, ब्रिटेन, फ्रांस, जुर्मनी, ईरान है। इसी तरह भारत में सबसे ज्यादा प्रभावित नगर महाराष्ट्र, तमिलनाडू, दिल्ली, गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ है। हम छत्तीसगढ़वासी है।

क्वारेन्टाईन सेन्टर मजगांव में उत्पात मचाने वाले आरोपी गिरफ्तार'

कवर्धा। मजगाव के कोरेनटाइम सेंटर में एक नया मामला निकल कर सामने आया जब अन्य प्रदेश से आए अपने भाई से मिलने के लिए उसका भाई कवर्धा पहुंच गया और मजगाव स्थित क्वॉरेंटाइन टाइम सेंटर में अपने भाई के संपर्क में आने के बाद वह अपने घर के लिए लौटने लगा जब इसकी जानकारी ग्रामीणों को मिली तो ग्रामीणों ने उन्हें रोकना चाहा लेकिन वह ग्रामीणों से ही विवाद करने लगा विवाद की स्थिति को बढ़ता देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल ही तहसीलदार व नजदीकी थाने को दी युवक ने नयाब तशीलदार के साथ भी विवाद करना शुरू कर दिया आखिरकार युवक के ऊपर महामारी एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही हैं। ज्ञात हो कि थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश सोम के कुशल नेतृत्व में दिनांक 22.05.2020 के रात्रि 08 बजे आरोपी पिंकू निषाद द्वारा दूसरे प्रदेशो से आये अपने भाई गणेश निषाद जो क्वारेन्टाईन सेन्टर मजगांव के स्कूल में रह रहे थे जिसके संपर्क में आ गया सपर्क में आने के बाद आरोपी को गांववालो के द्वारा क्वारेंटाईन होने कहा गया जो नहीं माने और विवाद करने लगे तत्पश्चात गांव वालों के द्वारा नायब तहसीलदर हेमंत पैकरा को सूचना दिया गया जो मौके पर जाकर आवश्यक समझाईस दिए तो भी नही माने और प्रशासन के लोगो से विवाद कर बिना क्वारेंटाईन हुए अपने घर में चले गये कि रिपोर्ट पर थाना कवर्धा के अपराध क्रमांक 208/2020 धारा 188,269,270 भादवि एवं 3 महामारी एक्ट के आरोपी पिंकू निषाद पिता मनसुखा निषाद उम्र 27 साल साकिन मजगांव थाना कवर्धा जिला कबीरधाम को होम करंट टाइम अवधि के बाद आज दिनांक 01.07.2020 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है । उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश सोम , सउनि रघुवंश पाटिल , आर .456 हिरेन्द्र साहू , आर .360 शेषनारायण सिन्हा , आर .702 उमाशंकर साहू , सै 0 80 अनिल पाण्डये थाना कवर्धा का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा

अप्रिय घटना करने के फिराक में था आरोपी

कवर्धा। अपराधो की रोकथाम के लिए सघन रात्रि गस्त एंव पेट्रोलिंग लगातार कराई जा रही है, रात्रि गस्त के दौरान ग्राम बिडोरा चैक मे रात्रि 02.30 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति मिला जो पुलिस को देखकर भाग रहा था जिसे दौडाकर पकडा गया जिसका नाम पता पुछने पर मनोज जंधेल पिता संतोष जंघेल उम्र 26 निवासी गोपाल नगर गली नं . 1 नया सुलभ के पास गुढियारी रायपुर का होना बताया जिसकी तलाशी लेने पर एक गुप्ती नुमा तलवार पाया गया जिसे जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया द्य आरोपी से पुछताछ के दौरान थाना लोहारा क्षेत्रांतर्गत मे अप्रिय घटना को अंजाम देने वाला था जिसके विरूध्द थाना स0 लोहारा अपराध क्रमांक 85/20 धारा-25 आर्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को रिमांड पर भेजा गया । उक्त कार्यवाही मे सउनि . जी . एस . यादव , प्र0 आर0 356 खुबीराम साहु एंव रात्रि गस्त मे लगे कर्मचारीयो का कार्य सराहनीय रहा ।

छग शालेय शिक्षक संघ के नाम से जाना जाएगा शालेय शिक्षाकर्मी संघ

■ **समस्त शिक्षाकर्मियों के संविलियन होने के बाद संघ के नाम में किया गया परिवर्तन**

कवर्धा। शालेय शिक्षाकर्मी संघ अब छग शालेय शिक्षक संघ के नाम से जाना जाएगा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने प्रदेश स्तरीय वर्चुअल बैठक में इसकी औपचारिक घोषणा की। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। शालेय शिक्षाकर्मी संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र चंद्रवंशी व प्रदेश प्रवक्ता गजराज सिंह राजपूत ने बताया कि हमारे संघ ने वादा किया था कि जब तक प्रदेश के समस्त शिक्षाकर्मियों का शिक्षा विभाग में संविलियन नही हो जाता तब तक हमारे संघ के नाम में परिवर्तन नही किया जाएगा। शासन के घोषणा के अनुसार 1 जुलाई 2020 से सभी शिक्षाकर्मियों का शिक्षाविभाग में संविलियन हो जाना है तथा राज्य मे शिक्षाकर्मी व्यवस्था समाप्त हो जानी है। अतः 1 जुलाई से ही शालेय शिक्षाकर्मी संघ को छग शालेय शिक्षक संघष् पं. क्र. 122202049545 के नाम से जाना जाएगा। बुधवार को संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र चंद्रवंशी, प्रदेश प्रवक्ता गजराज सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष मुनव्वर बेग, सह सचिव भानू राजपूत, संगठन सचिव विष्णु कौशिक, संतोष शर्मा आदि ने संघ के नए नाम को जिला स्तर पर प्रमोट किया।

जिला चिकित्सालय में स्त्री रोग विशेषज्ञ, नि :श्चेतना विशेषज्ञ के रिक्त पदों पर होगी भर्ती'

कवर्धा। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जीवनदीप कार्यकारिणी समिति रमेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में जिला चिकित्सालय के सभा-कक्ष में समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों की उपस्थिती में जीवन दीप कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुसार और वन परिवहन मंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर, जिला प्रभारी मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय कबीरधाम में मरीजों की सुविधाओं के विस्तार के लिए जीवनदीप, एन.एच.एम, अन्य मदों से स्त्री रोग विशेष, निःश्चेतना विशेषज्ञ रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के लिए चर्चा की गई।

जनपद सदस्य के पति की फेसबुक हैक कर ठगे 40 हजार

राजनांदगांव। घर में आपातकालीन स्थिति आ गई है 35 हजार रुपए की तत्काल जरूरत है। कृपया ऑनलाइन ट्रांजैक्शन कर दीजिए। यदि इस तरह के मैसेज आपके मोबाइल में आए तो आप रुपए भेजने से पहले संबंधित व्यक्ति से फोन पर बात जरूर कर लें। दरअसल यह ऑनलाइन ठगी का नया ट्रेंड है। जिसमें अपके परिचय के लोगो की फेसबुक आईडी हैक कर आपको इमोशनल कर रूपयों की डिमांड की जाती है रूपये भेजने के बाद जब मालूम होता है कि आपके द्वारा भेजी गई राशि किसी ठग के पास पहुंच गई है तो सिवाय पछताने के कुछ नहीं बचता है। रविवार को ऐसी ही घटना घटी। जनपद पंचायत राजनांदगांव की सदस्य के पति सूर्यकांत भंडारी की फेसबुक आईडी हैक कर उनके 40-50 मित्रों को आपातकालीन का हवाला देकर रुपए मांगे गए। दो मित्रों ने 20-20 हजार रुपए के ट्राजैक्शन भी कर दिए। जब तक सूर्यकांत को मामले की जानकारी होती, तब तक ठग करके आरोपित फरार हो गया था। मामले पर सोमनी थाने में शिकायत की गई है।

भंडारी के फेसबुक मैसेंजर से अचानक उनके 40-50 मित्रों को मैसेज आया कि उसके परिवार में कोई आपातकालीन स्थिति आ गई है, 20-40 हजार रूपये भेज दें। मित्र यदि फोन में बात करने की बात कहता तो चैट बंद करके फरार हो जाता। इस बीच दो मित्र ठग की बातों में आकर 10-10 हजार करके 40 हजार रुपए ठग लिए गए।

सूर्यकांत भंडारी ने बताया कि करीब पौने आठ बजे उनके दोस्तों से रूपयों की मांग की गई और आठ बजकर पांच मिनट में आई हैक होने की जानकारी हो गई। जब तक कोई ऐक्शन लिया जाता तब तक दो लोगों से 40 हजार रुपए ठग लिए गए थे। सूर्यकांत भंडारी का कहना है कि यदि उसकी आईडी से किसी भी व्यक्ति से रुपए मांगे जा रहे होंगें तो न दें।

इस संबंध में सोमनी थाना प्रभारी रूचि वर्मा ने बताया कि सूर्यकांत की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। साईबर क्राइम का मामला है। यूआरएल लेकर और नंबर ट्रैस कर ठग की तलाश की जाएगी।

किसानों की समस्या को लेकर मंत्री मो. अकबर से मिले तुकाराम चंद्रवंशी

कवर्धा। कोरोना काल मे किसानों की आर्थिक समस्या को समझते हुए जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी ने जिला के दोनों शक्कर कारखाना में किसानों को गन्ना की राशि का लंबित भुगतान की मांग को लेकर मंत्री जी को पत्र लिख कर जल्द ही भुगतान करने की मांग किया ।

तुकाराम चंद्रवंशी ने बताया कि पंडरिया शक्कर कारखाना के 4966 किसानों की लगभग 19 करोड़ 45लाख व कवर्धा शक्कर कारखाना में 9280 किसानों के लगभग 46.31 करोड़ की राशि का भुगतान लंबित है ।

राशि भुगतान की मांग लो लेकर आज कलेक्टर सभागार में उपस्थित जिले के मंत्री मोहम्मद अकबर जी को पत्र देकर किसानों की 14246 किसानों का 65 करोड़ 76लाख 55 हज़ार रूपय की राशि किसानों को भुगतान करने का मांग किया जिस मंत्री जी ने जल्द ही किसानों का लंबित राशि का भुगतान करवाने की बात कही है ।

शासन के लिए चुनौती, अवैध प्लाटिंग को कैसे रोके?

राजनांदगांव। राजनांदगांव जिले के नगर पंचायत छुरिया में अवैध प्लाटिंग को रोकना शासन के लिए अब चुनौती बन गया है। अवैध प्लाटिंग करने वाले भू-माफिया एवं जमीन दलालों के सामने शासन बौना नजर आ रहा है। राजस्व अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा इन भू-माफियाओ एवं जमीन दलालों पर कार्यवाही करने के पहले ही हाथ-पैर फुलने लगे है, अर्थात इन भू-माफिया एवं जमीन दलालों के रसूख के सामने राजस्व विभाग नतमस्तक दिखाई दे रहा है।

सूत्रों से पता लगा है कि कॉलोनाइजर लाइसेंस व भूमि विकास अनुज्ञा प्राप्त किये बगैर अवैध प्लाटिंग करने वाले भू-माफिया एवं जमीन दलालों पर राजस्व अधिकारी-कर्मचारी कार्यवाही करने से इस लिए बच रहे है, क्योंकि कहीं न कहीं उनका कागज-कलम इसमें फंसा दिखाई पड़ता है। शासन को हानि पहुंचाने वाले, इस अवैध कृत्य में राजस्व अधिकारियों की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता। ज्ञात सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार कुछ जमीन दलालों द्वारा यह कहा जा रहा है कि विधायक से लेकर मंत्री तक चढ़ावा दिया जाता है, तो उनके सामने ये अधिकारी, कर्मचारी हमारा क्या बिगाड़ लेंगे। नगर पंचायत छुरिया के चारों दिशाओं में भू-माफिया एवं जमीन दलालों द्वारा जमीन खरीदी बिक्री का जाल बिछाकर गरीब, एवं भोले-भाले किसानों की जमीन कम दामों में खरीद कर मोटा मुनाफा कमाते हुए राजस्व हानि पहुँचाते हुए अवैध प्लाटिंग को अंजाम दिया जाता है।

सूत्रों की माने तो नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत लगभग दस एकड़ प्लाट पर अवैध प्लाटिंग किया गया है। इसी तरह राजगामी संपदा कि भूमि पर भी रसूखदार लोगों द्वारा अतिक्रमण कर जमीन खरीदी बिक्री का कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिसमें कुम्हारपारा से लेकर कॉलेज तक लगभग दो से तीन एकड़ में कब्जा कर अवैध रूप से खरीदी बिक्री की गई है। अवैध प्लाटिंग के खबर प्रकाशन पश्चात कुछ बुद्धिजीवियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों के द्वारा इन अवैध प्लाटिंग से संबंधित भूमियों की जानकारी एकत्रित कर जिलाधीश एवं राजस्व मंत्री तक शिकायत किए जाने की तैयारी है।

सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि नगर के कुछ छुटभैय्ये नेता एवं जमीन दलाल बाहर से भू-माफियाओं को अवैध प्लाटिंग के लिए निमंत्रण देते है, जिससे जमीन दलाली में अपना भला करते हुए गरीब एवं छोटे तबके के लोगों को भूमिहीन बनाकर अहित करते है। सोचने वाली महत्वपूर्ण बात यह भी है कि भाजपा शासन काल मे नगर एवं क्षेत्र में इतना अवैध कार्य नहीं हुआ जितना वर्तमान शासन में देखने को मिल रहा है। जिस पर नगर में निवास करने वाले दिग्गज कांग्रेसी मौन धारण किये हुए है, जो भी हो इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर जनप्रतिनिधियों को जनता की अपेक्षा के अनुरूप जवाब देना एवं कार्यवाही कराना अपेक्षित है।

छुरिया में अवैध प्लाटिंग करने वाले भू माफिया वह दलालों कोई भी हो सरकारी जमीन में किसी भी प्रकार के किसी व्यक्ति द्वारा प्रशासन को गुमराह करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।

श्रीमती छन्नी साहू, विधायक खुज्जी विधानसभा

पहले भी तहसीलदार व एसडीएम को कार्यवाही के लिए सूचना दे दी गई है। बहरहाल छुरिया कंटेटमेंट जोन में है। जैसे ही कंटेटमेंट जोन खत्म होती है। हम संबंधित विभाग के सहयोग से त्वरित कार्यवाही करेंगे

राजकुमारी सिन्हा, अध्यक्ष-नगर पंचायत छुरिया

भूमिमाफियाओं के खिलाफकार्यवाही होना चाहिए। जमीन दलालों के चलते गरीबों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सलमान खान, उपाध्यक्ष-नगर पंचायत छुरिया

अपनी फोटो देख मुस्कुराये मंत्री

भाटापारा। प्रदेश के मंत्री अमर जीत भगत ने प्रदेश कांग्रेस के सचिव गणेश सिंह धुव द्वारा उन्हें दी गई फ़ोटो को देख मन्द मन्द मुस्कुराते हुए गणेश धुव को धन्यवाद दिया। विदित हो की सोमवार को अपनी रायपुर यात्रा के दौरान प्रदेश कांग्रेस के सचिव गणेश सिंह धुव ने प्रदेश सरकार के मंत्री अमरजीत भगत से मुलाकात करते हुए उन्हें उनके गत दिवस सम्पन हुए जन्मदिन की बधाई दी।इस अवसर पर गणेश धुव ने मंत्री महोदय को उनका तेल चित् वाला फ़ोटो फ्रेम दिया, फ्रेम में अपनी तस्वीर को देख मंत्री मन्त्रमुग्ध हो कर अपनी तस्वीर को निहारते मन्द मन्द मुस्कुराते हुए गणेश को धन्यवाद दिया।इस दौरान गणेश ने मंत्री महोदय को क्षेत्र में चल रहे कार्यो एवम् संग़ठन के बारे में विस्तार से चर्चा की।

पूर्व सरपंच के मकान को तुड़वाने पर अनिल पाण्डेय ने नाराजगी जताई

भाटापारा। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अनिल पांडे ने ग्राम पंचायत चन्देरी के पूर्व सरपंच के मकान 3 घण्टे की नोटिस में तहसीलदार द्वारा तोड़े जाने पर गहरी नाराजगी जताते हए कहा की इससे पता चलता है की प्रदेश सरकार किसान गरीब विरोधी है। प्रदेश भाजपा के नेता अनिल पाण्डेय ने कहा की एक तरफबारिस के मौसम में 15 जून के बाद बेजा कब्जा बेदखली का कार्य बन्द हो जाता है वही प्रदेश की कांग्रेस सरकार के अधिकारीयो ने सिमगा ब्लाक के चन्देरी गॉव के पूर्व सरपंच के मकान को अवैध बताते हुए 3 घण्टे की नोटिस में तोड़ दिया गया। श्री पाण्डेय ने कहा की कभी सरकार कहती है कि हम सरकारी जमीन को जो वर्षो से काबिज हैं उसको उनका अधिकार देकर उनके नाम पर शुल्क लेकर रजिस्ट्री करवाएंगे ।उन्हें पट्टा देंगे। दूसरी तरफ जमीन मैं निर्मित मकान को उसी दिन नोटिस जारी करके तोड़ना समझ से परे है। श्री पांडे ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के कथनी और करनी में फर्क है और उसका प्रत्यक्ष उदाहरण चंदेरी ग्राम पंचायत है बरसात के समय वैसे भी कभी किसी का अवैध कब्जा नहीं तोड़ा जाता ।लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा फैक्ट्री से जेसीबी मशीन मंगवा कर अनान फ़ानन में मकान को तोड़ना समझ से परे है ।श्री पांडे ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार कभी किसी गरीब का भला नहीं कर सकती वह जब भला करेगी अमीर व्यक्ति का और पूंजीपति व्यक्तियों का ही भला करेगी क्योंकि गरीब आदमी का सुनने वाला इस संसार में कोई नहीं है । श्री पांडे ने जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारियों से आग्रह किया है कि किसके कहने पर उक्त मकान को तोड़ा गया उसको 2 दिन का भी समय नहीं दिया गया कि वह अपने घर से सामान को कही सुरक्षित रख सके ।घर के अंदर में बहुत सारा सामान रखा हुआ था । उसके बाद भी मशीन चलाना समझ से परे है श्री पांडे ने समस्त अधिकारी कर्मचारियों से निवेदन किया है की कभी कोई कार्य ऐसा ना करें जिससे किसी भी व्यक्ति को परेशानियों का सामना करना पड़े आज वह व्यक्ति अपने सामान को निकाल भी नहीं पाया और आपके द्वारा उसी दिन 12:00 बजे नोटिस जारी करके उसी दिन मकान को तोड़ना न्याय संगत नहीं है श्री पांडे ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात करके उनकी बात सुनकर उनको आश्वासन दिया कि आप के साथ अन्याय नहीं होगा और आप लोगों के हित की लड़ाई भारतीय जनता पार्टी आपके साथ कदम से कदम मिलाकर लड़ेगी श्री पांडे ने छत्तीसगढ़ सरकार की कथनी और करनी को बताते हुए कहा कि यह कांग्रेस की सरकार है कहती कुछ और है और करती कुछ और है ,कांग्रेस का नारा तो है गरीबी हटाओ लेकिन जब वह सत्ता पर आती है तो गरीबी तो नहीं हटती गरीब जरूर हट जाते हैं।

केशला में हुआ भगवान राधा कृष्ण, हनुमान जी की प्रतिमा का स्थापना

खरोरा । ग्राम केशला में वार्ड नं 20 शांति नगर में किया गया राधा कृष्ण हनुमानजी की प्रतिमा का स्थापना किया गया,गांव के सभी जनप्रतिनिधि एवं ग्राम वासियो के सहयोग रहा जिसमे प्रमुख रूप से केशला सरपंच विनोद देवांगन, पूर्व उपसरपंच छबि नाशिने, जनपद सदस्य मुकेश भारद्वाज , सचिव कार्तिक वर्मा, राजकुमार निर्मलकर ,गौरी देवांगन ,लोमेश देवांगन , कैलाश शर्मा , डेरहा राम ,कैलाश यादव , चंदू देवांगन ,एवम समस्त वार्ड वासी उपस्थित रहे।

शेड की क्षमता का होगा पूरा उपयोग

शेड के नीचे नीलामी के बाद मंडी प्रशासन का नया फैसला

भाटापारा। अब शेड की क्षमता का पूरा उपयोग किया जाएगा। ताजा फैसले से किसानों की उपज भीगने से बचाई जा सकेगी तो मिलों की भी शिकायत दूर की जा सकेगी। मंडी प्रबंधन ने अपने इस फैसले की जानकारी सभी पक्षों को देते हुए निर्देशित किया है कि वे तय व्यवस्था के अनुसार ही काम करें।

सोमवार की सुबह से ही बरसने वाले बादलों को देखते हुए कृषि उपज मंडी ने कड़ा रुख बनाया और सभी पक्षों को आदेश जारी किया कि स्थिति को देखते हुए ही काम करें। जहां तक हो सके खुले में नीलामी से बचें और शेड के नीचे ही यह काम करवाएं। इसके बावजूद कुछ ने आदेश नहीं माना और दोपहर बाद मौसम बिगड़ने लगा जब तक बचाव के उपाय किए जाते तब तक प्रांगण में

भरे बोरे भीगने लगे। ले- देकर व्यवस्था बनाई गई तब कहीं जाकर नुकसान से बचा जा सका। मंगलवार की सुबह से ही बूंदा-बांदी होते देख मंडी प्रशासन ने तेवर दिखाए और शेड में जगह बना कर नीलामी करवाई। तब तक सोमवार को भीगा हुआ धान किसी तरह मिलों को रवाना किया जा सका।

अब शेड की पूरी क्षमता का उपयोग

प्रांगण में धान की नीलामी के लिए 7 शेड बने हुए हैं। प्रत्येक शेड की क्षमता 1000 बोरा धान की है। फिलहाल इसका एक बड़ा हिस्सा जाम है। इनके मालिकों से कहा जा रहा है कि वह समय रहते शेड खाली करें ताकि मंडी का काम प्रभावित ना हो। वैसे भी शेड बारिश की स्थिति को देखते हुए नीलामी के लिए ही बनवाया गया है इसलिए अब इनका उपयोग इसी काम के लिए किया जाएगा ना कि स्टॉक के लिए। इसलिए सभी से सहयोग की अपेक्षा मंडी प्रबंधन ने की है।

मंगलवार को रही ऐसी स्थिति

सोमवार से मंडी प्रशासन के कड़े तेवर को देखते हुए ना तो मंडी अभिकर्ताओं ने ना तो खुले में धान की कटाई करवाई न हीं किसानों ने जिद की और ना मिलों ने कुछ कहा क्योंकि यह तीनों सोमवार को हुए नुकसान को देख चुके थे लिहाजा फैसले को पूरा सम्मान दिया गया और शेड के नीचे की व्यवस्था के तहत खरीदी बिक्री के काम संपन्न करवाए। प्रबंधन ने आग्रह किया है कि मिलें खरीदी के बाद की सारी प्रक्रिया तत्काल शुरू करें और खरीदी गई उपज मिलों के लिए रवाना करें ताकि दूसरे दिन के लिए जगह बनाई जा सके।

मोटा धान के लिए बढ़ेगी जगह

प्रांगण में वैसे तो सात शेड हैं। इनमें मोटा और बारीक धान की दोनों प्रजातियों की नीलामी के लिए पर्याप्त जगह है लेकिन ताजा स्थिति में अधिकतर शेड का उपयोग स्टॉक के लिए किया जा रहा है। अब इस पर कड़ा तेवर दिखाने के मूड में आ चुका मंडी प्रशासन मोटा धान के लिए ज्यादा जगह बनाने के प्रयासों में लगा हुआ है क्योंकि आवक इसी प्रजाति की धान की ज्यादा होती है। प्रबंधन ने संकेत दिए हैं कि तीन शेड इसके लिए तय कर दिया जाए ताकि बारिश के दिनों में होने वाली आवक का काम व्यवस्थित तरीके से पूरा किया जा सके।

> प्रांगण में बने प्रति शेड की क्षमता 1000 बोरा की है। लिहाजा इस क्षमता का अब पूरा उपयोग किया जाएगा। किसानों अभिकर्ता और मिलों से आग्रह किया जा रहा है कि इस फैसले के अमल में पूरा सहयोग करें ताकि किसी भी पक्ष को नुकसान ना हो।
>
> **- डीके सिंह,** सचिव, कृषि उपज मंडी भाटापारा

लाखों के गबन पर कार्यवाही नहीं पंचायत ग्रामीण विकास सचिव से होगी शिकायत

देवभोग। जिला पंचायत द्वारा जांच के आदेश देने के बाद भी आचार संहिता के दौरान 14 वें वित्त मद से लाखों के कमीशन खोरी का खेल पर अब तक कार्यवाही नहीं हो पाया है। जबकि मामला पूरा आईने की तरह साफहो गया है। बावजूद इसके जिम्मेदारों को कार्यवाही की तलवार से बचाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। क्योंकि आदर्श आचार संहिता के दौरान 16 पंचायत के पूर्व सरपंच और सचिव द्वारा बिना कार्य किए डीएससी के माध्यम से लाखों रुपए निकाल लिया। जिसका चढ़ावा भी अधिकारियों को चढ़ाया गया है। शायद यही कारण है की जमीनी स्तर पर कार्य नजर नहीं आने पर भी ग्राम पंचायत सचिवों को कार्यवाही से अब तक दूर रखा गया है। जिसे लेकर नवप्रदेश द्वारा लगातार खबर प्रकाशित के बाद जिला पंचायत से जांच के आदेश जारी हुआ और स्थानीय जनपद सीईओ द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों को निर्माण कार्य की मूल्यांकन सत्यापन फोटोग्राफ्स 15 दिवस के भीतर पेश करने के लिए नोटिस जारी किया लेकिन 15 दिन से

अधिक समय गुजरने के बाद भी सचिवों द्वारा रिपोर्ट पेश नहीं किया है। क्योंकि वह कार्य राशि निकालने के दौरान नहीं हो पाया और वर्तमान स्थिति में सचिव के भरोसे नहीं किया जा सकता। जिसे लेकर ग्राम पंचायत सचिव भी चिंतित नजर आ रहे हैं। सचिवों द्वारा तो दबी जुबान में यह कहा जाता है की राशि निकालने के बाद पूर्व सरपंच डीएससी इंट्री प्रभारी के अलावा अधिकारी को चढ़ावा चढ़ाने में ही आधी से ज्यादा रकम निकल गया। ऐसे में किस तरह धरातल में कार्य किया जा सकता है ।हालांकि कुछ पंचायतों में मटेरियल जुगाड़ कर कार्य शुरू करना भी बताया जाता है ।लेकिन अब तक उनकी स्थिति नहीं हो पाई है। उल्लेखनीय हो की पंचायती चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता प्रभाव में होने के बाद भी ब्लॉक की डोहेल माहुलकोट कुमडईखुर्द, बरबहेली सेनदमुडा,सहित 16 पंचायत के सचिव एवं सरपंचों ने 14वें वित्त मद में जमा हुए लाखों रुपए बिना कार्य किए फर्जी बिल लगाकर ऑनलाइन डीएससी के माध्यम से एफटी ओ करा लिया लेकिन जिस कार्य के नाम पर राशि आहरण हुआ वह कार्य आज भी जमीनी स्तर पर निर्माण नहीं हो पाया है। शायद यही वजह है कि जनपद सीईओ को पंचायत से कार्य की मूल्यांकन सत्यापन सहित फोटोग्राफ्स मंगानी पड़ रही है ।

> हमने ग्राम पंचायत सचिवों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है अब तक जवाब नहीं आया हैं जिसे लेकर आगामी दिनों में जांच टीम गठित कर जांच किया जाएगा और फर्जी पाए जाने पर अनियमितता बरतने के आधार पर कार्यवाही किया जाएगा
>
> **एम एल मंडावी,** सीईओ देवभोग

प्रथम पृष्ठ का शेष...

ब्रह्मंड की उत्पत्ति के रहस्यों को...

राज्य पुलिस सेवा में अपनी सेवा दे रहे कपिल चंद्रा के शोध पत्र का प्रकाशन यूएसए के जर्नल में किया गया है। पहले यह माना जाता था कि ब्लैक होल में सब कुछ समा जाता है और कोई चीज बाहर नहीं निकल सकती है। फिर क्वांटम भौतिकी में यह मामला सामने आया कि क्वांटम प्रभाव के कारण से हर ब्लैक होल का एक निश्चित तापमान होता है और इस तापमान के कारण से कुछ न कुछ कण विकिरण के रूप में निकलते रहते हैं और अंत में ब्लैक होल का विस्फोट हो जाता है जिससे ब्रम्हाण्ड के समस्त पदार्थों का निर्माण होता है।

जापान से मिला था आमंत्रण...

लेकिन कोरोना के चलते लग लॉकडाउन के कारण वे वहां नहीं जा पाए थे।

सरकार का पक्ष सिर्फ...

अचानक राज्य सरकार की तरफ से जारी इस आदेश के बाद सियासी हलकों में अटकलबाजी तेज हो गई है। मीडिया की तरफ से लगातार इस बाबत मांग भी हो रही थी, कुछ मंत्रियों को राज्य सरकार का पक्ष रखने के लिए अधिकृत किया जाये। लिहाजा सरकार ने दो मंत्रियों को इसकी जिम्मेदारी दी है। हालांकि छत्तीसगढ़ में कभी इस तरह की स्थिति नहीं रही है। मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों में वैसे सरकार के अधिकृत प्रवक्ताओं की नियुक्ति होती है। पूर्ववर्ती भाजपा शासनकाल में इस तरह से तीन मंत्रियों को शासन का पक्ष रखने के लिए अधिकृत किया गया था।

टीबी डिबेट में सिंहदेव...

गली फसल भी आ जाएगी तो यह राशि किसानों के खाते में नहीं पहुंचेगी। इसके जवाब में मंत्री सिंहदेव ने कहा था कि-मैं सबके सामने कहता हूं कि यदि अगली फसल आने से पहले अंतर की राशि किसानों के खाते में नहीं पहुंची तो इस्तीफा दे दूंगा। सिंहदेव ने यह भी कहा था कि वायदा पूरा हुआ तो किसानों के बीच भ्रम की राजनीति करने वाले विपक्ष के जवाबदेह नेता क्या करेंगे? क्या वे भी गलत आरोप और भ्रम फैलाने को स्वीकार करते हुए इस्तीफा देंगे।

सीएम के पक्ष में उतरे...

बलिक संवैधानिक रूप से चुने गए जन प्रतिनिधि हैं, जो जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं।'

कोरोना: पीएचक्यू के 9 कर्मी...

माधव अवस्थी, एडीजी पवन देव, एडीजी अशोक जूनेजा, को क्वारंटाइन होना होगा। एम्स रायपुर प्रबंधक ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया है कि आईएफएस के रिटायर्ड अधिकारी केसी यादव को अनियंत्रित डायबिटीज की शिकायत के बाद दो दिन पहले ही एम्स में भर्ती कराया गया था वे कोरोना संदिग्ध भी थे। सैम्पल जांच की रिपोर्ट में वे पॉजीटिव पाये गये थे। अनियंत्रित डायबिटीज और कोरोना पॉजिटिव होने की वजह से उनकी स्थिति बिगड़ती चली गई। यही कारण है कि मंगलवार की रात में उन्होंने दम तोड़ दिया। केसी यादव की अंतिम संस्कार आज कोविड प्रोटोकॉल के तहत किया जाएगा। आईएफएस अधिकारी की मृत्यु के साथ राज्य में कोरोना वायरस से मरने वालो की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। हालांकि अभी तक कोरोना संक्रमित जितनी मौतें हुई है उनमें आईएफएस अधिकारी केसी यादव समेत 10 लोग ऐसे थे जो पूर्व से कोई ना कोई अन्य बीमारी से पीड़ित थे जिसकी वजह से स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसे सिर्फ कोरोना वायरस से मौत होना नहीं मान रही है। वहीं शेष 04 मरीज ऐसे थे जिनकी सिर्फ कोरोना वायरस से मौत हुई है क्योंकि वे अन्य किसी भी प्रकार की अन्य बीमारी से पीड़ित नहीं थे।

एलएसी पर चीन के...

उत्तर-पूर्वी जिनजियांग प्रांत में मोर्चे से करीब 1 हजार किलोमीटर की दूरी पर लगा रखा है, लेकिन चीन की तरफ समतल होने के कारण वे हमारे मोर्चे पर 48 घंटे में पहुंच सकते है। सूत्रों ने बताया कि भारतीय क्षेत्र के पास तैनात पीएलए के साथ ही वे चीनी सैनिकों की मूवमेंट पर भी करीबी नजर रख रहे हैं। सूत्रों की मानें तो भारत ने भी ठिकानों पर चौकसी कड़ी कर दी है और पूर्वी लद्दाख सेक्टर में कम से कम दो डिजविन को बढ़ा दिया है।

सोपोर में आतंकी हमला...

नागरिक ने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ के दो और जवानों की हालत भी गंभीर बतायी जा रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अतिरिक्त सुरक्षा बलों को क्षेत्र में तैनात किया गया है और हमलावरों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों के जवान इलाके में घर-घर की तलाशी ले रहे हैं। सभी निकास मार्गों को सील कर दिया गया है और जिस स्थान पर हमला हुआ है, उसके पांच किलोमीटर के दायरे में चौकियों की स्थापना की गयी है। उन्होंने कहा कि सभी वाहनों को आगे बढ़ने की अनुमति देने से पहले जांच की जा रही है।

जान पर खेल...

को बचाने के लिए मोर्चा संभाला। जवानों ने जान पर खेलकर मासूम की जान बचाई। तीन साल का मासूम काफी देर तक अपने नाना के शव के ऊपर बैठा रहा। उसकी मासूमियत ने हर इंसान को रुला दिया।

महारानी विक्टोरिया के ताज...

की सुविधा के लिए स्टेज, चेंजिंग रूम और बाथरूम भी निर्मित किया जा रहा है। इमारत के सामने रिक्त स्थान को पेवर व लाईटिंग की मदद से पार्किंग के तौर पर डेवलप किया जाएगा। बाउंड्री वॉल में भी ग्रिल लगाकर परिसर को पूर्ण रूप से सुरक्षित बनाया जाएगा। श्री सुंदरानी ने यह भी बताया कि परिसर के सौंदर्यीकरण कार्य के साथ भवन की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202006100401108

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री शत्रुहन सिन्हा आ. श्री मोहनलाल सिन्हा निवासी पचरीपारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 597/8 रकबा 0.024 हें/ 2633 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202006100400990

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती गीता शर्मा पति स्व. मोहन लाल शर्मा निवासी गयानगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम दुर्ग प.ह.न. 24 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 816/26 रकबा 0.015 हें/ 1625 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202006100400837

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका देवकी साहू पति नरोत्तम साहू निवासी मरारपारा तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की ग्राम बघेरा प.ह.न. 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 182/86 रकबा 0.010 हें/ वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202006100400839

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक धनुषराम कौशिक आ. केजूराम कौशिक निवासी आनंद नगर तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की ग्राम बघेरा प.ह.न. 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 182/84 रकबा 0.011 हें/ वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202006100400837

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक सूर्यकांत गजेन्द्र आ. पंचमसिंह गजेन्द्र निवासी गिरधारी नगर तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की ग्राम बघेरा प.ह.न. 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 182/83 रकबा 0.016 हें/ वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202006100400897

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक विनय सोनी आ. मनोहरलाल सोनी निवासी ग्राम वार्ड 4 गयानगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की ग्राम बघेरा प.ह.न. 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 182/66 रकबा 0.007 हें/ वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202006100400887

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका गीता साहू पति रमेश साहू निवासी वार्ड क्र. 04 गयानगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की ग्राम बघेरा प.ह.न. 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 182/79 रकबा 0.070 हें/ वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202006100400888

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक दौलत सोनी आ. कल्याण सोनी निवासी वार्ड क्र. 04 गयानगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की ग्राम बघेरा प.ह.न. 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 182/77 रकबा 0.014 हें/ वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202006100400955

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक संजय कुमार घेवरिया आ. फगुवा राम निवासी धनोरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 600/8 रकबा 0.014 हें/ 1560 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202006100400953

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती अरुणा घेवरिया पिता/ पति अश्वनी कुमार निवासी धनोरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 597/12 रकबा 0.025 हें/ 2700 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202006100400877

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री बलराम सिंह आ. स्व. दौवाराम निवासी सेक्टर 10 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 643/2 रकबा 0.02 हें/ 2409 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021 email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 0771-4035602,

लॉकडाउन में माधुरी दीक्षित ने आत्मनिर्भर रहना सीखा

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने लॉकडाउन में आत्मनिर्भर रहना सीखा है।

कोरोना वायरस के कारण लॉकडाउन के बाद अब अनलॉक की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। हाल ही में माधुरी दीक्षित ने अपने पति श्रीराम नेने का हेयरकट किया था। माधुरी ने श्रीराम के साथ सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की और लिखा,÷ राम के हेयरस्टाइल के साथ प्रयोग कर मजा आया। सेल्फ क्वारनटीन को आज 100 दिन हो चुके हैं। हमने इस लॉकडाउन से जो सबसे अहम चीज सीखी है वो यही है कि कैसे आत्मनिर्भर रहा जा सकता है। लॉकडाउन में माधुरी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। उन्होंने अलग-अलग तरीकों के सहारे लॉकडाउन में अपने फैंस के साथ कनेक्ट करने की कोशिश की है।माधुरी ने इसके अलावा अपने फैंस को नेशनल लॉकडाउन में ऑनलाइन फ्री में डांस भी सिखाया था।

नेपोटिज़्म की वजह से फिल्म से बाहर कर दी गयी :प्रियंका

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का कहना है कि नेपोटिज़्म (भाई-भतीजावाद) के कारण वह एक बार फिल्म से बाहर कर दी गयी थी। सुशांत सिंह राजपूत की कथित आत्महत्या के बाद सोशल मीडिया पर अलग अलग मुद्दों पर बहस छिड़ी हुई है। फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोग समेत आम यूजर्स नेपोटिज़्म, आउटसाइडर्स-इनसाइडर्स को लेकर बहस कर रहे हैं। इस बीच प्रियंका ने भी इस मामले में अपनी राय रखी है। प्रियंका चोपड़ा ने नेपोटिज़्म पर बात करते हुए कहा कि इसके कारण वह एक फिल्म से बाहर हो गई थीं, जिसे लेकर वह काफी रोई भी थीं। प्रियंका चोपड़ा ने कहा, ÷हर तरह की चीजें यहां मौजूद हैं। एक ऐसे परिवार में जन्म लेना जिसकी विरासत है, गलत नहीं है। स्टार किड्स पर परिवार के नाम पर जीने का दबाव होता है। हर स्टार की अपनी व्यक्तिगत यात्रा होती है। मेरे समय में, मैंने काफी कुछ झेला है। मैं एक फिल्म से बाहर कर दी गई थी, क्योंकि निर्माता ने मेरी जगह किसी और की सिफारिश की थी। मैं रोई थी और आगे बढ़ गई थी। आखिरकार जो लोग सफलता की कहानियों के लिए होते हैं, वे सभी बाधाओं के बावजूद भी बन जाते हैं।

सुशांत आत्महत्या मामले में अभिनेत्री संजना सांघी से पूछताछ

मुंबई (वार्ता)। मुम्बई में पश्चिमी उपनगर बांद्रा की पुलिस ने अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की अंतिम सह-कलाकार संजना सांघी से आज यहां उनकी आत्महत्या के संबंध में पूछताछ की। कई सवाल पूछने के बाद पुलिस ने सांघी का बयान दर्ज किया गया लेकिन पुलिस ने अभिनेत्री के बयान के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी है। सांघी ने फिल्म ÷दिल बेचारा÷ से काम शुरू किया और अगले महीने फिल्म प्रदर्शित होगी।

सोनू निगम ने चाइनीज प्रॉडक्ट्स का बहिष्कार करने की अपील की

मुंबई। बॉलीवुड के जाने-माने पार्श्वगायक सोनू निगम ने लोगों से चाइनीज सामान का बहिष्कार करने की अपील की है। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर जारी गतिरोध के बीच केंद सरकार ने चीन के 59 एप पर रोक लगा दी है और लोग सरकार के इस फैसले के स्वागत कर रहे हैं। सोनू ने चाइनीज एप पर रोक का समर्थन करते हुए लोगों से चाइनीज सामान के बहिष्कार की अपील की है।

सोनू निगम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उन्होंने कहा, दुर्भाग्यपूर्ण है कि चीन समझदारी की या प्यार की भाषा नहीं समझ पा रहा और वो हमारे देशवासियों को, हमारे फौजियों को चैलेंज कर रहा है, चुनौती दे रहा है।मेरा सिर्फ अपने आप से भी एक वादा रहेगा और मैं आप लोगों से भी दरख्वास्त करना चाहता हूं कि यदि आपसे हो सके, जो कि होना ही चाहिए तो चाइनीज प्रॉडक्ट्स का बहिष्कार करें।

लॉकडाउन से परेशान हो गये हैं विक्की कौशल

बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल लॉकडाउन से परेशान हो गये हैं। कोरोना वायरस के कारण राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के बाद अब अनलॉक की प्रक्रिया भले ही शुरु हो गई हो लेकिन कई सितारे अब भी हालातों के सामान्य ना होने के चलते नॉर्मल दिनों को मिस कर रहे हैं। विक्की कौशल ने हाल ही में एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें उन्होंने बताया है कि वे इस लॉकडाउन में कितना परेशान हो चुके हैं। विक्की ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की जिसमें वे एक छोटी सी दूरबीन के साथ नजर आए। विक्की कौशल ने लिखा, फ्रइस दूरबीन के सहारे 2 किमी के दायरे से बाहर मौजूद अपने दोस्तों को देखने की कोशिश कर रहा हूं। ये लॉकडाउन आखिर खत्म क्यों नहीं होता है। विक्की कौशल की आने वाली फिल्मों में तख्त, मानेकशॉ और सरदार उधम सिंह प्रमुख है।

स्टोक्स पहली बार संभालेंगे कप्तानी, बनाएंगे नया रिकॉर्ड

लंदन (वार्ता)। नियमित कप्तान जो रुट की वेस्ट इंडीज के खिलाफ आठ जुलाई से होने वाले पहले टेस्ट में अनुपस्थिति के कारण इंग्लैंड की कप्तानी संभालने जा रहे बेन स्टोक्स एक नया रिकॉर्ड बनाएंगे।

स्टोक्स इसके साथ ही इंग्लैंड के सबसे कम अनुभवी कप्तान बन जायेंगे। उन्होंने इससे पहले अपने करियर में प्रथम श्रेणी, लिस्ट ए और टी-20 मैच में कप्तानी नहीं की थी। पिछले 50 वर्षों में स्टोक्स ऐसे दूसरे कप्तान होंगे जो बिना प्रथम श्रेणी मैच खेले इंग्लैंड की टेस्ट कप्तानी करेंगे। इससे पहले केविन पीटरसन ने बिना प्रथम श्रेणी मैच खेले इंग्लैंड की वनडे में कप्तानी की थी। रुट अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पहले क्रिकेट टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। रुट की अनुपस्थिति में स्टोक्स पहली बार इंग्लैंड की कप्तानी संभालेंगे। रुट अपनी पत्नी कैरी के पास रहने के कारण इंग्लैंड के एजिस बॉल में चल रहे सीरीज से पहले के ट्रेनिंग कैम्प को बुधवार को छोड़ देंगे। रुट की पत्नी इस सप्ताह बाद में अपने दूसरे बच्चे को जन्म देंगी।

इंग्लैंड का ट्रेनिंग दल बुधवार से तीन दिन का आपसी अभ्यास मैच खेलेगा और रुट इस मैच का हिस्सा नहीं होंगे। रुट जब अस्पताल छोड़ेंगे तो उन्हें सात दिन के लिए घर में आइसोलेशन में रहना होगा जिसके बाद ही वह 16 जुलाई से ओल्ड ट्रैफर्ड में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए 13 जुलाई से इंग्लैंड टीम के साथ जुड़ पाएंगे।

इंग्लैंड का ट्रेनिंग दल बुधवार से तीन दिन का आपसी अभ्यास मैच खेलेगा और रुट इस मैच का हिस्सा नहीं होंगे। रुट जब अस्पताल छोड़ेंगे तो उन्हें सात दिन के लिए घर में आइसोलेशन में रहना होगा जिसके बाद ही वह 16 जुलाई से ओल्ड ट्रैफर्ड में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए 13 जुलाई से इंग्लैंड टीम के साथ जुड़ पाएंगे।

स्टोक्स ने सोमवार को वर्चुअल कॉन्फ्रेंस में कहा था की वह पूरी सकारात्मकता के साथ कप्तानी संभालेंगे जबकि रुट ने भी उनका समर्थन करते हुए कहा कि वह शानदार टेस्ट कप्तान साबित होंगे। स्टोक्स को 2016 में उपकप्तानी दी गयी थी लेकिन एक साल बाद ब्रिस्टल में मारपीट की घटना के बाद उनसे उपकप्तानी छीन ली गयी थी।

ब्रेक से नई चुनौतियों से निपटने में मिलेगी मदद: वरुण कुमार

जालंधर (वार्ता)। भारत के हॉकी खिलाड़ी वरुण कुमार ने कहा है कि कुछ समय के लिए खेल से दूर रहने से उन्हें नई चुनौतियों के लिए तैयार होने और 2021 टोक्यो ओलंपिक की तैयारी पर ध्यान देने में मदद मिलेगी।

वरुण ने पंजाब के जालंधर में अपने घर से कहा, मैं घर में बिताये जा रहे अपने समय को खुद को फिर से तैयार करने के अवसर के रूप में देखता हूं। इस बात को ध्यान में रखते हुये सब कुछ फिर से शुरू करने की जरूरत है कि हमें जुलाई 2021 में शुरू हो रहे टोक्यो ओलंपिक में सफल होना है। उन्होंने कहा, ÷एक खिलाड़ी के रूप में हमेशा केवल शारीरिक रूप से ही फिट रहना नहीं बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहने की जरूरत है। मुझे लगता है कि हमें खाली समय में अपने परिवारों के साथ अच्छा समय बिताने से हमारे दिमाग को शांत करने के अवसर मिलते हैं। मैं अपने माता-पिता, बड़े भाई और मेरे पालतू जानवर के साथ छोटे-छोटे लम्हों का आनंद ले रहा हूं। इससे कभी-कभी खेल से अपना दिमाग हटाने में मदद मिलती है। वरुण अपनी दायीं बाजू में चोट के कारण पिछले वर्ष एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर्स में नहीं खेल पाये थे और स्वस्थ होने के बाद उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई हॉकी नहीं खेला है।

ब्राजील में चार अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर कोरोना से संक्रमित

रियो डी जेनेरो (वार्ता)। ब्राजील में अंतरराष्ट्रीय स्तर के चार फुटबॉल खिलाड़ी कोरोना वायरस (कोविड-19) से संक्रमित पाये गये हैं। ब्राजील के फुटबॉल क्बल पोर्तो एलेग्रे ने मंगलवार को बयान जारी कर बताया कि कोरोना वायरस से संक्रमित पाये गये खिलाड़ियों के नामों का खुलासा नहीं किया गया है और उन्हें चिकित्सा निगरानी में अलग रखा गया है। इन खिलाड़ियों में वायरस संक्रमण के लक्षण नहीं दिखे थे।

क्लब के अनुसार ये सभी खिलाड़ी जब कभी प्रशिक्षण फिर से शुरू करेंगे, उससे पहले उन्हें फिर से चिकित्सा जांच करानी होगी। बयान में बताया गया कि सभी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़यों की सोमवार की एहतियात के तौर पर कोरोना वायरस की जांच इसलिए की गई क्योंकि शनिवार को एक अन्य खिलाड़ी के कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बारे में पता चला था। ब्राजील की मुख्य फुटबॉल प्रतियोगिता 'सीरी ए चैंपियनशिप' के आठ अगस्त से शुरू होने की उम्मीद है।

फिंच ने विराट के नेतृत्व और कौशल को सराहा

मेलबोर्न (वार्ता)। आरोन फिंच ने भारतीय कप्तान विराट कोहली की तारीफ करते हुये कहा है कि महेंद्र सिंह धोनी से नेतृत्व मिलने के बाद उनसे बहुत अधिक अपेक्षाएं थी लेकिन वह इस कसौटी पर खरे उतरे। फिंच ने कहा कि सभी खिलाड़ियों से कुछ बुरे दौर से गुजरने की उम्मीद की जाती है लेकिन इसमें विराट, स्टीव स्मिथ, रिकी पोंटिंग और महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर जैसे खिलाड़ी शामिल नहीं हैं। इन खिलाड़ियों का बुरा वक्त कभी भी ज्यादा लंबा नहीं रहा। उन्होंने विराट की तारीफ करते हुये कहा, ÷सबसे बड़ी बात यह है कि विराट ने लंबे समय से क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में लगातार बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। वनडे मैचों में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी होना अलग बात है लेकिन टेस्ट और टी-20 मैचों में भी बेहतरीन खिलाड़ी होना असाधारण बात है।

जडेजा 21वीं शताब्दी के भारत के सबसे बहुमूल्य टेस्ट खिलाड़ी: विजडन

नई दिल्ली (वार्ता)। क्रिकेट की बाइबल समझी जाने वाली पत्रिका विजडन ने आलराउंडर रवींद्र जडेजा को 21वीं सदी का भारत का सबसे बहुमूल्य खिलाड़ी घोषित किया है। 2012 में पदार्पण करने के बाद से जडेजा ने क्रिकेटर के रूप में लगातार ऊंचाईयों को छुआ है। पिछले दो वर्षों में भारतीय टीम में उनका बल्ले, गेंद और क्षेत्ररक्षण से अमूल्य योगदान रहा है।

विराट कोहली ने 2014 एडिलेड टेस्ट को मील का पत्थर बताया

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने 2014 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफहुये टेस्ट मैच को मंगलवार को याद करते हुये कहा कि यह टीम के लिए हमेशा एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रहेगा।

नई दिल्ली (वार्ता)। विराट ने 2014 में ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में चार मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट में महेंद्र सिंह धोनी के चोटिल होने कारण भारत का नेतृत्व किया था। यह पहली बार था जब विराट ने टेस्ट मैच में भारत का नेतृत्व किया था।धोनी चोटिल होने के कारण पहले टेस्ट में भारत का नेतृत्व नहीं कर पाये थे और विराट को यह मौका मिला था।

भारत इस सीरीज के पहले मैच में बहुत कोशिशों के बाद भी 48 रनों से हार गया था। भारत इस मैच में जीत के बहुत करीब पहुंच गया था। विराट ने इस मैच की पहली पारी में 115 और दूसरी पारी में 141 रन बनाये थे। भारत को जीत के लिए 364 रन का लक्ष्य मिला था लेकिन टीम 315 रन पर सिमट गयी थी।

विराट ने ट्वीट किया, ÷जिस तरह की टेस्ट टीम आज हम हैं उसके बनने की हमारी यात्रा में यह (ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच) बहुत विशेष और महत्वपूर्ण टेस्ट था। एडिलेड 2014 का खेल दोनों टीमों के लिए भावनाओं से भरा खेल था। यह लोगों के लिए भी अद्भुत था। उन्होंने कहा, हम जीत के करीब होते हुये भी जीत नहीं पाये थे, इसने हमें सिखाया कि कि अगर हम हमारी सारी शक्ति लगा दें तो कुछ भी संभव है। हम कुछ ऐसा करने के लिए प्रतिबद्ध थे जो शुरुआत में बहुत मुश्किल लग रहा था लेकिन हमने लगभग इसे जीत ही लिया था। हम सभी इसे लेकर समर्पित थे। यह टेस्ट मैच हमारी यात्रा में हमेशा मील का पत्थर रहेगा।

रुट पहले टेस्ट से बाहर, स्टोक्स संभालेंगे कप्तानी

लंदन (वार्ता)। नियमित कप्तान जो रुट अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण वेस्ट इंडीज के खिलाफ आठ जुलाई से होने वाले पहले रिपीट पहले क्रिकेट टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे जबकि रुट की अनुपस्थिति में बेन स्टोक्स पहली बार इंग्लैंड की कप्तानी संभालेंगे। जोस बटलर उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे।

रुट अपनी पत्नी कैरी के पास रहने के कारण इंग्लैंड के एजिस बॉल में चल रहे सीरीज से पहले के ट्रेनिंग कैम्प को बुधवार को छोड़ देंगे। रुट की पत्नी इस सप्ताह बाद में अपने दूसरे बच्चे को जन्म देंगी। इंग्लैंड का ट्रेनिंग दल बुधवार से तीन दिन का आपसी अभ्यास मैच खेलेगा और रुट इस मैच का हिस्सा नहीं होंगे। रुट जब अस्पताल छोड़ेंगे तो उन्हें सात दिन के लिए घर में आइसोलेशन में रहना होगा जिसके बाद ही वह 13 जुलाई से ओल्ड ट्रैफर्ड में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम के साथ जुड़ पाएंगे।

दक्षिण अफ्रीका में 18 जुलाई को होगा 3टीसी मैच

जोहानसबर्ग (वार्ता)। दक्षिण अफ्रीका में थ्री-टीम क्रिकेट (3टीसी) मैच 18 जुलाई को 'नेल्सन मंडेला अंतरराष्ट्रीय दिवस' के दिन खेला जाएगा। क्रिकेट साऊथ अफ्रीका (सीएसए) ने इसकी पुष्टि की है। यह मैच जोहानसबर्ग के सेंचुरियन में सुपरस्पोर्ट पार्क में खेला जाएगा। पहले यह मैच जून को खेले जाना वाला था लेकिन कोरोना के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के खेल मंत्री नाथी मथेथवा ने देश में 14 सप्ताह से अधिक समय के लॉकडाउन के बाद खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और खेलने की अनुमति दे दी है। देश में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के कारण सभी तरह के प्रशिक्षण और मैच स्थगित कर दिये गये थे। सीएसए के कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ जैक्स फॉल ने 3टीसी मैच होने का लेकर कहा, ÷फिर से लाइव क्रिकेट देखना, फिर से हमारे शीर्ष खिलाड़ियों को खेलते देखना उत्साहित करने वाली बात है।

■ न्यूज गैलरी

चीतल शिकार के फरार तीन अन्य आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद। चीतल शिकार के फरार तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर किया गया है। वन मण्डलाधिकारी ने बताया कि विगत 24 मई को वन परिक्षेत्र बागबाहरा के अंतर्गत वन कक्ष क्रमांक 190 आमानारा जंगल के अंदर विद्युत प्रवाहित तार से चीतल का शिकार किया गया था। शिकार में प्रयुक्त औजार और सामग्री 63 नग बांस चिरान, एक नग सब्बल, 02 नग कुल्हाड़ी, 69 नग कांच की बोतल, 09 किलो जी.आई.तार जब्त किया गया था। उन्होंने बताया कि मौके पर रात साढ़े आठ बजे पठारीमुड़ा निवासी हीराखन वल्द हिरऊ कमार (62) को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम-1972 की धारा-2 की उपधारा 16(ख), 9, 39 की उपधारा 1 ख एवं घ, 49 एवं 51 के तहत जुर्म कायम कर पी.ओ.आर, नंबर 9672 किया गया। गिरफ्तार कर 25 मई को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया था। मामले के फरार तीन अन्य आरोपी ग्राम सिर्रीपठारीमुड़ा निवासी संतु कमार पिता सालिकराम कमार (34), रामनाथ कमार पिता सालिकराम कमार (22), कुमार कमार पिता दुखूराम कमार (30) को सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

फायर ब्रिगेड की बागडोर अब जिला सेनानी के हाथ

महासमुंद। नगर पालिका ने पूरे फायर ब्रिगेड अमले को कमांडेंट जिला सेनानी नगर सेना कार्यालय को सौंप दिया। सालों से फायर ब्रिगेड नगर पालिका के अंतर्गत रहा, जिसे मंगलवार को फायर ब्रिगेड वाहन व कार्यरत कर्मचारियों सहित जिला सेनानी के सुपुर्द कर दिया। शहरी सीमा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आगजनी की घटनाओं में अब से इसकी बागडोर नगर पालिका की बजाय जिला सेनानी के हाथों में होगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी एके हालदार ने फायर ब्रिगेड एवं उसके कर्मचारियों को जिला सेनानी नगर सेना के कमांडेंट अनुज एक्का को हैंड ओवर किया। इस दौरान प्रभारी जलकार्य निरीक्षक विजय श्रीवास्तव एवं जिला नगर सेनानी के अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

कोमाखान में दो लोगों से शराब जब्त

महासमुंद। कोमाखान पुलिस ने दो मामले में करीब 29 सौ रूपए की शराब जब्त की। जानकारी के मुताबिक सिवनीकला निवासी भूखन निषाद पिता मरकाम (30) को अवैध बिक्री करते हुए पकड़ा जिससे कुल 1350 रूपए कीमती देशी शराब जब्त की। इसी तरह भिलाईदार निवासी सरोत्तम ओगरे (40) से कुल 16 सौ रूपए कीमती अवैध शराब जब्त कर आबकारी एक्ट 34 (ए) के तहत कार्रवाई की।

घायल की उपचार के दौरान मौत

महासमुंद। सोमवार को सांकरा एनएच 53 में हुए सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक अज्ञात वाहन चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर जोरा लभांडी निवासी देवेश साहू (30) को ठोकर मारकर घायल कर दिया जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने वाहन अज्ञात चालक के खिलाफ304 ए के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

नशे में बाइक चलाते पकड़ाया

महासमुंद। खल्लारी पुलिस ने एक बाइक चालक को नशे में वाहन चलाते हुए पकड़ा। मिलाप साहू बाइक क्रमांक सीजी 06 जीआर 2453 को नशे में चलाते हुए ग्राम चरौदा मोड़ के पास गिर गया। मामले में पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट 185 के तहत कार्रवाई की।

फोटो खींचने पर पिटाई, जुर्म दर्ज

महासमुंद। सरायपाली में तीन युवकों ने एक युवक की फोटो खींचने की बात पर पिटाई कर दी। बिजातीपाली निवासी राजेश कुमार पटेल पिता स्व रामखिलावन पटेल ने पुलिस को बताया कि गांव के हेमरतन साहू, ठाकुरराम साहू और पन्नाराम साहू ने फोटो खींचने की बात पर पिटाई कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

होटल में शराब पिलाते पकड़ाया

महासमुंद। पटेवा पुलिस ने एक युवक को शराब पिलाने की सुविधा देते हुए पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि ढांक निवासी मनोज नायक पिता परसराम नायक (32) अपने होटल में लोगों को शराब पिलाने की सुविधा देते हुए मिला। मामले में युवक के खिलाफ36 (च) के तहत कार्रवाई की।

गोदाम से 14 भरे सिलेंडर पार

महासमुंद। शहर के साईं श्याम इंडेन गैस एजेंसी के गोदाम से चोरों ने 14 भरे सिलेंडर पार कर दिए। चोरों ने छत के ऊपर सीमेंट की चादर को हटाकर गोदाम में प्रवेश किया था। चोरी गई सिलेंडर की कीमत लगभग 29, 526 रुपए है। गैस संचालक की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर जांच में लिया गया है। जानकारी के मुताबिक सोमवार शाम सात बजे गोदाम के कर्मचारी देवदास गौरीशंकर व अन्य स्टाफगोदाम में ताला लगाकर घर चले गए। मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे कर्मचारी जब गोदाम पहुंचे और स्टॉक का मिलान किया तो 14 सिलेंडर कम मिला। इसके बाद छत की ओर जाकर देखा तो सीमेंट का चादर हटा हुआ था। गैस कंपनी के संचालक स्वप्निल महोबिया की रिपोर्ट पर पुलिस अपराध दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है।

जिला मुख्यालय में संक्रमित मिलने के बाद प्रशासन सक्रिय

■ **बिना फेस मास्क और सोशल डिस्टेसिंग का पालन नही करने वालो पर की गई चलानी कार्यवाही**

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। बिते दो दिनो से जिला मुख्यालय में बढ़े कोरोना मरीज के बाद राजस्व व पुलिस प्रशासन मंगलवार को सड़को पर उतर कर फेस मास्क नही लगाने वाले और सोशल डिस्टेसिंग के नियम का उल्लंघन करने वाले के विरूध्द 107 चालानी कार्यवाही है। यह लाकडाउन के बाद एक दिन में की गई अब तक की सबसे अधिक कार्यवाही है। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले अनलाक वन की घोषणा होते हुए मिली छुट के चलते लोगो द्वारा सब्जी बाजार, दुकानो सहित अन्य सावर्जनिक स्थलो में सोशल डिस्टेंशिग और मास्क का उपयोग नियमित उपयोग नही किया जा रहा था। प्रशासन भी इस पर ध्यान नही दे रहा था परंतु कोरोना मरीज मिलने के बाद प्रशासन तुरंत एक्शन में आ गया। मंगलवार को तहसीलदार राकेश साहू, थाना प्रभारी विकास बघेल, नायक तहसीलदार समीर शर्मा के नेतृत्व में निकले संयुक्त टीम जिसमें मुख्यालय पटवारी, सउनि जोहरराम पटेल, प्रधान आरक्षक गौतम साहू, आरक्षक वीरेंद्र निषाद, चुमेश्वर ध्रुव, राकेश यादव, राजपाल नेताम, रविशंकर सोनवानी, महिला आरक्षक दर्शना यादव,

पूर्णिमा निषाद के द्वारा नगर भ्रमण कर जहां भी नियम का उल्लंघन करते लोग नजर आए उन्हे वही रोककर पहले उठक बैठक कराई फिर चालानी कार्यवाही की। संयुक्त टीम ने इस दौरान सभी सार्वजनिक स्थानो और दुकानो का भी निरीक्षण किया। जिन दुकानो में नियमो का उल्लघन हो रहा था या सेनिटाइजर नही रखा गया था उनके विरूध्द भी कार्यवाही की गई। लोगों को कोरोना बचाय के उपाय बताते हुए नियमो का पालन करने की अपील की गई।

अब नवीन पंचायत भवन में होगा खरोरा पंचायत का कामकाज

■ **विधायक ने भवन का लोकार्पण सहित अन्य विकास कार्यों का किया भूमिपूजन**

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पंचायत खरोरा में नवीन पंचायत भवन का लोकार्पण व गौठान निर्माण, सामुदायिक भवन तथा मिडिल स्कूल में इंटरलॉकिंग शेड निर्माण का भूमिपूजन किया गया। अब ग्राम पंचायत खरोरा का कामकाज नवीन पंचायत भवन में हो सकेगा।

मंगलवार की शाम यहां भवन का लोकार्पण सहित अन्य निर्माण कार्यों के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित था। जिसके मुख्य अतिथि

विधायक श्री चंद्राकर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष भागीरथी चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर चंद्राकर, जनपद सदस्य कुणाल चंद्राकर, राजेन्द्र चंद्राकर, सरपंच वीरेंद्र चंद्राकर, हीरा बंजारे, देवेन्द्र चंद्राकर, विक्की पटेल मौजूद थे। अपने संबोधन में विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप गांवों में मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। इसी तारतम्य में गांवों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ पूरा देश कोरोना महामारी से जूझ रहा है वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार पेट्राल-डीजल के दामों में बढ़ोत्तरी कर रही है। इससे आम लोगों का बजट बिगड़ गया है। इस अवसर पर सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर, हेमलता चंद्राकर, भूमिका चंद्राकर, शीला कन्नौजे सहित पंचगण व ग्रामीणजन मौजूद थे।

मेडिकल कॉलेज की सौगात, हो सकेगा सर्वांगीण विकास

विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत खरोरा में मेडिकल कॉलेज का निर्माण प्रस्तावित है। इसके लिए राशि की भी स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के लिए 280 पदों का सेटअप भी तैयार कर लिया गया है। मेडिकल कॉलेज के निर्माण से इस ग्राम पंचायत के साथ ही क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो सकेगा।

जोगी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे प्रदेश सचिव सुशील

लवन । छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री व जनता कॉग्रेस छग जे पार्टी के सुप्रीमो का पिछले माह स्वर्गवास हो जाने के कारण आज उनके रायपुर स्थित निवास अनुग्रह सागौन बंगला मे उनके आत्मा शांति के लिए सर्व धर्म प्रार्थना एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था। जिसमे प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक व सभी प्रमुख राजनितिक पाटी के साथ ही साथ प्रदेश के विभिन्न सामाजिक व कई संगठन के लोग उनको श्रधांजलि देने पहुँचे। वही बलौदाबाजार जिले के लवन क्षेत्र से सुशील बंजारे प्रदेश सचिव छग छात्र संगठन जोगी व पाटी संस्थापक सदस्य भी अपने पाटी सुप्रीमो को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। युवा नेता सुशील बंजारे ने डाक्टर श्रीमती रेणु जोगी व अमित जोगी से मिलकर संवेदना प्रगट किये। श्री बंजारे ने कहा की जोगी एक विचार है एक राजनेता के साथ एक अच्छे प्रशासक के रूप मे भी पहचाने जाते थे वह हमेशा गरीब मजदूर किसानो के हित मे अनेको काम किये और उनकी आवाज बनी तथा अपने तीन साल की कार्यकाल मे अनेको विकास कार्य की नीव रखी। छत्तीसगढ़वासियो के लिए वे किसी मसीहा से कम नही थे। कोई भी गरीब, असहाय किसी भी प्रकार के निवेदन लेकर जब जोगी से मिलने आते थे तो वे बड़ी सहजता से उनसे मिलते थे और तुरंत ही उनकी समस्या का समाधान करने की कोशिश करते थे आज भले ही शारीरिक रूप से जोगी जी हमारे साथ नही है, लेकिन उनके विचार, शिक्षा व उपदेश हमारे साथ है द्य और पाटी के हजारो लाखों कार्यकर्त्ता उनकी इन्ही विचारों को अपना आदर्श मान पाटी की मजबूती के लिए काम करेंगे । इस दौरान उनके साथ युजेस चतुर्वेदानी, प्रकाश कुमार, अमित कुमार, आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

बढ़ते पेट्रोल डीजल के दाम को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

गरियाबंद। देश में बढ़ते पेट्रोल डीजल के दाम को लेकर सोमवार को कांग्रेस ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर केन्द्र सरकार को घेरा। कांग्रेसियो ने केन्द्र सरकार पर बेवजह पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ाए जाने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष भावसिंह साहू के नेतृत्व में हुए कांग्रेसियो ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौपा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भावसिंह साहू ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार पेट्रोल डीजल के मूल्यों में बेतहासा बढोत्तरी कर लोगो की जेब हल्की कर रही है। बिते तीन महिने के अंतराल कई बार इनके दाम बढ़े है। इससे आम जनता परेशान है और पीड़ित है। तीन महिने में पेट्रोल 08.50 रूपए और डीजल 10.48 रूपए तक बढ़ गया है। पेट्रोल के मुल्य और उत्पाद शुल्क में 21.50 रूपए और डीजल के मुल्य व उत्पाद शुल्क में 26.48 रूपए वृध्दि हुई है। इसकी मार सीधे गरीब और मध्यमवर्गीय जनता पर पड़ रही है। उन्होने राष्ट्रपति से बढते दामो पर अंकुश लगाने की मांग की। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, वरिष्ठ अधिवक्ता नरेन्द्र देवांगन, प्रवक्ता कृष्णकुमार शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष ओम राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष वीरु यादव, राजीव ठाकुर, शुभचंद्र मिश्रा, तपेश्वर ठाकुर जनपद सदस्य मोहम्मद सफी खान, ठाकुर राम साहू, मनोज मिश्रा, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष केशु सिन्हा, युका अध्यक्ष संदीप सरकार, शहर अध्यक्ष रितिक सिन्हा, एल्डरमेन हरमेश चावड़ा, सेवा दल अध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर, महेश्वर बघेल, अल्तमश खान, प्रेम सोनवानी, सहित अन्य कोग्रेसी मौजुद थे।

सरायपाली में तीन अटेंडर्स के कटे कोटपा चालान

महासमुंद। जिला चिकित्सालय के साथ अब सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी तंबाकू नियंत्रण के लिए औचक निरीक्षण और चालानी कार्यवाही तेज कर दी गई है। मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सरायपाली में तंबाकू सेवन करने वाले लोगों की धर-पकड़ में अधिकांश संदिग्धों की जमा-तलाशी ली गई। उपचार कराने आए मरीजों के तीन परिजनों में क्रमशः दो से 50-50 एवं एक से दो सौ रुपए जुर्माना वसूल किया गया। स्वास्थ विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इनमें से तीनों पुरुषों की जेब में तंबाकूयुक्त नशीले पदार्थ मिले। जिसके चलते कोटपा अधिनियम 2003 के तहत वैधानिक रूप से कार्रवाई करते हुए तंबाकू उत्पाद जब्त किया गया।

कृषि कार्य के समय मोदी ने जानबूझकर बढ़ाया पेट्रोल डीजल के दाम : चन्देल

गंडई पंडरिया। छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस के महामंत्री एवं सरपंच संघ के अध्यक्ष रणजीत सिंह चन्देल ने विज्ञप्ति के जरिये बताया कि आज पूरा देश में अन्नदाता किसान करोना महामारी के बावजूद बारिश के समय खरीफकी फसल लेने की तैयारी में है। इस समय पूरे देश में ट्रैक्टर की जरूरत, जोताई, हार्वेस्टर, थ्रेशर, पानी पंप, जेसीबी, बोरिंग मशीन जैसी किसानी कार्य में लगने वाली सारी मशीनों में सबसे महत्वपूर्ण अंग डीजल है। ऐसे समय में मोदी सरकार राहत देना तो दूर जले में नमक डालने का कार्य कर रही है और किसानों की आय दोगुनी करने का झूठा वादा करने के बाद अब उसके मुंह से निवाला भी डीजल में 10 रुपये लीटर की बढ़ोतरी करके किसानों छिनने का काम कर रही है जबकि कच्चे तेल की कीमत में आई कमी आने के बावजूद मात्र 39 रुपये प्रति बैरल है अर्थात 1 बैरल में 159 लीटर कच्चा तेल आता है और अगर रुपए से हिसार लगाए तो मात्र लगभग 2700 रुपये में 159 लीटर कच्चा तेल यानी मात्र 16 रुपये प्रति लीटर में आ रहा है और 80 रुपये में बेचा जा रहा है और मोदी के झूठे 1 साल का प्रचार में व्यस्त भाजपा के नेताओं को सांप सूंघ गया है जबकि डीजल पेट्रोल में बढ़ी कीमतों का बड़ा असर आवागमन के साधनों दोपहिया वाहनों से लेकर सब में पड़ता है और आम आदमी की जेब में सीधा डाका डाला जा रहा है यूपीए की सरकार के समय बाबा रामदेव 35 रुपए में डीजल पेट्रोल दिलाने का वादा करते थे वह आज पूरी तरीके से व्यवसाई बन चुके हैं।

नगर पालिका परिषद गरियाबंद के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में 17 अगस्त तक निषेधाज्ञा लागू

गरियाबंद। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी छतर सिंह डेहरे द्वारा कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के अंतर्गत धारा 144 (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया गया है, जो गरियाबंद जिले की सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र के लिए 17 अगस्त 2020 मध्य रात्रि 12 बजे तक प्रभावशील रहेगा। ज्ञात है कि गत 17 जून को जारी आदेश के अनुसार गरियाबंद जिले में प्रातः 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक अनुमति प्राप्त दुकानों व्यवसायिक एवं अन्य प्रतिष्ठानों को संचालन हेतु अनुमति दी गई थी। वर्तमान में वैश्विक स्तर पर फैले कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम हेतु युद्धस्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं।

अपर कलेक्टर द्वय एवं लेखा अधिकारी को दी विदाई

महासमुंद। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल की उपस्थिति में मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में अपर कलेक्टर द्वय मोहम्मद शरीफ खान एवं आलोक पाण्डेय तथा जिला पंचायत के लेखा अधिकारी सालिक राम बेलदार को अर्द्धवार्षिकीय पूर्ण होने पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विदाई दी। ज्ञातव्य है कि अपर कलेक्टर द्वय एवं लेखा अधिकारी ने मध्यप्रदेश शासनकाल के समय से विभिन्न जिलों में रहकर कार्य किए हैं।

कलेक्टर श्री गोयल ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में इन सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों के उज्वल एवं मंगलमय भविष्य की कामना की। उन्होंने महासमुंद जिले में इन अधिकारियों द्वारा लगभग एक माह के कार्यकाल में पर्याप्त सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दी और उनके सफल एवं उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट एवं जिला पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

सौगात विधायक ने समाज के पदाधिकारियों की मौजूदगी में किया भूमिपूजन

विधायक निधि से दस लाख की लागत से साहू सदन में बनेगा भवन

महासमुंद। शहर के बीटीआई रोड स्थित साहू सदन में विधायक निधि से 10 लाख की लागत सर्वसुविधायुक्त भवन का निर्माण होगा। विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में भवन निर्माण के लिए मंगलवार को पूजा अर्चना के बाद भूमिपूजन किया गया।

मंगलवार को साहू सदन में जिला साहू संघ की ओर से भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसके मुख्य अतिथि विधायक श्री चंद्राकर थे। अध्यक्षता नगरपालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि के रूप जिला साहू संघ के अध्यक्ष धरम साहू, मनोजकांत साहू, सुखदेव साहू, सती साहू, गोविंद साहू, गौकरण साहू, मयंक शेखर साहू, एतराम साहू, मेनका साहू, मुन्ना साहू, भुवन साहू, उमा साहू, शीतल साहू उपस्थित थी। अपने संबोधन में विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि साहू समाज ने अपनी मेहनत और त्याग से समाज को संगठित किया। आज साहू समाज शिक्षा, कृषि व व्यवसाय सहित सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है और दूसरे समाज भी उनका अनुकरण कर रहे हैं। विधायक श्री चन्द्राकर ने कहा कि प्रदेश की प्रगति में साहू समाज का प्रमुख योगदान है। इनके द्वारा हमेशा रचनात्मक कार्यो का आयोजन किया जाता है जो अन्य वर्गो के लिए एक आदर्श प्रस्तुत करता है। विधायक श्री चंद्राकर ने पदाधिकारी की मेहनत की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी मेहनत के बदौलत ही समाज विकास की ओर अग्रसर होता है। समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में चिंतन होनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान समाज के पदाधिकारियों ने बिना मांगे भवन के लिए राशि देने पर विधायक श्री चंद्राकर का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिलीप चंद्राकर, जीपी साहू, चंद्रहास साहू, लक्ष्मण साहू, आशाराम साहू, डीमन साहू, रवि साहू, राधेश्याम साहू, देवेन्द्र साहू, धनमाली साव, केशव साव, देवेश साहू, डा तरूण साहू, राजेन्द्र साव, अजय साहू, महेंद्र साहू, यशवंत साहू, आनंद साहू, संजय साहू आदि मौजूद थे।

न्यूज गैलरी

वोडाफोन आइडिया को रिकार्ड 73878 करोड़ का घाटा

नई दिल्ली (वार्ता)। देश की दूरसंचार क्षेत्र की दूसरी बड़ी कंपनी वोडाफोन -आइडिया ने भारतीय कंपनी जगत के इतिहास में सबसे अधिक 73878.1 करोड़ रुपये घाटे का रिकॉर्ड बनाया है। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजारों को 2019-20 के भेजे परिणाम में इसकी जानकारी दी है । यह किसी भी भारतीय कंपनी को एक वित्तीय वर्ष में अब तक का सर्वाधिक घाटा है।

वोडाफोन-आइडिया ने इतने बड़ी राशि के घाटे का कारण उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार सांविधिक बकाए का प्रावधान करने को बताया है। उच्चतम न्यायालय के आदेश में सांविधिक बकाए की गणना में गैर-दूरसंचार आय को भी शामिल किया जाना था, जिसके आधार पर कंपनी को 51,400 करोड़ रुपये सरकार को चुकाने हैं।

हीरो मोटोकॉर्प ने एक्सट्रीम 160आर की शुरू की आपूर्ति

नई दिल्ली (वार्ता)। दोपहिया वाहन बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी हीरो मोटोकार्प ने अपनी नई बहु-प्रतीक्षित मोटरसाइकिल हीरो एक्सट्रीम 160 आर की आपूर्ति शुरू कर दी है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि प्रीमियम उत्पादों का मजबूत पोर्टफोलियो तैयार करने की अपनी केंद्रित रणनीति पर आगे बढ़ते हुये उसने इस नयी मोटरसाइकिल की आपूर्ति शुरू की है। उसने कहा कि अपनी श्रेणी का यह सबसे बेहतर एक्सेलेरेशन देने वाली मोटरसाइकिल है जो सिर्फ 4.7 सेकंड में 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पड़ने में सक्षम है। कंपनी ने इस साल फरवरी में जयपुर के सेंटर ऑफ इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी (सीआइटी) में आयोजित हीरो वर्ल्ड 2020 इवेंट में एक्सट्रीम 160 आर का अनावरण किया था।

एक्सट्रीम 160आर को 1 आर कॉन्सेप्ट से प्रेरित होकर बनाया गया है और इस कॉन्सेप्ट को 2019 में ऑटोमोटिव शो एकमा में प्रदर्शित किया गया था। यह मोटरसाइकिल परफॉर्मेंस, स्पोर्टीनेस और कई फीचरों का मिश्रण है। नई एक्सट्रीम 160आर देश भर में हीरो मोटोकॉर्प के शोरूम में उपलब्ध होगी।

वित्तीय कंपनियों में लिवाली से 500 अंक चढ़ा सेंसेक्स

बैंकिंग में 2.65 फीसदी और ऊर्जा में 1.73 फीसदी की तेजी रही

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र की कंपनियों में जोरदार लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में दो दिन की गिरावट पर आज ब्रेक लग गया और ये करीब डेढ़ फीसदी तक की बढ़त में एक सप्ताह से अधिक के उच्चतम स्तर पर बंद हुये।

मुंबई (वार्ता)। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 498.65 अंक यानी 1.43 प्रतिशत उछलकर 35,414.45 अंक पर तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 127.95 अंक अर्थात् 1.24 फीसदी की मजबूती के साथ 10,430.05 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों प्रमुख सूचकांकों का 23 जून के बाद का उच्चतम स्तर है। एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक के साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी जैसी दिग्गज कंपनियों ने बाजार की बढ़त में महत्वपूर्ण योगदान दिया। बाजार में शुरुआती तेजी कुछ कम रही, लेकिन दिन चढ़ने के साथ ग्राफ लगातार ऊपर की ओर बढ़ता गया। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने अपेक्षाकृत कम विश्वास दिखाया। बीएसई का मिडकैप 0.18 प्रतिशत चढ़कर 13,78.46 अंक पर स्मॉलकैप 0.39 प्रतिशत की मजबूती के साथ 12,428.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक का शेयर साढ़े छह प्रतिशत से अधिक चढ़ा। बजाज फिनसर्व में साढ़े पाँच प्रतिशत, एचडीएफसी तथा बजाज फाइनेंस में लगभग साढ़े चार प्रतिशत और आईटीसी में चार प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गई। एनटीपीसी का शेयर लगभग ढाई प्रतिशत लुढ़क गया। नेस्ले इंडिया, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एलएंडटी में भी दो फीसदी से अधिक की गिरावट रही। विदेशों में अधिकतर प्रमुख एशियाई बाजार हरे निशान में रहे। चीन का शंघाई कंपोजिट 1.38 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.52 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। वहीं, जापान का निक्की 0.75 प्रतिशत और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.08 प्रतिशत लुढ़क गया। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.66 प्रतिशत मजबूत हुआ जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.46 फीसदी टूट गया।

सेंसेक्स के समूहों में वित्त का सूचकांक सर्वाधिक 2.74 प्रतिशत चढ़ा। बैंकिंग में 2.65 फीसदी और ऊर्जा में 1.73 फीसदी की तेजी रही। इनके अलावा बुनियादी वस्तुओं, एफएमसीजी, तेल एवं गैस और धातु समूहों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे।

सबसे अधिक 1.18 प्रतिशत की गिरावट पूँजीगत वस्तु समूह में देखी गई। ऊर्जा, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, दूरसंचार, ऑटो, यूटिलिटीज, स्वास्थ्य, सीडीजीएंडएस, आईटी और टेक समूहों के सूचकांक भी लुढ़क गये।

जीएस1 इंडिया का जालसाज़ी पर लगाम लगाने के लिए करार

नई दिल्ली (वार्ता)। नकली उत्पादा या जालसाज़ी के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था, ब्रांड और उपभोक्ताओं को पहुंचे नुकसान के मद्देनज़र ऑथेन्टिकेशन सोल्यूशन्स प्रोवाइडर्स एसोसिएशन और जीएस1 इंडिया ने विश्वस्तरीय मानकों का इस्तेमाल करते हुए देश में जालसाजी के खिलाफ़ लड़ाई के लिए करार किया है।

दोनों संगठनों ने बड़े पैमाने पर उद्योग एवं उपभोक्ताओं के कल्याण के लिए मानक समाधानों के इस्तेमाल द्वारा जालसाज़ी-विरोधी प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए यह समझौता किया है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में नकली उत्पादों के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रतिवर्ष 1,17,253 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान होता है। इससे न केवल कारोबारों की ब्रांड इक्विटी पर बुरा असर पड़ता है, बल्कि उपभोक्ता की सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाती है। एएसपीए के अध्यक्ष नकुल पसरीचा ने कहा कि देश में प्रमाणीकरण प्रणाली बनाने के लिए उनका संगठन काम कर रहा है और इसी क्षेत्र में काम करने वाली अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर काम कर रहा है। प्रमाणीकरण की दिशा में किए जाने वाले इस तरह के प्रयास भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल को मजबूत बनाएंगे और इसे विश्वस्तरीय मंच पर ले जाएंगे जहां भरोसा खासतौर पर सबसे महत्वपूर्ण है। एएसपीए एक स्व विनियमित गैर लाभकारी संगठन है जो संपूर्ण फिज़िकल एवं डिजिटल ऑथेन्टिकेशन सोल्यूशन्स उद्योग का प्रतिनिधित्व करता है।

थॉमसन ने लांच किया 4 के प्रीमियम बेजेल लेस स्मार्ट टीवी

यूरोपीय उपभोक्ता इलेक्ट्रानिक्स कंपनी थॉमसन ने भारतीय बाजार में अपना नया प्रीमियम स्मार्ट टेलीविजन ओएटीएच प्रो लाँच करते हुये 4 के प्रीमियम बेजल लेस सर्टिफाइड एंड्रायड स्मार्ट टेलीविजन श्रेणी में प्रवेश करने की घोषणा की है।

नई दिल्ली (वार्ता)। कंपनी ने आज यह घोषणा करते हुये कहा कि यह सीरीज डिजाइन इन पेरिस और मेड इन इंडिया है। अभी इसको 43 इंच , 55 इंच और 65 इंच स्क्रीन में उतरा गया है जिसकी शुरूआती कीमत 24999 रुपये है और यह टेलीविजन ऑनलाइन मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट पर पांच जुलाई से उपलब्ध होगा। इसमें एमईएमसी जैसे फीचर दिये गये हैं। इसमें डॉल्बी डिजिटल प्लस, डॉल्बी विजन, एचडीआर 10, ब्लूटुथ 5.0 के अतिरिक्त नेटफ्लिक्स , प्राइम वीडियो, यूट्यूब और प्ले स्टोर के लिए शॉर्टकर्ट की सुविधा दी गयी है।

कंपनी ने कहा कि इस सीरीज में आधिकारिक एंड्रायड 9.0 ऑपरेटिंट सिस्टम और मीडियाटेक क्वाड प्रोसेसर आधारित है। विश्लेषकों का कहना है कि कंपनी इस प्रीमियम ओएटीएच प्रो सीरीज के माध्यम से वन प्लस को बाजार में कड़ी टक्कर देने की तैयारी है।

थॉमसन के भारत में लाइसेंसी सुपर प्लास्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड(एसपीपीएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अवनीत सिंह मारवाह ने यह घोषणा करते हुये कहा कि नया टेलीविजन उन ग्राहकों को ध्यान में रखते हुये डिजाइन किया गया जो स्मार्टर कीमत पर अपने पुराने टीवी को प्रीमियम श्रेणी में अपग्रेड करना चाह रहे हैं।

जून में जीएसटी राजस्व 90917 करोड़ हुआ संग्रह

नई दिल्ली (वार्ता)। लॉकडाउन के बाद अनलॉक 1.0 के तहत आर्थिक गतिविधियां शुरू किये जाने से जीएसटी राजस्व संग्रह में बढोतरी होने लगी है और इस वर्ष जून में यह 90917 करोड़ रुपये रहा जो पिछले वर्ष में इसी महीने में संग्रहित 99940 करोड़ रुपये की तुलना में नौ फीसदी कम है। कोरोना वायरस संक्रमण बढ़ने के बाद अप्रैल और मई महीने के लिए जीएसटी राजस्व संग्रह के आधिकारक आंकड़े जारी नहीं किये गये थे। वित्त मंत्रालय ने आज यहां इस संबंध में जारी बयान में कहा कि इस वर्ष अप्रैल में 32294 करोड़ रुपये का जीएसटी राजस्व संग्रहित हुआ था जो अप्रैल 2019 में संग्रहित राजस्व की तुलना में मात्र 28 फीसदी था। इसी तरह से इस वर्ष मई में यह राशि 62009 करोड़ रुपये रही थी जो मई 2019 में संग्रहित राजस्व की तुलना में 62 फीसदी था। लॉकडाउन के दौरान पूरे देश में सिर्फ आवश्यक सेवाओं को ही जारी रखा गया था और विनिर्माण गतिविधियां भी पूरी तरह से बंद थी। पिछले महीने अनलॉक 1.0 के तहत धीरे धीरे आर्थिक गतिविधियां शुरू की जा रही है जिससे जीएसटी राजस्व संग्रह में भी बढोतरी होने लगी है। मंत्रालय ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जो राजस्व संग्रह हुआ है वह पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की तुलना में 59 प्रतिशत है। हालांकि मई महीने के लिए जीएसटी रिटर्न भरने के लिए करदाताओं के पास अभी भी वक्त है।

श्रीकांत माधव ने संभाला इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमि. के अध्यक्ष का पदभार

मुंबई। श्रीकांत माधव वैद्य ने आज यहां इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला। वे समवर्ती रूप से, चैन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के भी अध्यक्ष होंगे। यह इकाई इंडियन ऑयल और इंडियन ऑयल टैंकिंग लिमिटेड की एक रिफाइनिंग सब्सिडियरी कंपनी है। साथ ही यह इकाई हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड के बोर्ड में होने के अलावा टर्मिनलिंग सेवाएं प्रदान करने वाला एक अन्य संयुक्त उद्यम है जोकि तीन विश्व-स्तरीय उर्वरक संयंत्रों की स्थापना कर रहा है। श्री वैद्य जोकि रत्नागिरी रिफाइनरी एंड पेट्रो केमिकल्स लिमिटेड के प्रबंधन बोर्ड में हैं, वे इसके अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेंगे और पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड के बोर्ड में निदेशक भी होंगे।

अपनी पदोन्नति से पहले, श्री वैद्य अक्टूबर 2019 से इंडियन ऑयल बोर्ड में निदेशक (रिफाइनरीज) थे। वह श्री संजीव सिंह के उत्तराधिकारी बन गए हैं, जो कल निगम की सेवाओं से सेवानिवृत्त हुए हैं।

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, राउरकेला, से केमिकल इंजीनियरिंग की उपाधि प्राप्त श्री वैद्य को शोधन और पेट्रोकेमिकल संचालन में व्यापक अनुभव है। उनका भारत के सबसे बड़े क्रैकर प्लांट - पानीपत नेफ्था क्रैकर कॉम्प्लेक्स - जो इंडियन ऑयल के पेट्रोकेमिकल्स व्यवसाय का एक प्रमुख घटक है, के साथ एक दशक पुराना जुड़ाव रहा है। वे भारतीय तेल एवं गैस उद्योग के उन चुनिंदा टेक्नोक्रेटों में से एक हैं जो रिफाइनरी-पेट्रोकेमिकल्स एकीकरण के सभी पहलुओं में पारंगत हैं। ये पहलू दीर्घावधि में तेल और गैस उद्योग की स्थिरता के लिए आवष्यक हैं।

संक्रमण काल | माह-दर-माह आधार पर जारी होने वाला सूचकांक जून में 47.2 दर्ज किया गया

जून में विनिर्माण क्षेत्र में आई और गिरावट: रिपोर्ट

देश के विनिर्माण क्षेत्र में इस साल मई की तुलना में जून में उत्पादन और नये ऑर्डरों में कमी आई और कंपनियों ने बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की छँटनी जारी रखी।

मुंबई (वार्ता)। आईएचएस मार्किट द्वारा बुधवार को यहाँ विनिर्माण क्षेत्र के लिए खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की रिपोर्ट जारी की गयी। माह-दर-माह आधार पर जारी होने वाला सूचकांक जून में 47.2 दर्ज किया गया जिसका मतलब यह है कि मई की तुलना में विनिर्माण गतिविधियों में गिरावट आयी है। सूचकांक का 50 से कम रहना पिछले महीने के मुकाबले गिरावट को और 50 से ऊपर रहना वृद्धि को दर्शाता है जबकि 50 का अंक स्थिरता का द्योतक है।

मार्च की तुलना में अप्रैल में और अप्रैल की तुलना में मई में भारी गिरावट रही थी। उस लिहाज से मई के मुकाबले जून की गिरावट कम रही। अप्रैल में सूचकांक 27.4 और मई में 30.8 दर्ज किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि मई ऐतिहासिक छँटनी के बाद कंपनियों ने जून में भी छँटनी जारी रखी हालाँकि यह मई की तुलना में कम रही, लेकिन फिर भी छँटनी की रफ्तार जून में काफी तेज रही।

आर्थिक गतिविधियाँ सुस्त पड़ने से माँग में आई कमी के कारण कंपनियों ने कर्मचारियों को निकाला है।

आईएचएस मार्किट के अर्थशास्त्री इलिएट केर ने रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि देश का विनिर्माण क्षेत्र जून में स्थिरता की ओर बढ़ता दिखा। अप्रैल और मार्च की तुलना में उत्पादन और नये ऑर्डरों में गिरावट की दर काफी कम रही हालाँकि कोरोना वायरस के नये मामलों में हालिया वृद्धि और लॉकडाउन की अवधि बढ़ने से माँग कमजोर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि यदि इसी तरह नये मामलों की संख्या बढ़ती रही तो लॉकडाउन आगे बढ़ने की आशंका है। इससे अर्थव्यवस्था में सुधार में बाधा आ सकती है तथा इस संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित लोगों की मुश्किलें लंबे समय तक बनी रह सकती हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कोरोना वायरस के कारण कई प्रकार के प्रतिबंधों से कंपनियाँ पूरी क्षमता से उत्पादन नहीं कर पा रही हैं। वहीं, माँग भी कम बनी हुई है। लगातार तीसरे महीने माँग में गिरावट दर्ज की गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार से माँग को न के बराबर समर्थन मिल रहा है। निर्यात के ऑर्डरों में लगातार चौथे महीने कमी आई है। माँग और उत्पादन में कमी के कारण कंपनियों ने कच्चे माल की खरीद भी घटा दी है।

कंपनियों की लागत में भी कमी आई है। मई के मुकाबले जून में लागत ज्यादा तेजी से घटी है। कंपनियों ने कम लागत का फायदा ग्राहकों को देते हुए अपने उत्पाद की औसत कीमत भी कम की है।

सैमसंग का द सेरिफ 2020 क्यूएलईडी 8के टीवी लॉन्च

गुरुग्राम (वार्ता)। देश के भरोसेमंद उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और स्मार्टफोन ब्रांड सैमसंग ने बुधवार को द सेरिफ अल्ट्रा प्रीमियर 2020 क्यूएलईडी 8के टीवी लॉन्च किया। कंपनी ने आज यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि एक जुलाई से 10 जुलाई के बीच सैमसंग क्यूएलईडी 8के टीवी की प्री-बुकिंग करने पर उपभोक्ताओं को अल्ट्रा-प्रीमियम टीवी के साथ दो गैलेक्सी एस20 प्लस स्मार्टफ़ोन मिलेंगे। उपभोक्ता एचडीएफसी और आईसीआईसीआइ (डेबिट और क्रेडिट कार्ड) और फेडरल बैंक के डेबिट कार्ड के जरिए भुगतान पर 15,000 रूपये का कैशबैक भी प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.- 26/2020-21, दिनांक 27.6.2020

वार्ड का नाम वार्ड- ठाकुर प्यारेलाल- 40

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ठाकुर प्यारेलाल वार्ड 40 स्थित भवन/ भूमि/ 40/नया जो कि निगम अभिलेख में श्री आशाराम साहू s/o ईतवारी प्रसाद साहू के नाम से दर्ज है जिसको श्री खिलावन प्रसाद साहू s/o आशाराम साहू ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल कालोनी वीरसावरकर नगर हीरापुर रायपुर में निर्मित ढांचा योजना में से भवन/भूखण्ड क्र. ढांचा-1153 में श्री संजय सिंह पिता श्री शिवजी सिंह को आबंटित किया गया है। मूल आबंटी द्वारा दिनांक 16/08/2007 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है। मूल आबंटी की मृत्यु दिनांक 13/11/2019 को होने के कारण श्रीमती अन्नू सिंह पति स्व. श्री संजय सिंह द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र वारिसों आनंद सिंह, कुमारी नन्दनी सिंह एवं अमन सिंह की सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड श्रीमती अन्नू सिंह पति स्व. श्री संजय सिंह के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी कबीर नगर हीरापुर रायपुर में निर्मित एमआईजी-II भवन योजना के अंतर्गत भवनों में से भवन क्रमांक एमआईजी-II-40 में श्री यशवंत कुमार देवांगन पिता श्री चन्द्रशेखर देवांगन को भाड़ाक्रय/ पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 1.9.2005 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 24.6.2020 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती नीता मिश्रा पति श्री प्रमोद कुमार मिश्रा के नाम से निष्पादित को विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के के विक्रय से संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone4@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल योजनांतर्गत बोरियाकला कालोनी, रायपुर में स्थित एलआईजी फ्लैट क्र.-223/ब्लाक-14/ तृतीय तल, श्रीमती वनिता मोरघड़े पति श्री भविन्द्र मोरघड़े के नाम पर एकमुख्त आधार पर आबंटित था। आबंटी द्वारा अपने पक्ष में दिनांक 17.03.2011 को सेलडीड पंजीकृत उपरांत पूर्ण मूल्य जमाकर उक्त फ्लैट का इस कार्यालय से पत्र क्र. 2623 दि. 30.05.2012 के माध्यम से आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है, तद्उपरांत दिनांक 11.02.2016 को हस्तांतरण विलेख (फ्री होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त फ्लैट को क्रेता श्री शैलेन्द्र कुमार दास पिता स्व. श्री दानमसीह दास, निवासी म.नं.-54, अमेय विहार कालोनी, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 29.07.2016 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्री शैलेन्द्र कुमार दास पिता स्व. श्री दानमसीह दास, द्वारा उक्त फ्लैट को फ्री-होल्ड पश्चात अपना नाम दर्ज किए जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त फ्लैट का फ्री होल्ड पश्चात नाम दर्ज करने के संबध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें।अन्यता बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोण्डागांव, जिला- कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)
Email ID-ee-res.kondagaon@nic.in, Fax & Ph.No. 07786-242243

मैनुअल पद्धति वर्ष 2020-21 हेतु सूचना क्रमांक-10 (पांचवा दौर)
जोनल निविदा सूचना

क्रमांक/10/व.ले.लि./नि.प्र./ग्रा.यां.सेवा/2020-21 — कोण्डागांव, दिनांक 29/06/2020

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत डी एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल जोनल निविदा आमंत्रित की जाती है सभी कार्यों की जोनल निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि **06.07.2020 शाम 5.00 बजे तक।**

ग्रुप क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रुपए लाख में)
1	2	3
1	रु. 10.00 लाख से कम लागत के विभिन्न निर्माण भवन/मंच/पुलिया/ बाउंड्रीवाल/नाली/सड़क एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य।	
	विकासखण्ड कोण्डागांव- जोन क्रमांक -01 (10 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड कोण्डागांव- जोन क्रमांक -02 (10 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड कोण्डागांव- जोन क्रमांक -03 (10 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड कोण्डागांव- जोन क्रमांक -04 (10 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड कोण्डागांव- जोन क्रमांक -05 (10 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड कोण्डागांव- जोन क्रमांक -06 (08 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड कोण्डागांव- जोन क्रमांक -09 (11 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड कोण्डागांव- जोन क्रमांक -10 (09 पंचायत)	35.00
2	विकासखण्ड माकड़ी- जोन क्रमांक -03 (10 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड माकड़ी- जोन क्रमांक -04 (11 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड माकड़ी- जोन क्रमांक -05 (10 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड माकड़ी- जोन क्रमांक -06 (09 पंचायत)	35.00

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट http://cg/nic.in/resworks दिनांक 30.06.2020 से देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

जी-82010/4

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
MAHANADI PROJECT, RAIPUR
(CHHATTISGARH)
NATIONAL OPEN COMPETITIVE PROCUREMENT
(Two Envelope Bidding Process with e-Procurement)
e-PROCUREMENT REOUEST FOR BIDS
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
(First Call)

System Tender No. 65647/RFB No.04/SAC/2020-21 Dated : 29.06.2020
Online tenders are invited for the following works up to 21.07.2020 at 5.30 PM

Name of work : Construction of breast wall in front of head regulator & Renovation of gauge well of Revishankar Sagar Dam.

Probable Amount of Contract : **Rs. 71.84 Lakhs**

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 04.07.2020 at 5.31 Hours. (IST) onwards.

NOTE : All elibigble/interested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Interated e-procurement portal (https://eproc.cgstate.gov.in) and get approval on specific vender class from PWD under Centralized Contractor/ Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

Executive Engineer
G-81995/5 Water Management Dn., Rudri

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
MAHANADI PROJAECT, RAIPUR (CHHATTISGARH)
NATIONAL OPEN COMPETITIVE PROCUREMENT
(Two-Envelope Bidding Process with e-Procuerment)
e-PROCUREMENT PROUEST FOR BIDS
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
(First Call)

System Tender No. 65643/RFB No: 01/SAC/2020-21 Dated : 29.06.2020
Online Tenders are invited for the following works up to 21.07.2020 at 5.30 PM

Name of work : Excavation in Spill channel, pilot channal, construction and repair of guide wall & construction of inspection road of Ravishankar Sagar Dam Gangrel

Probable Amount of Contract : **Rs. 3497.24 Lakhs**

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (https://eproc.cgstate.gov.in). From Date 04.07.2020, at 5.31 Hours. (IST) onwards.

NOTE : All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (https://eproc.cgstate.gov.in) and get approval on specific vender class from PWD under Centralized Contractor/ Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

Executive Engineer
Water Management Dn. Rudri
for Chief Engineer
Mahanadi Project, Raipur (C.G.)

G-82000/3

लाखों की लागत से बना सुलभ शौचालय हो रहा खंडहर!

नव प्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। नगर पालिका अन्तर्गत आने वाले वार्ड नंबर 08 डाक बंगला में बने सुलभ शौचालय के सुविधा का उपयोग नहीं हो पा रहा है। इसका कारण है सुलभ शौचालय की जर्जर हालत। जिसे निर्माण कर लावारिश स्तिथि में छोड़ दिया गया है। पूर्व में भी उक्त सुलभ शौचालय को लेकर प्रकाशन कर नगर पालिका के संज्ञान में लाया गया था। जहां जल्द ही किसी केयर टेकर को जिम्मेदारी देकर सुलभ शौचालय को सुरक्षित रखने का आश्वासन दिया गया था ।किन्तु अब तक उस पर पालिका का सुध नहीं गया। डाक बंगला के पूर्व पार्षद योगेश बघेल ने इस विषय में बताया कि यह सुलभ शौचालय श्री बघेल के कार्यकाल में निर्माण कराया गया है।आठ लाख रूपए के लागत से

निर्मित इस सुलभ शौचालय के निर्माण को लेकर उन्होंने काफी संघर्ष किया तब जाकर कहीं इस सुलभ शौचालय का निर्माण पूरा हुआ है। जिसे नगर पालिका ने लावारिश परिस्थिति में छोड़ दिया है।

अध्यक्ष व इंजीरियर को सौंपा ज्ञापन

योगेश बघेल ने बताया कि वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष और इंजीनियर को मौखिक रूप से सुलभ शौचालय को दुरुस्त रखने उनके द्वारा निवेदन भी किया गया है किन्तु उनकी बातों को नजर अंदाज कर दिया जाता है। बारिश लगने के बाद मोहल्ले में आने वाले मेहमान व आने जाने वाले राहगीर सुलभ शौचालय के सामने खड़ा होकर देखते हैं पर सुलभ शौचालय की असुविधा को देखते हुए लौट जाते हैं। यदि किसी केयर टेकर को या किसी अन्य को ठेका ही दे दिया जाता तो इस बिल्डिंग की बुनियाद बच जाती और लोगों को इसकी सुविधा भी मिल पाती।

पार्षद ने भी लापरवाही को बतया वजह

वर्तमान पार्षद देवकरण मरकाम ने भी नगर पालिका की लापरवाही के चलते सुलभ शौचालय की इस दशा को कारण ठहराते हुए कहा कि पालिका को केवल यही नहीं बल्कि नगर पालिका के अन्तर्गत आने वाले सभी सुलभ शौचालय की व्यवस्था को दुरुस्त रखने की अत्यंत आवश्यकता है। जिसे लोगों को या बाहरी व्यक्तियों को सुविधा मिल सके।

वाहवाही लूटने का ही प्रयास

ऐसे कई कारण निकल कर सामने आयेंगे जिसमे नगर पालिका ने केवल वाहवाही लूटने का प्रयास किया है। पूर्व के कई काम के कारनामे हैं जो कई तरह के सवाल खड़ा करता है। चाहे वह सिसी रोड हो,नाली निर्माण या फ़िर तालाब सौंदर्यीकरण जिसे अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया। जिसके मुद्दे पर पालिका परिषद् के सामान्य सभा के बैठक में अच्छी खासी बहस भी छिड़ी थी। सालों से एक ही तालाब के सौंदर्य व पचरी निर्माण पर बड़ी बड़ी बातों को किया जाता रहा है, जिसमे राजनीति स्तर के लोगों ने भी अपनी वाहवाही लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

सीआईएसएफ के आठ और जवानों में कोरोना पॉजिटिव

– बैरक में क्वारंटाइन किये गए 7 एवं 1 आइसोलेशन में भर्ती जवान की रिपोर्ट आई पाजिटिव

बचेली। लौहनगरी में कोरोना के मरीजो की संख्या लगातार बढ़ रही है। पहले 3 सीआईएसएफ के जवानों में कोरोना संक्रमण पाया गया था जिसके बाद उन्हें मेडिकल कालेज भेज दिया गया था। आज 8 नए मामले सामने आए है। आपको बता दे कि सभी सीआईएसएफके जवान है। इन सभी की आरटी पीसीआर रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। ईनमे से 7 बैरक में कोरिन टाइन किये गए जवान है जबकि एक पहले से अस्पताल में आईसुलेशन वार्ड में भर्ती है। अस्पताल के स्टाफ भयभीत तो है ही साथ ही नगर के लोगो मे भी भय का माहौल है । गुप्त सूत्रों के मुताबिक अस्पताल स्टाफ के 15 लोगो को भी बीते दिनों एहतियातन कोरिनटाइन किया गया है। उनमें से खाना देने वाले स्टाफ भी है।

ये कहा कलेक्टर दीपक सोनी ने

8 सीआईएसएफके जवानों की आरटी पीसीआर रिपोर्ट पाजिटिव आयी है। बाहर गए हुए जवानों की वापसी रोजाना हो रही है। सभी को कोरिनटाइन किया जा रहा है। फिलहाल बचेली जिला पंचायत सीईओ अपनी टीम के साथ गए हुए है। सभी को एहतियात रखना होगा नागरिको से अपील है कि भीड़ से बचे मास्क एवं सेनेटाइजर का उपयोग करे समय समय पर अपने हाँथ धोते रहे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करे।

जांजगीर-चांपा जिले में 209 गोठानों का निर्माण पूर्ण

- **'सुराजी गांव योजना' की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में अहम भूमिका,**
- **गौठान बनेगें आजीविका के केन्द्र, आत्म निर्भर होंगी गौठान समितियां**

जंजगीर-चांपा। जांजगीर-चांपा जिले में स्वीकृत 335 में 209 गोठानों का निर्माण पूरा किया जा चुका है। कलेक्टर यशवंत कुमार के मार्गदर्शन में इन गोठानों में स्वसहायता समूहों द्वारा अपने आर्थिक विकास की विभिन्न गतिविधियां प्रारंभ की जा रही है। ये गोठान ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव निर्माण में अहम भूमिका का निर्वहन करेंगे।

राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने

विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सकारात्मक कोशिश कर रही है। सुराजी गांव योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना और गोधन न्याय योजना ग्रामीणो की आर्थिक समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। राज्य सरकार ने गोबर खरीदने का निर्णय लिया है, इससे ग्रामीण क्षेत्रों में खुशी और उत्साह का वातावरण है। पशु-पालक और ग्रामीण के बीच यह आम चर्चा का विषय बना हुआ है। सरकार द्वारा इसके लिए दिशा निर्देश जारी किए जा रहे हैं। सरकार की योजना के तहत सभी गावों में गौठान बनाया जा रहा है।

जंजगीर-चांपा जिले में 335 गौठानों की स्वीकृति दी गयी है। जिसमे से 209 गौठान पूर्ण हो चुके हैं। शेष गौठानों के कार्य प्रगतिरत है। प्रत्येक गौठान समिति का गठन किया गया है। शासन की योजना के तहत गौठान संचालन के लिए 10-10 हजार रूपये की राशि दी जा रही है। चारागाह में चारा के साथ-साथ सब्जी, भाजी, मसाला उत्पादन में महिला स्व-सहायता समूह कार्यरत हैं। इसके अलावा अच्छी गुणवत्ता का वर्मी खाद भी तैयार किया जा रहा है। गौठान समितियों को आत्म निर्भर बनाने के लिए मशरूम उत्पादन, मछली पालन, बकरी पालन जैसे अन्य गतिविधियो के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

गौठानों में नियंत्रित होगें मवेशी

फसलो को सुरक्षित रखने के लिए मवेशियो को गौठानों में नियंत्रित किया जा रहा है। पशुओं से फसल सुरक्षा के लिए खेत के चारो ओर से घेरा बनाना किसान के लिए अधिक खर्चीला होता है। गौठान में पशुओं को रखने से खेत को घेरने की आवश्यकता नहीं होगी। गौठान में चारा की व्यवस्था की गयी है। पशुओं की आवक से कम्पोस्ट और वर्मी खाद अधिक मात्रा में तैयार होगा।

बारिश से बने गड्ढे को पुलिस के सहयोग से भरने का काम शुरू

नव प्रदेश संवाददाता

कोरबा। दरी मुख्य मार्ग पर ओवरब्रिज से पहले की सड़क पूरी तरह से गड्ढों में बदल गए हैं। यहां से आवाजाही करने में काफी मुश्किल है हो रही हैं। खतरे की आशंका को देखते हुए दर्री पुलिस ने सामाजिक कार्यकर्ताओं का सहयोग लिया और यहां पर गड्ढों को कुछ हद तक भरने का काम कराया। फोरलेन सड़क का निर्माण सीएसईबी चौक कोरबा से रूमगरा तक कराया जा रहा है। यह काम 2 साल में भी पूरा नहीं हो सका है। इस रास्ते पर चलने फिरने में कई तरह की दिक्कत है। इसी तरह हसदेव बराज से लेकर जमींपाली का रास्ता भी दुर्गति की भेंट चढ़ चुका है ।दरी में मुख्य

मार्ग पर एनटीपीसी गेट नंबर 2 के आगे का रास्ता पूरी तरह गड्ढों के कब्जे में बना हुआ है। गड्ढों का साइज इतना बड़ा है कि यहां छोटे बड़े वाहन कर सकते हैं कुछ घटनाओं के वजह से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। दर्री पुलिस के निरीक्षक राकेश मिश्रा ने इस परेशानी को समझा। उन्होंने इस बात को ध्यान में रखा की बारिश का पानी इनमें भरने और आवाजाही करने की स्थिति में खासतौर पर दुपहिया चालक फंस सकते हैं और बुरी तरह से जख्मी हो सकते हैं। उन्होंने सीएसईबी और एनटीपीसी में काम करने वाली पार्टियों इस बारे में बातचीत की उन्हें स्थिति समझाई गई। जनहित से जुड़े मुद्दे को सामाजिक कार्यकर्ताओं ने समझा। टीआई श्री मिश्रा ने बताया कि उन्होंने मौके पर उपस्थिति दर्ज कराने के साथ काफी गड्ढों को भराव कराएं जाने की व्यवस्था कराई है।

राजनांदगांव पुलिस ने नक्सल कमांडर को पकड़ा

- **मौके से एके47 रायफल व नक्सलियों के दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव पुलिस को बुधवार को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने मुठभेड़ में घायल नक्सल कमांडर को पकड़ लिया। उसके पास एक 47 रायफल तथा मौके से अन्या सामग्री बरामद की गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, जिले के जोब पुलिस चौकी अंतर्गत कटेमा के जंगलो में बीती रात को पुलिस नक्सली मुठभेड़ में एक नक्सली घायल हो गया था। पुलिस ने मौके की सर्चिंग के दौरान बुधवार को सुबह

उस घायल नक्सली को गिरफ्तार कर लिया। में उसे गिरफ्तार कर लिया है । उसके पास से एके-47 रायफल भी बरामद की गई है। जिस नक्सली को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उसे दरेकसा पीवीसी का प्लाटून कमांडर बताया जा रहा है। उसका नाम डेविड और उम्र 40 वर्ष बताई जा रही है। नक्सल कमांडर को इलाज हेतु राजनांदगांव जिला अस्पताल लाया गया है।

एसएसपी ने की पुष्टि

घटना की पुष्टि करते हुए एएसपी जीएन बघेल ने बताया मुठभेड़ में रात्रि में ही नक्सली घायल हुआ था। उसे यहां गंभीर अवस्था में लाया गया है। उसका इलाज चल रहा है नक्सलियों द्वारा घटनास्थल पर छोड़ी गई दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई है । घटना की जांच की जा रही है।

ढाई लाख के गांजा सहित दो तस्कर गिरफ्तार

- **कार में कर रहे थे अवैध गांजा परिवहन**
- **कोतवाली गरियाबंद की कार्यवाही**

नव प्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। क्षेत्र में हो रहे अवैध रूप से गांजा,हीरा, शराब,वन्य प्राणियों के अवैध तस्करी को रोकने के लिए गरियाबंद पुलिस कप्तान भोजराम पटेल के दिषा-निर्देष,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर तथा उप पुलिस अधीक्षक टी.आर. कंवर के पर्यवेक्षण में विषेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके परिणाम स्वरूप अवैध तस्करों पर लगातार कार्यवाही हो रही है। प्रत्येक दिन की तरह आज तड़के सुबह 5:30 बजे सिटी कोतवाली गरियाबंद के थाना प्रभारी (निरीक्षक) विकास बघेल टाउन पेट्रोलिंग पर रवाना हुए थे नगर भ्रमण कर संदिग्ध लोगों की चेकिंग कर रहे थे तभी थाना प्रभारी के विष्वस्त मुखबीर से सूचना मिला कि एक सफेद रंग की वेगन-आर कार क्रमांक सी जी04.5773 में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा को देवभोग से रायपुर की ओर

परिवहन करते जा रहे हैं।

उक्त सूचना तस्दीक हेतु पेट्रोलिंग पार्टी

पुलिस अधीक्षक गरियाबंद की विशेष टीम एवं गवाहों के साथ नाकाबंदी करने देवभोग रोड की ओर रवाना हुए थे कि फारेस्ट बैरीयर गरियाबंद के पास पहूँचने पर मुखबीर के बताये हुलिये वाली कार को आते देख रोक कर कार में बैठे दो लोगों से पुछताछ किया गया जिनसे संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर गवाहों के समक्ष एनडीपीएस एक्ट के निहित समस्त प्रावधानों का पालन करते हुए पंचनामा तैयार कर कार तलाशी कार्यवाही किया गया। कार के डिक्की में एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी से बने थैला के अन्दर एक खाखी रंग के टेप से बंधे पैकेट में मादक पदार्थ गांजा मिला जिस पर थाना सिटी कोतवाली गरियबांद में अपराध क्रमांक 129/2020 धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट कायम कर आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। गिरफ्तार आरोपी में षिरीष गौतम भृगु पिता हेमंत भृगु उम्र 32 साल पटपरपारा भाठापारा जिला बलौदाबजार एवं दिनेष पुरैना पिता जंतराम पुरैना उम्र 45 साल मातादेवालय वार्ड नं.28 भाठापारा जिला बलौदाबजार निवासी से तकरीबन 2.50 लाख रूपये की गांजा जप्त किया गया ।

कार्रवाई में इनकी रही अहम भूमिका

उक्त कार्यवाही में सिटी कोतवाली गरियाबंद थाना प्रभारी निरीक्षक विकास बघेल, सउनि जी.आर.साहू, प्र.आर. अंगदराव वाघ,आरक्षक चुड़ामणी देवता,दिप्तनाथ प्रधान, सुशील पाठक, जयप्रकाश मिश्रा, लेखन पटेल, वेदराम नागेष,विकास कश्यप,रविषंकर सोनवानी की सराहनीय भूमिका रही।